खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें ➤ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 04 अक्टूबर 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 325 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ जातिगत जनगणना से...
■ मायावती ने शुरू किया... 04

■ अमेरिका समेत पश्चिमी देशों का निकल ...
■ राष्ट्रपति पद की अगली बहस के लिए... 09

■ नये सोयाबीन की आवक का दबाव बनने...
■ त्यौहारी सीजन में बढ़ती मांग के बीच कारों... 11

■ तीरंदाजी में ज्योति, अभिषेक..
■ स्केटिंग में भारतीय महिला.. 10

## सार संक्षेप

### दुश्मन की प्रौद्योगिकी का मुकाबला करने को तैयार भारतः वायु सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** वायु सेना प्रमुख वी आर चौधरी ने आज कहा कि पाकिस्तान और चीन के बीच सैन्य गठजोड़ का भारत को अच्छी तरह से पता है और वह प्रौद्योगिकी का मुकाबला प्रौद्योगिकी से तथा ताकत का मुकाबला प्रशिक्षण और रण कौशल के बल पर मजबूती से करने को पूरी तरह तैयार है। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने 91 वें वायु सेना स्थापना दिवस 8 अक्टूबर से पहले मंगलवार को यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि हमारे क्षेत्र में अस्थिर तथा अनिश्चित भू राजनैतिक स्थिति को देखते हुए मजबूत तथा विश्वसनीय सेना समय की जरूरत है।

### नायडू को राहत नहीं, नौ अक्टूबर को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश में कौशल विकास केंद्रों की स्थापना में कथित घोटाले से संबंधित एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को तत्काल राहत देने की उनकी गुहार ठुकराते हुए मंगलवार को कहा वह इस मामले से उच्च न्यायालय में पेश दस्तावेज प्राप्त राज्य सरकार से होने के बाद नौ अक्टूबर को इस पर विचार करेगा। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने श्री नायडू की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं– वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे, ए एम सिंघवी और सिद्धार्थ लूथरा और आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और रंजीत कुमार की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह इस मामले में सोमवार को विचार करेगी।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** मोदी कह रहे हैं कि केसीआर एनडीए में शामिल होना चाहते थे।

**चुहिया- हां प्रिये-** तो तुम्हें इतना आश्चर्य क्यों हो रहा है। यह सब तो अब राजनीति में आम बात हो गई है।





# पारुल और अन्नू रानी ने जीता सोना

**हांगझोउ।** पारुल चौधरी के बाद अन्नू रानी ने भी इतिहास रच दिया है। एशियाड की महिलाओं की भाला–फेंक स्पर्धा में अन्नू ने स्वर्ण जीता है। अपने चौथे प्रयास में सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 62.92 मीटर भाला फेंका। वहीं भारत की पारुल चौधरी ने महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण जीता है। यह एशियाई खेलों में महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में भारत का पहला स्वर्ण है। इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ है।

**( विस्तृत समाचार खेल पृष्ठ पर )**

# आजीविका मिशन की बहने अब अबला नहीं सबला- शिवराज

- महिला स्व-सहायता समूह सम्मेलन को किया संबोधित
- अपनी बहनों और बेटियों का भला करने धरती पर आया



राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की बहनों को 1400 स्कूटी और ऋण वितरित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आजीविका मिशन की बहने अब अबला नहीं सबला हो गई है। पहले स्त्री का काम घर में रोटी बनाना, अभाव में जीना और तकलीफ को दिल में दबा लेना होता था। लेकिन अब दिन बदल गए हैं। आजीविका मिशन की बहने कई जगह पुरुषों से बेहतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान जंबूरी मैदान में महिला स्व–सहायता समूह सम्मेलन और राज्य स्तरीय 1400 स्कूटी एवं ऋण वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वह धरती पर अपनी बहनों और बेटियों का भला करने के लिए आए हैं। अब बहने गरीब नहीं रहेंगी, आंसू नहीं बहाएंगी। अपनी तकदीर अपने हाथों से लिखेंगी। अमीर बनेगी, पैसा कमाएंगी और इज्जत–सम्मान की जिंदगी जीयेंगी। बहनों का साथ शिवराज भैया कभी नहीं छोड़ेंगे। जब तक जीयूंगा अपनी बहनों से जुड़ा रहूंगा। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# दिल्ली में न्यूजक्लिक का दफ्तर सील

## पत्रकारों से घंटों की गई पूछताछ, 30 से ज्यादा स्थानों पर रेड की गई

- दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने की पूछताछ
- उर्मिलेश, औनिंद्यो, अभिसार, परंजय गुहा शामिल



**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल के अधिकारियों ने यहां के 'न्यूजक्लिक' कार्यालय को सील कर दिया और पत्रकार उर्मिलेश, औनिंद्यो चक्रवर्ती, अभिसार शर्मा, परंजय गुहा ठाकुरता समेत इतिहासकार सोहेल हाशमी से घंटों तक पूछताछ की, लेकिन शाम को उन्हें रिहा कर दिया।

सूत्रों के अनुसार, लोधी कॉलोनी में स्पेशल सेल पुलिस स्टेशन में पूछताछ के दौरान पुलिस ने उन्हें 25 सवालों की सूची सौंपी, जिसमें विभिन्न विषय, जैसे उनकी अंतर्राष्ट्रीय यात्राएं, दिल्ली के शाहीनबाग में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन व किसान आंदोलन में भागीदारी वगैरह शामिल थे।

मुख्य रूप से दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र पर केंद्रित तलाशी के दौरान फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। एक अन्य घटनाक्रम में, संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ को फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में पोर्टल के दक्षिणी दिल्ली कार्यालय में लाया गया। सूत्र बताते हैं कि न्यूजक्लिक से जुड़े विभिन्न स्थानों पर तलाशी 17 अगस्त को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए (शत्रुता को बढ़ावा देना) और धारा 120बी (आपराधिक साजिश) सहित अन्य धाराओं के तहत दर्ज एक मामले के आधार पर की गई। एक सूत्र ने बताया कि एफआईआर में यूएपीए की धारा 16 (आतंकवादी अधिनियम), धारा 17 (आतंकवादी कृत्यों के लिए धन जुटाना), धारा 18 (साजिश) और धारा 22 सी (कंपनियों द्वारा अपराध) लागू की गई है। 30 से ज्यादा स्थानों पर यह रेड की गई। इनमें से कई पत्रकारों ने ट्वीट कर बताया है कि पुलिस ने उनके घरों में रेड डाली है और उनके मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त कर लिए हैं। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### न्यूजक्लिक पर क्या है आरोप

न्यूजक्लिक पर चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिए धन लेने का आरोप लगाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। यह वेबसाइट भारत में चीन समर्थक प्रचार के लिए अमेरिकी करोड़पति नेविले रॉय सिंघम से कथित तौर पर धन प्राप्त करने को लेकर हाल में सुर्खियों में आई थी।

### प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने जताई चिंता

प्रेस क्लब ऑफ इंडिया (पीसीआई) ने एक्स के जरिए कहा कि वह न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकारों एवं लेखकों के घरों पर छापेमारी को लेकर बहुत चिंतित है। उसने कहा, ''प्रेस क्लब ऑफ इंडिया न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकारों और लेखकों के घरों पर की गई छापेमारी से बेहद चिंतित हैद्ध हम घटनाक्रम पर नजर रखे हुए हैं।

# दिल्ली-एनसीआर लगे में 4.6 तीव्रता के भूकंप के झटके, नेपाल था केंद्र

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली-एनसीआर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान समेत मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में मंगलवार दोपहर 2.53 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.6 रही। इसका केंद्र नेपाल के बझांग जिले में था। बताया जा रहा है कि नेपाल में दो बार भूकंप आया। पहला 2.25 बजे, जिसकी तीव्रता 4.6 थी। दूसरा झटका 2.53 बजे आया जिसकी तीव्रता 6.2 रहीं। उत्तर प्रदेश में भी झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता 5.5 मापी गई। यूपी के लखनऊ, कानपुर, आगरा, नोएडा, मेरठ, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अयोध्या, अलीगढ़, हापुड़, अमरोहा में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में भी झटके आए। राजस्थान के जयपुर, अलवर में करीब 6 से 7 सेकेंड में तीन-चार झटके महसूस किए गए। हरियाणा में मंगलवार को एक दिन में दूसरी बार भूकंप आया।

## भारत ने कनाडा को दिया बड़ा झटका

# 40 राजनयिकों को वापस बुलाने को कहा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कनाडा और भारत के बीच खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कड़वाहट बढ़ती जा रही है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद से भारत भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में अब भारत ने कनाडा से कहा है कि वह अपने 40 राजनयिकों को 10 अक्टूबर तक भारत से वापस बुला ले। साथ ही चेतावनी दी कि अगर तय समय में उन्हें वापस नहीं बुलाया गया तो उनकी राजनयिक छूट खत्म कर दी जाएगी।

प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा आतंकी निज्जर की हत्या में भारत का नाम लेने और एक भारतीय अधिकारी को वापस भेजे जाने के बाद अब भारत ने कनाडा के खिलाफ अपना रुख कड़ा कर लिया है। भारत ने साफ कर दिया हैकि कनाडा अपने 40 राजनयिकों को वापस बुलाए और उतने ही राजनयिक भारत में तैनात करें, जितने उसके यहां भारत के राजनयिक मौजूद हैं। फिलहाल इस रिपोर्ट के बाद अभी तक दोनों देशो की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। उल्लेखनीय हैकि कनाडा ने अपने उच्चायोग में 62 राजनयिक तैनात कर रखे हैं और उसका कहना है कि 13 लाख की तादात में कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को देखते हुए यह जरूरी है। इससे उन्हें काउंसलर सुविधा मिलने में आसानी होती है। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर



### निज्जर के मामले में दोनों में कड़वाहट बढ़ी

# एनडीए में शामिल होना चाहते थे केसीआरः मोदी

## हैदराबाद नगर निगम चुनाव के बाद की थी मुलाकात

**निजामाबाद ( तेलंगाना ), ( एजेंसियां )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दावा किया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने उनसे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल करने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया। एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीआरएस प्रमुख ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) चुनाव के बाद उनसे मुलाकात की थी। बीआरएस नगर निकाय में बहुमत हासिल करने में विफल रही थी जबकि भाजपा ने 48 सीटें जीती थीं। मोदी ने कहा कि उन्होंने केसीआर से कहा कि बीआरएस को एनडीए में शामिल करने के बजाय भाजपा विपक्ष में बैठना पसंद करेगी। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि केसीआर ने उनसे दोबारा मुलाकात कर कहा था कि वह सत्ता की बागडोर अपने बेटे केटीआर को सौंपना चाहते हैं।



**केटीआर को आशीर्वाद देने का अनुरोध किया था**–मोदी ने दावा किया, उन्होंने मुझसे केटीआर को आशीर्वाद देने का अनुरोध किया। मैंने उनसे पूछा कि क्या आप राजा महाराजा हैं? यह लोकतंत्र है और लोग तय करेंगे कि किसका शासन होना चाहिए। आखिरी बार वो मुझसे मिले थे। प्रधानमंत्री ने बताया कि केसीआर ने तेलंगाना दौरे पर उनका स्वागत करना क्यों बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री में उनसे आंख मिलाने की हिम्मत नहीं है। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### उप्र सरकार जल्द शुरू कराए जातीय जनगणना : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को बिहार सरकार द्वारा कराए गए जातीय जनगणना के मामले में अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार को अब अपनी नीयत व नीति में जन भावना व जन अपेक्षा के अनुसार सुधार कर जातीय जनगणना अविलम्ब शुरू करा देना चाहिए। बसपा मुखिया मायावती ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि बिहार सरकार द्वारा कराए गए जातीय जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक होने की खबरें आज काफी सुर्खियों में हैं तथा उस पर गहन चर्चाएं जारी हैं। कुछ पार्टियाँ इससे असहज ज़रूर हैं किन्तु बीएसपी के लिए ओबीसी के संवैधानिक हक के लम्बे संघर्ष की यह पहली सीढ़ी है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com



## सम्मान | नोबेल पुरस्कार 2023 का एलान

# भौतिकी में इस साल तीन लोगों को दिया गया सम्मान

**वाशिंगटन।** चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के साथ ही सोमवार से नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरुआत हुई। अब बुधवार को रसायन विज्ञान और गुरुवार को साहित्य के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता के नाम की घोषणा होगी। इसके अलावा नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में इस पुरस्कार के विजेता की घोषणा नौ अक्टूबर को की जाएगी।

भौतिकी के नोबेल पुरस्कार का ऐलान कर दिया गया है। इस श्रेणी के लिए 2023 का नोबेल प्राइज संयुक्त रूप से पियरे ऑगस्टिनी, फेरेंस क्राउसज और एनी एल%हुलियर को दिया गया। इलेक्ट्रॉन्स पर अध्ययन के लिए यह सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उन प्रायोगिक तरीकों के लिए दिया गया, जिसमें पदार्थ में इलेक्ट्रॉन की गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न किए गए। एनी हुलियर फिजिक्स के इस क्षेत्र में नोबेल जीतने वाली पांचवीं महिला बनी हैं। पिछले साल भौतिकी का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से अलेन अस्पेक्ट, जॉन एफ क्लाउसर और एंटन जिलिंगर को दिया गया था। अलेन अस्पेक्ट फ्रांस के भौतिक विज्ञानी हैं, जबकि जॉन एफ क्लाउसर अमेरिका और एंटन जिलिंगर ऑस्ट्रिया के वैज्ञानिक हैं। इन वैज्ञानिको के प्रयोगों ने क्वांटम सूचना के आधार पर नई तकनीक का रास्ता साफ किया था।



**इन वैज्ञानिकों को मिला था 2021 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार**–पिछले साल स्यूकुरो मानेबे, क्लॉस होसेलमैन और जियोर्जियो पेरिसी को भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें यह पुरस्कार जटिल भौतिक प्रणालियों को लेकर हमारी समझ में विकसित करने के लिए दिया गया था। स्यूकुरो मानेबे और क्लॉस होसेलमैन ने यह पुरस्कार धरती की जलवायु की भौतिक मॉडलिंग और ग्लोबल वार्मिंग की भविष्यवाणी को मजबूत करने के लिए जीता था। वहीं पेरिसी को परमाणु से ग्रहों के पैमाने तक भौतिक प्रणालियों में उतार–चढ़ाव की क्रिया के खोज के लिए नोबेल से सम्मानित किया गया था।

**अब तक भौतिकी में 116 नोबेल पुरस्कार दिए गए**– वर्ष 1901 से अब तक भौतिकी में 116 नोबेल पुरस्कार दिए गए हैं इनमें चार महिलाएं शामिल हैं। वर्ष 1903 में मैरी क्यूरी, 1963 में मारिया गोपेर्ट मेयर, 2018 में डोना स्ट्रिकलैंड और 2020 में आंद्रिया घेज को नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## राहुल गांधी दूसरे दिन भी गोल्डन टेंपल में दिखे, सब्जियां काटीं और झूठे बर्तन धोए

**अमृतसर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सोमवार को पंजाब के अमृतसर पहुंचे। यहां वह सबसे गोल्डन टेंपल में माथा टेका, फिर गुरुद्वारे के लंगर में सेवा की। इस दौरान उन्होंने लंगर घर में सेवा करते हुए बाकी लोगों के झूठे बर्तन धोए। सोमवार राहुल गांधी ने गुरुद्वारे के लंगर में देर रात 12 बजे तक सेवा की। इतना ही नहीं मंगलवार 3 अक्टूबर की सुबह फिर से राहुल गांधी गोल्डन टेंपल पहुंच गए। जहां उन्होंने आज भी गुरुद्वारे के लंगर में सेवा की। राहुल गांधी मंगलवार को गोल्डन टेंपल में माथा टेकने के तुरंत बाद ही लंगर घर में सेवा के काम जुट गए। यहां उन्होंने सबसे पहले महिलाओं के साथ लहसुन छिलवाए और प्रसाद के लिए सब्जी काटी। इसके बाद राहुल गांधी परिक्रमा में छबील पर बैठकर लोगों को पानी पिलाने की सेवा की।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा बिहार जाति जनगणना मामला

## 6 अक्टूबर को होगी सर्वोच्च अदालत में सुनवाई, रिपोर्ट को सार्वजनिक करने पर जताई गई आपत्ति

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले गांधी जयंती के दिन बिहार सरकार ने जाति जनगणना के आंकड़े जारी कर दिए। इसके बाद राजनीति भी तेज हो गई है। राजद-जदयू की सरकार इसे मास्टरस्ट्रोक बता रही है वहीं भाजपा का कहना है कि यह आधी-अधूरी रिपोर्ट है। राजनीतिक सरगर्मी के बीच जाति जनगणना वाला मामला अब सप्रीम कोर्ट पहुंच गया है।

दो गैर-सरकारी संगठन यूथ फॉर इक्वैलिटी और सोच एक प्रयास ने इस बाबत सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। देश की सर्वोच्च अदालत इसपर 6 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। उससे पहले अदालत ने कोई बयान नहीं दिया है। असल में बिहार सरकार ने जाति जनगणना की रिपोर्ट न जारी करने का आश्वासन दिया था। दोनों एनजीओ यूथ फॉर इक्वैलिटी और सोच एक प्रयास ने इन आंकड़ों को जारी न करने के लिए कोर्ट से गुहार लगाई थी।

तब हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इसपर कोई भी आदेश नहीं दिया था। अब चूंकि रिपोर्ट पब्लिक कर दी गई है ऐसे में एक बार फिर यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है।

**पटना हाईकोर्ट में भी उठा था मामला**-पटना हाईकोर्ट ने बिहार में जाति आधारित जनगणना की इजाजत दे दी थी। इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट में अब इस मामले की सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच करेगी।

दायर याचिका में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट में इस बाबत मामला लंबित होने के बावजूद रिपोर्ट पब्लिक क्यों की गई? अब इसपर 6 अक्टूबर को सुनवाई होगी लेकिन उससे पहले कोर्ट ने कोई बयान नहीं दिया है।

**जाति जनगणना की रिपोर्ट में क्या बताया गया**-गांधी जयंती के अवसर पर बिहार सरकार की ओर से जारी जाति आधारित जनगणना के अनुसार, प्रदेश में 13 करोड़ की आबादी है। इसमें 36 फीसदी अत्यंत पिछड़ा वर्ग, 27 फीसदी पिछड़ा वर्ग, 19.7 फीसदी अनुसूचित जाति और 1.7 फीसदी अनुसूचित जनजाति हैं। जनरल कैटगरी की जनसंख्या 15.5 फीसदी है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि यादव ओबीसी समूह बिहार की कुल आबादी का 14.27 फीसदी है। यह बिहार का सबसे बड़ा जनसंख्या समूह है।

### नीतीश की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक, विपक्षी दलों ने गिनाई खामियां

जातीय गणना के आंकड़े जारी होने के बाद मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इस बैठक में नौ दलों को बुलाया गया था। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सीएम सचिवालय में बैठक हुई। बैठक में जाति आधारित गणना के आंकड़ों पर चर्चा हुई है, वहीं, बीजेपी के नेता और 'हम' संयोजक जीतन राम मांझी ने मौजूदा जाति आधारित गणना में कई खामियों को सरकार के सामने रखा, जिस पर मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते हुए सम्बंधित अधिकारी को उसे दूर करने की बात कही। बैठक में सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़े नहीं रखे गए, जिसका भाजपा ने विरोध किया है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़ों को विधानसभा में सत्र के दौरान रखा जाएगा। भाजपा की तरफ से नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा और हरि सहनी शामिल हुए. वहीं, महागठबंधन की तरफ से छह और एनडीए की तरफ से दो, एक एआईएमआईएम के नेता बैठक में शामिल हुए।

# बांग्लादेश में डेंगू का कहर, 1000 से ज्यादा मौत

**ढाका।** भारत के पड़ोसी बांग्लादेश में भी डेंगू का प्रकोप जारी है। अब तक के आधिकारिक डाटा के मुताबिक करीब 1000 से ज्यादा लोगों की मौतें हो चुकी हैं। पिछले साल के मुकाबले यह मौतें करीब चार गुना ज्यादा हैं। हालात यह हैं कि बांग्लादेश के ज्यादातर शहरों और ग्रामीण इलाकों में डेंगू पैर पसार चुका है और बुखार से लोगों की मौतें तक हो रही हैं।

**2023 में बांग्लादेश में डेंगू से मौतें**-बांग्लादेश का ऑफिशियल डाटा बताता है कि साल 2023 के पहले 9 महीनों में बांग्लादेश में डेंगू से 1017 लोगों की मौतें हो चुकी हैं। डेंगू से प्रभावित लोगों का आंकड़ा 2 लाख से भी ज्यादा है। यह अब तक की सबसे खराब स्थिति है। बांग्लादेश में डेंगू से संक्रमण की शुरुआत साल 2000 से शुरू हुई। जिन लोगों की मौतें हुई हैं, उनमें 112 बच्चे जिनकी उम्र 15 साल से कम है, शामिल हैं। कई नवजात बच्चों की मौत डेंगू की वजह से हुई है।



### हॉस्पिटल्स में नहीं बची जगह

**बांग्लादेश के हॉस्पिटल में जगह नहीं**-बांग्लादेश में डेंगू का कहर इस कदर फैला है कि हॉस्पिटल में जगह कम पड़ रही है। इस दक्षिण एशियाई देश की घनी आबादी में डेंगू और भी जानलेवा साबित हो रहा है। कुछ खास इलाकों में डेंगू फैला है और लोगों को तेज बुखार की समस्या हो रही है। डेंगू की वजह से तेज सिरदर्द, जुकाम, उल्टी होना, मसल पेन जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं।

**डब्ल्यूएचओ ने जारी की चेतावनी**-विश्व स्वास्थ्य संगठन ने डेंगू के साथ ही मच्छरों से होने वाली दूसरी बीमारियों जैसे चिकनगुनिया, येलो फीवर, जीका की चेतावनी जारी की है। यह बीमारियां डेंगू से भी ज्यादा तेजी से फैल सकती हैं। डब्ल्यूएचओ का मानना है कि मौसम में होने वाले बदलाव की वजह से यह समस्याएं आ रही हैं। यह भी कहा गया है कि डेंगू से बचने के लिए कोई वैक्सीन भी नहीं है।

# बैंकॉक के लग्जरी मॉल में 14 साल के लड़के ने की अंधाधुंध फायरिंग, 4 लोगों की मौत, कई घायल



**बैंकाक।** थाईलैंड के बैंकॉक स्थित एक बड़े मॉल में मंगलवार को गोलीबारी की घटना से सनसनी फैल गई। इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई है। उधर सुरक्षा कर्मियों ने गोलीबारी के आरोप में 14 साल के लड़के को गिरफ्तार किया है। थाईलैंड के प्रधानमंत्री ने घटना पर दुख जताते हुए जांच के आदेश दिए हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सोशल मीडिया पर दो तस्वीरें साझा की गई हैं। इन तस्वीरों में पुलिस कर्मियों ने एक युवा को फर्श पर लिटा रखा है। उसके हाथ पीछे की ओर मोड़ कर हथकड़ी लगाई जा रही है। उधर घटना के बाद बैंकॉक की जांच एजेंसियां छानबीन में जुट गई हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि बैंकॉक के मेट्रोपॉलिटन पुलिस डिटेक्टिव डिपार्टमेंट ने फेसबुक पर सियाम पैरागॉन मॉल में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर सूचना शेयर की है। इससे पहले वहां की केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अपने फेसबुक पेज पर एक व्यक्ति की धुंधली तस्वीर पोस्ट की थी, जो खाकी कार्गो पैंट और बेसबॉल टोपी पहने हुए था।

सोशल मीडिया पर असत्यापित वीडियो में अराजकता के दृश्य दिखाई दे रहे हैं। बच्चों समेत लोग मॉल के दरवाजे से बाहर भाग रहे हैं। सुरक्षा गार्डों उन्हें परिसर से बाहर जाने में मदद कर रहे हैं। घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने कहा कि मुझे सियाम पैरागॉन में गोलीबारी की घटना की जानकारी है। मैंने पुलिस को जांच के आदेश दिए हैं। सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर सबसे अधिक चिंतित हूं।

# प्रथम पृष्ठ का शेष

## दिल्ली में न्यूज क्लिक....

**जाति जनगणना ने उड़ा दी मोदी की नींद : कांग्रेस**- कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि बिहार में जाति जनगणना के आंकड़े सामने आने के बाद अब देश में यह मांग जोर पकड़ने लगी है और इस चौंकाने वाले आंकड़े ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नींद उड़ा दी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, कल जब से बिहार के जाति जनगणना के चौंका देने वाले आंकड़े सामने आए हैं, पूरे देश में जाति जनगणना की माँग ज़ोर पकड़ रही है। मोदी साहिब की नींद उड़ी हुई है। जब पाठ्यक्रम के बाहर का कोई सवाल खड़ा हो जाता है तो मोदी जी के पाठ्यक्रम का एक देखा भाला अस्त्र बाहर ले आया जाता है - मुद्दे से लोगों का ध्यान बंटाने का अस्त्र।' उन्होंने कहा आज सुबह से न्यूजक्लिक के योगदानकर्ता पत्रकारों के खिलाफ हो रही कार्रवाई इसी पाठ्यक्रम का हिस्सा है।

## आजीविका मिशन.....

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पर्यावरण मित्र के रूप में कार्य करने के लिए महिला संकुल स्तरीय संगठनों की बहनों को 1400 स्कूटीयों का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने आशीष स्वरूप बहनों को अपने हाथों से हेलमेट पहनाया और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महिला स्व सहायता समूह की हितग्राहियों को ऋण राशि का बैंक चेक वितरित किया। भोपाल के कंचन स्व सहायता समूह की बहनों को 20 लाख रुपए और रायसेन की मां लक्ष्मी आजीविका स्व-सहायता समूह की बहनों को 10 लाख रुपए का चेक प्रदान किया।

**बेटी को बोझ नहीं वरदान बनाएंगे**-मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बेटी के जन्म पर सभी खुशियां मनाएं इसलिए लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की। योजना में तय किया कि बेटी अगर पैदा होगी तो लखपति पैदा होगी। यह निश्चय किया कि बेटियों को बोझ नहीं वरदान बनाएंगे। बेटी पैदा हुई तो लाडली लक्ष्मी, स्कूल जाए तो किताबें निशुल्क, दूसरे गांव जाए तो साइकिल। इस तरह पढ़ाई की पूरी व्यवस्था और बड़ी होने पर शादी के जिम्मेदारी भी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में उठाई जा रही है। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को बताते हुए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा प्रदेश की बहनों को निकाय चुनाव और शिक्षक भर्ती में 50त्न, पुलिस भर्ती में 30त्न और अन्य भर्तियों में 35त्न आरक्षण दिया जा रहा है। जमीन या मकान की रजिस्ट्री घर की महिला के नाम पर करने पर पंजीयन शुल्क में छूट दी जा रही है। लाड़ली बहना योजना से घर में इज्जत बढ़ी है। महिला स्वयं सहायता समूह की बहनों ने हर क्षेत्र में अपनी समर्थकता को सिद्ध किया है। जिस तरह टोल टैक्स वसूलने का कार्य स्व सहायता समूह की बहनों को दिया गया है इसी तरह आगामी समय भी अन्य कार्य भी स्व सहायता समूह की बहनों को दिए जाएंगे।

## भारत ने कनाडा को.....

लेकिन 40 राजनयिकों के वापस जाने पर यह संख्या 22 हो जाएगी ।इससे पहले भारत ने ट्रूडो के आरोपों के चलते कनाडा के लोगों के लिए वीजा पर रोक लगा दिया था। भारत की इस कार्रवाई के बाद अब दोनों देशों के रिश्ते और भी खराब हो सकते हैं। वहीं भारत की लगातार मांग के बावजूद आतंकी निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने का अभी तक कनाडा कोई सबूत नहीं दे सका है। इससे पहले ट्रूडों ने दावा किया थाकि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसी का हाथ है। हाल ही अमेरिका गए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर कनाडा के इन आरोपों को सिरे से नकार चुके हैं।

## एनडीए में शामिल.....

मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि बीआरएस ने कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस पार्टी की मदद की और अब कांग्रेस वोटों का बंटवारा कर तेलंगाना में बदला चुका रही है। मोदी ने बीआरएस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उसने तेलंगाना के विकास के लिए केंद्र द्वारा भेजी गई धनराशि को 'लूट' लिया। उन्होंने कहा कि हजारों परिवारों ने तेलंगाना के लिए बलिदान दिया, लेकिन केवल एक परिवार ने सब कुछ हड़प लिया। पीएम ने कहा, वे आपके वोटों का इस्तेमाल केवल अमीर बनने के लिए करते हैं। उन्होंने केवल पारिवारिक शासन और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। मोदी ने लोगों से कांग्रेस से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि उसने वोटों के बंटवारे का ठेका ले रखा है। पूरे देश ने कांग्रेस को खारिज कर दिया है। आप जानते हैं, जब कांग्रेस एक राज्य में सत्ता खो देती है तो पार्टी के लिए वापस आना मुश्किल हो जाता है।

## नोबेल पुरस्कार 2023.....

नोबेल पुरस्कार डायनामाइट के आविष्कारक और व्यवसायी अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के तहत स्थापित पुरस्कार है। यह पुरस्कार विज्ञान, साहित्य और शांति लाने के लिए हासिल की गई उपलब्धियों के लिए 1901 से निरंतर प्रदान किए जा रहे हैं। यह दुनिया भर में वैज्ञानिकों के लिए सर्वोच्च सम्मान है।

# शरद पवार का बड़ा बयान- भाजपा से कभी नहीं मिलाएंगे हाथ, इंडिया का देंगे साथ

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए साफ-साफ कह दिया है कि शरद पवार राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लॉक और महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी गठबंधन के साथ बने रहेंगे। वह किसी भी हाल में भाजपा से हाथ नहीं मिलाने वाले। 2 दिन पहले महाराष्ट्र के अमरावती से निर्दलीय विधायक रवि राणा ने दावा किया था कि एनसीपी प्रमुख शरद पवार अगले 15 से 20 दिन में भाजपा से हाथ मिला सकते हैं।

# निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**In The Court of District and Session Judge, District Court, Jabalpur**
presiding Officer:
**श्री आलोक अवस्थी**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**
**(MCA /0000161/2022)**
रामबाई अहिरवार........वादी
Vs
शासन...... ....प्रतिवादी
**Process Id**- 2023
पेशी दि.:-18/10/2023

प्रेषिती-
**( 1 ) मन्नेवार जनजाति गृह निर्माण कोपरेटिव समिति पता- द्वारा एम.बी. देव केयार ऑफ जगदीश सिंह राजपूत हाउस नं. 148 छोटी ओमती जबलपुर म.प्र. वर्तमान पता हमाशा अपार्टमेंट साउथ सिविल लाईन जबलपुर म.प्र.**

यह कि प्रार्थी राम बाई अहिरवार ने आपके विरूद्ध आपके विरूद्ध एम.सी.ए. वविध अपील के अन्तर्गत आदेश 43 नियम 1 एफ सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 21 सितंबर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

**टिप्पणी - प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ विविध अपील के अन्तर्गत आदेश 43 नियम 1 एफ सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 की छायाप्रति संलग्न।**
**कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।**

**(आलोक अवस्थी)**
**प्रधान जिला न्यायाधीश**
**जिला-जबलपुर(म.प्र.)**
र.नं.-1319

---

In The Court of XXII, Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur
presiding Officer:
**किशन देव सिंह पटेल**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**
**(RCSA/ 0000608/2022)**
नासिम खान............वादी
Vs
प्रताप पटेल.... .....प्रतिवादी
**Process Id**- /2023
पेशी दि.:-26/10/2023

प्रेषिती-(1) लालजी भाई पटेल पिता गोपाल भाई पटेल पता- पटेल शॉ मिल मदन महल जबलपुर म.प्र.।
(2) केशलवलाल पटेल पिता श्री जेठा भाई पटेल पता- गोपाल कृष्ण शॉ मिल गंगासागर जबलपुर म.प्र.।
(3) तेजलाल पटेल पिता लखमसी पटेल पता- पटेल शॉ मिल मदन महन स्टेशन रोड जबलपुर म.प्र.।
(4) भोगीलाल पटेल पिता श्री नागजी भाई पटेल पता- अंबाजी ट्रेडर्स गंगासागर जबलपुर म.प्र.।
(5) भवान भाई पटेल पिता श्री रामजी भाई पटेल पता- भगवान शॉ मिल मदन महल जबलपुर म.प्र.।

यह कि प्रार्थी नासिम खान ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए दावा वास्ते घोषणा हेतु कीमती रुपए 12000 रुपये एवं दावा वास्ते स्थाई निशेधाज्ञा हेतु कीमती रुपये 500 रुपये कुल मूल्यांकन 12500 रुपये के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 22 सितंबर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते घोषणा हेतु कीमती 12000 रुपये एवं दावा वास्ते स्थायी निषेधाज्ञा हेतु कीमती रुपये 500 रुपये कुल मुल्यांकन रुपये 12500 रुपये की छायाप्रति संलग्न।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(किशन देव सिंह पटेल)**
**बाईसवें व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड,**
**जबलपुर (म.प्र.)**
र.नं. 1322

---

## नोटिस

**प्रो.क्र.-997/23**
**जबलपुर दिनांक 25/09/23**
**पेशी दिनांक 25/09/23**
**एमपीसी प्र.क्र.-985/19**
**श्रीमति किरण अहिरवार .......अवेदिका**
**बनाम**
**सुखलाल अहिरवार पिता शंकर लाल निवासी/01180 आई.टी.आई. नई बस्ती, हनुमान मंदिर के आगे दीनदयाल उपाध्याय वार्ड जबलपुर।... अनावेदक**

आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आपके विरूद्ध श्रीमती किरण अहिरवार ने आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 125 द.प्र.शा के तहत आवेदन पत्र पेश किया है। जिसकरी सुनवाई दिनांक 28/11/23 को नियत है। सुनवाई दिनांक 28/11/23 को आप स्वयं इस न्यायालय में ठीक 11.00 बजे दिन में उपस्थित होकर अपना जवाबदाता प्रस्तुत करें व दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करें। अनुस्थित रहने पर प्रकरण में सुनवाई की जाकर अग्रिम कार्यवाही की एक पक्षीय आदेश पारित किया जावेगी। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक पर अवकाश घोषित हो जाता है तो ठीक अगले कार्य दिवस पर प्रकरण में कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 25.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**(विजय सिंह कावछा)**
**तृतीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय जबलपुर**
र.नं. 1317

---

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं रोहित डेनियल पिता गोविंद डेनियल सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे विद्यालयीन शैक्षणिक अंकसूचियों जैसे कक्षा 5वीं, 7वीं, 8वीं एवं मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड में मेरा नाम रोहित डेनियल दर्ज है जबकि मेरी कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरा नाम रोहित डुमार दर्ज है जो कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के हैं। यह कि मैं अब रोहित डेनियल के नाम से जाना जाता हूं अतः भविष्य में मुझे रोहित डेनियल के नाम से जाना, पहचाना, पढ़ा-लिखा व दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम-** रोहित डुमार ROHIT DUMAR
**नया नाम** रोहित डेनियल ROHIT DENIYAL

**म.नं. 2000 सिद्धबाबा वार्ड लालमाटी कुशवाहा समाज स्कूल के पास जबलपुर म.प्र.**
**अनुराग कुमार सक्सेना अधिवक्ता**
**म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर**
**मो. नं. 9713361409**
र.नं. 1321

---

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**
रा.प्र.क्रं.क्यू/अ-6/2023-24
अधारताल दिनांक 27.09.2023

### आम इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम जबलपुर तहसील अधारताल जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक ब्रजेश कुमार पौराणिक पिता श्री राजाराम पौराणिक निवासी 1320, सरस्वती कॉलोनी, पारिजात ईमारत के पीछे, चेरीताल वार्ड, जबलपुर के द्वारा मौजा जबलपुर नं.बं. 264 प.ह.नं. 4 रा.नि.मं. जबलपुर- 1 तहसील अधारताल स्थित भूमि खसरा नंबर 90, 115, 90/1, 88, 116 से 122, 123/2 प्लाट नं. 2/75, 18 शीट नं. 2 का हिस्सा 484 वर्गफुट भूमि पंजीकृत विक्रय पत्र क्र. 2938 दिनांक 14.02.1986 के जरिये क्रय भूमि पर क्रेता श्रीमती राधाबाई पौराणिक पति स्व. श्री राजाराम पौराणिक एवं राजाराम पौराणिक आत्मज काशीप्रसाद पौराणिक की मृत्यु उपरांत वारसान हक में नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया किये जाने से प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इस्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्तक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 27.09.2023
पेशी दिनांक - 18.10.2023

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**
र.नं. 1318

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**गोरखपुर जबलपुर**
**रा.प्र.क्रं.0967/अ-6/2022-23**

### आम इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नाबा. राजेश पिनयानी उम्र 9 वर्ष वली केशवदास पिनयानी निवासी नया मोहल्ला मढ़ाताल जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 16.04.73 के माध्यम से मौजा पोलीपाथर नं.बं. 2 प.ह.नं. 28 खं.न. 1713 शीट नं.... प्लाट नं.. रकवा 1.97 हेक्टर विक्रेता सुरेन्द्र कुमार पिता केदारनाथ बतरा हरीश कुमार पिता दुल हार्डनोमल नैनानी दोनों निवासी 785 मढ़ाताल वार्ड जबलपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/बटवारा नामा/ हस्तान्तरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 11.10.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 03.10.23 को जारी।
जारी दिनांक - 03.10.2023
पेशी दिनांक - 11.10.2023

**नायब तहसीलदार**
**एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**गोरखपुर, जबलपुर**
र.नं. 1320

---

### मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण
### कार्यालय मुख्य अभियंता, रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर ( म.प्र. )

नि.आ.क्रं.45/क्यू/सा-2/2023-24/ दिनांक 29/09/2023

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग के केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्म जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्रं. | निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि ( रु. में ) | धरोहर राशि ( रु. में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1. | 45/सा./मु.अ./2023-24 दिनांक 29/09.2023 ( प्रथम आमंत्रण ) | बरगी व्यपवर्तन परियोजना की बसनिया माइनर एवं उसकी सब माइनर पर लगे हेड रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य। | 99,594.00 ( रुपये निन्यानवे हजार पांच सौ चौरानब्बे ) मात्र | 2000.00 ( रु. दो हजार ) मात्र | 1000.00 ( रु. एक हजार ) मात्र | 30 दिन ( अनुबंध की ) तिथि से ) |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders. gov. in का अवलोकन करें।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इंटरनेट एकाउंट से भुगतान के उपरांत केवल ऑनलाइन निविदा क्रय की जा सकती है।
3. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय दिनांक 16.10.2023, 17.30 बजे तक।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो यह केवल वेबसाइट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

( डी.एल. वर्मा )
मुख्य अभियंता
रानी अवंतीबाई लोधी सागर परियोजना
बरगी हिल्स, जबलपुर

जी-20673/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

---

### निविदा आमंत्रण सूचना ( ई-पद्धति ) मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास विभाग
### कार्यालय मुख्य अभियंता, अपर नर्मदा जोन, बरगी हिल्स, जबलपुर ( म.प्र. )

ज्ञाप क्रं. 595/सा-2/2023-24/ दिनांक 29/09/2023

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग के केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्म जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्रं. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाख रु. में ) | धरोहर राशि ( रु. में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रु. में ) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1. | 294/सा./मु.अ./2023 दिनांक 29/09.2023 ( प्रथम आमंत्रण ) | बरगी दांयी तट मुख्य नहर की मझौली शाखा नहर की कुसमी वितरक नहर एवं इसकी वितरण प्रणाली में शेष मिट्टी का कार्य, सी.सी. लाइनिंग एवं पक्के निर्माण कार्य। | रु. 444.87 लाख ( रु. चार सौ चौवालीस लाख सतासी हजार मात्र ) ( यू.सी.एस.आर. 01/09/2017 एवं संशोधन दिनांक 10/03/2021 पर लागू ) | रु. 445000/- ( रु. चार लाख पैंतालीस हजार मात्र ) | रु.15000/- ( रु. पन्द्रह हजार मात्र ) | 18 माह वर्षाकाल छोड़कर |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये https: //www.mptenders. gov. in का अवलोकन करें। 2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इंटरनेट एकाउंट से भुगतान के उपरांत केवल ऑनलाइन निविदा क्रय की जा सकती है। 3. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय- दिनांक 23.10.2023 सायं 17.30 बजे तक। 4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो यह केवल वेबसाईट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

( डी.एल. वर्मा )
मुख्य अभियंता
अपर नर्मदा जोन, बरगी हिल्स, जबलपुर

जी-20665/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

---

### मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण
### कार्यालय मुख्य अभियंता, रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर ( म.प्र. )

नि.आ.क्रं.40/क्यू/सा-2/2023-24/ दिनांक 22/09/2023

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग के केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्म जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्रं. | निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि ( रु. में ) | धरोहर राशि ( रु. में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1. | 40/सा./मु.अ./2023-24 दिनांक 22/09/2023 ( प्रथम आमंत्रण ) | रा.अ.बा.लो.सा.परि. के दांये एवं बांये पार्श्व गैलरी डिवाटरिंग कार्य में लगे 40 एच.पी. पम्प के पार्ट्स का सुधार कार्य। | 99,550.00 ( रुपये निन्यानवे हजार पांच सौ पचास मात्र ) | 2000.00 ( रु. दो हजार ) मात्र | 1000.00 ( रु. एक हजार ) मात्र | 30 दिन ( अनुबंध की ) तिथि से ) |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders. gov. in का अवलोकन करें।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इंटरनेट एकाउंट से भुगतान के उपरांत केवल ऑनलाइन निविदा क्रय की जा सकती है।
3. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय दिनांक 09.10.2023, 17.30 बजे तक।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो यह केवल वेबसाइट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

( डी.एल. वर्मा )
मुख्य अभियंता
रानी अवंतीबाई लोधी सागर परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर

जी-20667/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- jabdesh1@yahoo.com

# देश-प्रदेश

**उवाच**

## मेट्रो के ट्रायल रन पर उठाए सवाल, कांग्रेस प्रवक्ता ने पूछा क्यों हुई देरी



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने भोपाल में मेट्रो के ट्रायल रन पर सवाल उठाते हुए पूछा कि आखिर देरी क्यों हुई है। इसे कांग्रेस की परियोजना बताते हुए यह कहा गया कि अब सवाल यह है कि जिस प्रदेश को तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सितंबर 2019 में ही भोपाल के लिए भोज मेट्रो और इंदौर के लिए इंदौर मेट्रो का तोहफा दिया था और दिसंबर 2022 में भोपाल में मेट्रो ट्रेन और अगस्त 2023 में इंदौर में मेट्रो ट्रेन का उद्घाटन होना था, लेकिन अब तक यह योजना पूरी न होने के लिए भाजपा सरकार को माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत ने पत्रकार वार्ता में सवाल किया कि आखिर कमलनाथ द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं में साल की लम्बी देरी के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नहीं तो आखिर कौन जिम्मेदार है।

### मुख्यमंत्री ने स्टेट मीडिया सेंटर का किया शिलान्यास, पत्रकारों के हित में की घोषणाएं

# महिला पत्रकारों को मिलेगी फैलोशिप



- 70 वर्ष से अधिक आयु के पत्रकारों को स्थायी अधिमान्यता कार्ड मिलेगा
- लघु समाचार पत्रों को मिलेगा हर 2 माह में विज्ञापन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर का शिलान्यास किया, इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों के हित में घोषणाएं कि महिला कल्याण के लिए अध्ययन के लिए 5 महिलाओं को फैलोशिप दी जाएगी। प्रदेश के 70 साल से अधिक की आयु वाले वरिष्ठ पत्रकारों को स्थायी अधिमान्यता कार्ड दिया जायेगा। लघु समाचार पत्रों को 1 माह के अंतराल में हर छोटे समाचार-पत्र को विज्ञापन देने की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों को वरिष्ठ पद के प्रभार के आदेश जारी किए जा रहे हैं। सहायक संचालक पद पर कार्य कर रहे अधिकारियों की जो वेतन वृद्धि देय है उसके भी आदेश जारी किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने पत्रकार भवन परिसर में स्टेट मीडिया सेंटर के निर्माण के लिए भूमिपूजन पर उन्होंने शिला पट्टिका का अनावरण भी किया। श्री चौहान ने मंच पर आते ही प्रदेश के सभी जिलों से आए समस्त पत्रकार बंधुओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने पौधा भेंट कर वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित भी किया। स्टेट मीडिया सेंटर के भूमिपूजन के औपचारिक कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश के जिलों से पधारे प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों, टी.वी. कैमरा पर्सन और प्रेस छायाकारों से भेंट कर संवाद किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान पत्रकारों के साथ भोजन में शामिल हुए। कार्यक्रम में स्टेट मीडिया सेंटर की विशेषताओं और पत्रकार कल्याण पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। समारोह में जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ला, प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह सहित प्रदेश भर से आए पत्रकार उपस्थित थे।

### वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मान निधि के स्वीकृति पत्र सौंपे

श्री चौहान ने शिलान्यास समारोह में प्रदेश के 10 वरिष्ठ पत्रकारों को बढ़ी हुई सम्मान निधि प्रतीक स्वरूप प्रदान की। उल्लेखनीय है कि प्रतिमाह 10 हजार के स्थान पर अब 20 हजार की राशि का भुगतान सम्मान निधि के अंतर्गत जनसंपर्क विभाग द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्टेट मीडिया सेंटर के शिलान्यास समारोह में प्रदेश के जिन वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मान निधि प्रदान की उनमें विजय दत्त श्रीधर भोपाल, ओम प्रकाश फरक्या इंदौर, परमानंद तिवारी जबलपुर, देव श्रीमाली ग्वालियर, अंजनी कुमार शास्त्री रीवा, राजेंद्र पुरोहित उज्जैन, सिद्ध गोपाल तिवारी सागर, कमलेश सिंह परिहार चंबल, पंकज पटेरिया नर्मदापुरम और रामावतार गुप्ता शहडोल शामिल हैं।

### स्टेट मीडिया सेंटर में मिलेंगी ये सुविधाएं

भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर का निर्माण 28 करोड़ रुपए की लागत से होगा। यह सर्व सुविधा युक्त मीडिया सेंटर होगा। इस सेंटर में निर्माण एजेंसी मध्यप्रदेश भवन विकास निगम है। अगले 2 वर्ष में निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य है। कुल 66 हजार 981 वर्गफीट में 3 मंजिल के भवन में लोअर ग्राउण्ड फ्लोर पर वाहन पार्किंग, ड्रायवर्स रूम, मेंटेनेंस रूम, बैंक, शॉप्स और डिस्पेंसरी निर्माण होगा। ग्राउण्ड फ्लोर पर एक्जीबिशन हॉल, आर्ट गैलरी, मिनी ऑडिटोरियम, प्रेस कॉन्फ्रेंस कक्ष, प्रशासनिक कक्ष, रिसेप्शन कक्ष, कॉरीडोर, बैंक्वेट हॉल, बैंडमिंटन कोर्ट, रेस्टॉरेंट, टेरिस गार्डन होंगे। प्रथम मंजिल पर लायब्रेरी, प्रेस कांफ्रेंस हॉल, मल्टी मीडिया रूम, लाउन्ज, जिम्नेशियम और इन्डोर गेम हॉल होगा। दूसरे मंजिल पर ओपन टेरिस, वर्किंग स्पेस, केबिन मिनी मीटिंग रूम, क्यूबिकल वर्क स्टेशन होंगे। तीसरी मंजिल पर पत्रकारों के लिए वर्क स्पेस, न्यूज और मीडिया के ऑफिस के लिए जगह भी रहेगी।

### पत्रकारिता एक धर्म, जीवन दांव पर लगाकर निभाते हैं पत्रकार : शिवराज

मुख्यमंत्री ने पत्रकार को समाज और सरकार के बीच सेतु बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक धर्म है, जिसके निर्वहन के लिए पत्रकार युद्ध, बाढ़, भूकम्प जैसी विपरीत स्थितियों में भी जीवन दांव पर लगाकर कार्य करते हैं। श्री चौहान ने कहा कि पत्रकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की आवाज उठाने का काम करते हैं। जिस समय लोग विपत्तियों में सुरक्षित स्थान खोजते हैं, उस वक्त पत्रकार समाधान खोजते हैं। स्टेट मीडिया सेंटर भविष्य में प्रदेश की पत्रकारिता पर सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। श्री चौहान ने कहा कि पत्रकार और पत्रकारिता लोकतंत्र के प्राण हैं और कहा कि आज इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया के दौर में कहीं-कहीं विश्वसनीयता का संकट देखने को मिलता है। संवाद, संचार और सम्पर्क पत्रकारिता के प्राण होते हैं। श्री चौहान ने आशा जताई कि यह केन्द्र पत्रकारिता के छात्रों का गुरूकुल बनेगा। यह केन्द्र वरिष्ठों के अनुभवों और युवाओं की ऊर्जा का उपयोग करेगा। साथ ही पुराने घर की स्मृतियां भी संजोएगा और पत्रकारिता के छात्रों का गुरूकुल बनेगा।

### पत्रकारों को भूखंड प्रदान करने की कार्यवाही प्रारंभ : शुक्ल

जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र को वरदान बनाने का कार्य करते हैं, उन्हें मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने समय-समय पर सभी वर्गों के हित में कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के लिए भी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जिससे अनेक परिवारों को राहत मिली। गत 7 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास में पत्रकार समागम में स्टेट मीडिया सेंटर प्रारंभ करने के साथ पत्रकारों को जिला स्तर पर भूखंड प्रदान करने की घोषणा की थी। जिलों में पत्रकारों को भूखंड प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही भी प्रारंभ हो गई है।

### जनसंपर्क अधिकारियों को मिलेगा उच्च प्रभार, वेतन वृद्धि होगी

श्री चौहान ने इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों को भी लंबे समय से उच्च पद के प्रभार के लिए पात्र अधिकारियों और नए सहायक संचालकों को लंबित वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दिए जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके आदेश जल्द जारी किए जाएंगे।

### कांग्रेस की छानबीन समिति की बैठक में फैसला

# दिग्विजय-तन्खा को छोड़ सभी दिग्गज चुनाव मैदान में उतरेंगे, कमलनाथ छिंदवाड़ा से लड़ेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा की तरह कांग्रेस भी विधानसभा चुनाव में दिग्गज नेताओं को चुनाव में उतारेगी, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और सांसद विवेक तन्खा को छोड़कर सभी दिग्गज नेता चुनाव लड़ेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एक बार फिर छिंदवाड़ा से चुनाव मैदान में उतरेंगे। प्रत्याशी चयन के लिए बनीं छानबीन समिति की दिल्ली में हुई बैठक में इस बात पर सहमति बनी।

मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस की छानबीन समिति की बैठक में कांग्रेस महासचिव और मध्यप्रदेश चुनाव प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भंवर जितेंद्र सिंह और कमेटी के सदस्य अजय कुमार लल्लू, सप्तगिरि उल्का, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, अरुण यादव, सुरेश पचौरी मौजूद थे। इस बैठक में विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों के नामों पर मंथन किया गया।

सूत्रों ने बताया कि तकरीबन डेढ़ सौ प्रत्याशियों के नामों पर अंतिम निर्णय ले लिया गया है, जिनकी जल्द ही घोषणा हो सकती है। बैठक पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को एक बार फिर छिंदवाड़ा से मैदान में होंगे, वहीं नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह इस बार भी चुनाव लड़ेंगे। इनके अलावा पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह 'राहुल भैया', पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी को भी पार्टी चुनाव लड़ाएगी।

### 2 दर्जन से ज्यादा विधायकों के कट सकते हैं टिकट

कांग्रेस आला कमान द्वारा कराए गए सर्वे की रिपोर्ट पर चर्चा में तकरीबन 2 दर्जन विधायकों की अपने क्षेत्र में स्थिति खराब बताई गई है। जिसके बाद उनके टिकट कटने की संभावना बढ़ गई है। हालांकि पार्टी इन सीटों पर फिर मंथन करेगी और अंतिम चरण में इन विधायकों की उम्मीदवारी पर विचार किया जाएगा।

## निम्न लिंगानुपात वाले 13 जिलों पर विशेष ध्यान दें : डॉ. चौधरी

**भोपाल, देशबन्धु।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि प्रदेश के औसत 956 लिंगानुपात से निम्न वाले 13 जिलों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मंत्री डॉ. चौधरी पीसी एण्ड पीएनडीटी राज्य सुपरवाईजरी बोर्ड की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि एनएफएचएस 2015-16 की तुलना में एनएफएचएस 2019-20 की रिपोर्ट में प्रदेश में 29 पाइंट की लिंगानुपात में बढ़ौत्तरी हुई है। वर्ष 2014-15 में प्रदेश का लिंगानुपाल 927 था जो बढ़कर वर्ष 2019-20 में 956 हो गया। प्रदेश के दतिया, सतना, ग्वालियर, रायसेन, सीधी, बुरहानपुर, सीहोर, गुना, देवास, सिंगरौली, पन्ना, हरदा और बड़वानी में निम्न लिंगानुपात है। इन जिलों में लिंगानुपात बढ़ाने के लिए प्रयास करना चाहिए। भ्रूण हत्या जैसे कृत्यों पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों का कढ़ाई से पालन कराया जाये। मुखबिर पुरस्कार योजना में बढ़ाई गई राशि की जानकारी नागरिकों को दी जाये। सभी जिलों में जन्म के समय लिंगानुपात के बेहतरीकरण पर चर्चा के लिए जिलास्तर पर अंतर विभागीय बैठकें आयोजित की जाये।

### सोशल मीडिया कार्यकर्ता सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री ने कहा-

# भारत में दुनिया को बदलने की ताकत है



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश चुनाव प्रभारी व केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि भारत में दुनिया को बदलने की ताकत है। इस नेरेटिव को न सिर्फ केवल खड़ा करना है, बल्कि इसको स्थापित करना ही यहां उपस्थित कार्यकर्ताओं की वास्तविक सफलता है। वह बतौर मुख्य अतिथि भाजपा सोशल मीडिया विभाग द्वारा मंगलवार को रविन्द्र भवन में शंखनाद अभियान के तहत सोशल मीडिया कार्यकर्ता मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारी बहनों को पंचायत से संसद तक नीति निर्माण में उनके अधिकारों को मजबूत किया है। यह सब बातें ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे इसमें आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार की नीतियां आज भी इनकी पार्टी में समाहित है। उन्हें समाज के सामने उजागर करने का सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने विश्वास जताया कि आज इस शंखनाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी सोशल मीडिया के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यो से प्रेरणा लेकर नए भारत के नवनिर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। कार्यक्रम में अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी एवं शंखनाद अभियान के प्रभारी धवल पटेल व सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक अभिषेक शर्मा मंचासीन थे।

# कोविड के बाद युवाओं में हृदयघात के मामलों में बढ़ोतरी

**राजकोट, एजेंसी।** राजकोट में युवाओं में दिल का दौरा पड़ने के मामलों में वृद्धि होने से चिंता अधिक बढ़ गई है। यहां पर बीते 24 घंटों में 5 और लोगों की दुखद मौतें हुई हैं। बढ़ती संख्या स्वास्थ्य पेशेवरों और समुदाय के लिए चिंता का विषय है। राजकोट के पास खोखद्दल कस्बे के निवासी 34 वर्षीय राशिद खान को सोमवार सुबह बेहोश पाया गया। खान को तत्काल राजकोट सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कहा कि दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हुई है। राशिद खान, मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। वह एक मजदूर के रूप में काम करता था और 8 भाई-बहनों में सबसे छोटा था। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश राज ने युवा व्यक्तियों में, विशेष रूप से कोविड के बाद, दिल के दौरे के बढ़ते मामलों के बारे में चिंता जताई। उन्होंने महामारी और इस खतरनाक प्रवृत्ति के बीच एक संभावित संबंध का सुझाव दिया। डॉक्टर ने कहा कि तनावपूर्ण लाइफस्टाइल के कारण हाई ब्लड प्रेशर युवाओं में बढ़ रहा है। इसी तरह, 21 वर्षीय धारा परमार बेहोश हो गईं और उनके आवास पर संदिग्ध हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई। वहीं, जीआईडीसी मेटोडा में एक फैक्ट्री में रसोइया के रूप में कार्यरत 30 वर्षीय विजय संकेत भी बेहोश हो गए और उनकी मौत हो गई। मौत का कारण दिल का दौरा माना जा रहा है। एक अन्य घटना में, राजकोट के बाहरी इलाके कोठारिया शहर के निवासी 45 वर्षीय राजेश को 2 अक्टूबर को सुबह 10 बजे के आसपास अपने खेत में अचानक दिल का दौरा पड़ा।

**राजकोट में 24 घंटों में 5 और लोगों की मौत**

राजकोट सिविल अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। राजकोट के एक आवासीय अपार्टमेंट में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करने वाले नेपाल के 35 वर्षीय निवासी ललित परिहार घर पर दुखद रूप से गिर गए और माना जाता है कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जबलपुर नं. बं. 264 प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. जबलपुर तहसील आधारताल जिला जबलपुर आचार्य विनोबा भावे वार्ड स्थित डायवर्सन भूमि खसरा नं. पुराना 345/1/क एवं 345/2/क का भाग वर्तमान नया खसरा नं. 345/1/1 (S) डायवर्सन शीट नं. 118 प्लाट नं. 112 एवं 111 का भाग एरिया 1620 वर्गफुट भूमि तथा इसी पर बने कच्चे खपरैलू मकान जिसका मकान न.नि. नं. 2567 से 2576 तक जिसके उत्तर में शंकरलाल भुजंवा का मकान, दक्षिण में वनबारीलाल का मकान, पूर्व में गली, पश्चिम में गली स्थित है जिसकी भूमि स्वामी श्रीमती सुधारानी वर्मा पति स्व. श्री लवकुश नारायण वर्मा निवासी 714, पूर्वी करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड वगैरह है तथा उक्त मकान मेरे पक्षकारों श्री ओमकार भुजंवा एवं लक्ष्मीनारायण भुजंवा दोनो के पिता स्व. श्री श्यामसुन्दर भुजंवा का पैत्रिक मकान है जिसकी केवल भूमि का क्रय भूमि स्वामी से किया जा रहा है जिसकी रजिस्ट्री शीघ्र होना है। अत: इस सम्पत्ति के विक्रय में किसी व्यक्ति, सरकारी व गैर सरकारी संस्था, वित्तीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की आपत्ति दावा उजर हो या कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय में लंबित हो तो इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज सबूत के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा समयावधि के पश्चात उठाई गयी आपत्ति के लिये मेरा पक्षकार जबावदार जिम्मेदार नहीं होगा तथा अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करा लेगा।

जबलपुर दिनांक- 03/10/2023

**एड. राकेश सोनी**

(एडवोकेट मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर)

निवास/आफिस - 805, शांति नगर दमोह नाका जबलपुर

मोबा. नं. 9826386523

TIMES


## तेलंगाना में तहसीलदार से 4.56 करोड़ की संपत्ति जब्त

**हैदराबाद, एजेंसी।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने तेलंगाना में एक तहसीलदार से 2.07 करोड़ रुपए की नकद राशि सहित 4,56,66,660 रुपए की संपत्ति बरामद की है। एसीबी की मंगलवार को बताया कि प्लॉट नंबर 16, मकान नंबर 8-7-55/ए/16 में रहने वाले नलगोंडा जिले के मैरीगुडेम मंडल के तहसीलदार मंचिरेड्डी महेंद्र रेड्डी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है।

## बिहार में न्यायिक सेवा में ईडब्ल्यूएस को आरक्षण

**पटना, देशबन्धु।** बिहार सरकार ने न्यायिक सेवा में आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण देने का निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने मंगलवार को यहां बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।


**नाम परिवर्तन**

मैं श्रीमती शमुलैलातपम उषारानी देवी पत्नी, नं. JC-390532X सूबेदार एसएच प्रेमजीत शर्मा पता- बिजॉयपुर, डाकखाना-पल्लेल, तहसील- काकचिंग, जिला-थौबल, प्रदेश- मणिपुर, पिन नं.- 795135 मैं अपना नाम श्रीमती एसएच उषारानी देवी से श्रीमती शमुलैलातपम उषारानी देवी दिनांक 29 सितंबर 2023 के प्रतिज्ञा पत्र के जरिये बदलाव नोटरी जबलपुर (मध्यप्रदेश)में किया है.

पहले नाम-एसएच उषारानी देवी

परिवर्तन के बाद-

शमुलैलातपम उषारानी देवी


### मेट्रो रेल के ट्रायल रन का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, कहा-

# सीहोर, मंडीदीप, विदिशा और रायसेन तक चलाई जाएगी मेट्रो



**भोपाल, देशबन्धु।** मेट्रो ट्रेन सिर्फ भोपाल तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसका विस्तार करते हुए इसे सीहोर, मण्डीदीप के साथ-साथ रायसेन और विदिशा तक चलाया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल मेट्रो रेल के ट्रायल रन के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने यहां सुभाष नगर डिपो से हरी झण्डी दिखाकर मेट्रो ट्रायल रन कर शुभारंभ किया, वहीं उन्होंने मेट्रो रेल में सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन तक सफर कर जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सुभाष नगर डिपो से रानी कमलापति स्टेशन मेट्रो रेल में बैठकर आए। जनप्रतिनिधि, युवा, अधिकारीगण साथ थे। श्री चौहान ने मेट्रो रेल से आस-पास के क्षेत्र तथा जारी निर्माण प्रक्रिया को भी देखा और सहयात्री युवाओं तथा जन-प्रतिनिधियों से बात भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो से भोपाल और अधिक सुंदर दिखाई दे रहा है। जन-प्रतिनिधियों ने मेट्रो रेल को भोपाल के लिए महत्वपूर्ण और उपयोगी सौगात बताया।

श्री चौहान ने कहा कि भोपाल में मेट्रो आरंभ होने के साथ ही हमारा तांगे वाला भोपाल अब मेट्रो रेल वाला भोपाल हो गया है। मेट्रो रेल भोपाल में परिवहन की नई क्रांति लाएगी, और विकास पथ पर भोपाल तीव्रगति से दौड़ेगा। उन्होंने कहा कि मेट्रो ट्रेन से समय और पैसा दोनों की बचत होगी। भोपाल वासियों को सुरक्षित-सुगम-सुविधापूर्ण सस्ता और सुंदर परिवहन का साधन उपलब्ध होगा, और शहर का प्रदूषण भी कम होगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से संपन्न मेट्रो के कोच में स्मार्ट लाईटिंग, एयर कडिंशन्स, स्मार्ट डिस्पले, एआई सी.सी. टी.वी. कैमरे आदि की सुविधा होगी। लगभग 6 हजार 941 करोड़ की भोपाल मेट्रो परियोजना कुल लम्बाई 31 किलोमीटर होगी, करोंद चौराहे से एम्स तक 16.77 किलोमीटर, रत्नागिरि तिराहे से भदभदा चौराहे तक 14.18 किलोमीटर पर यह रेल चलेगी। पहले चरण में सुभाष नगर एम्स तक 7 किलोमीटर लम्बे रूट पर मेट्रो ट्रेन का संचालन होगा। भोपाल मेट्रो का संपूर्ण संचालन 2024 से प्रारंभ हो जाएगा। मेट्रो रेल के स्टेशन भी विशेष होंगे। जहाँ पर लिफ्ट एवं एस्केलेटर आदि की सुविधा, बुजुर्गों के लिए विशेष व्यवस्था और ऑनलाइन टिकिटिंग की सुविधा होगी। मेट्रो रेल समाज में समानता का भी माध्यम बनेगी। साईकिल वाले, दोपहिया वाले और कार वाले सभी इस सुविधाजनक, वातानुकूलित और समय की बचत वाले परिवहन को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान की अध्यक्षता में सुभाष नगर डिपो पर हुए शुभारंभ कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, श्रीमती कृष्णा गौर, विष्णु खत्री, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मंडलोई, मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक मनीष सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### 5 किलोमीटर में 5 स्टेशन

उल्लेखनीय है कि सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक के 5 किलोमीटर लंबे मेट्रो के भाग में 5 स्टेशन हैं, जिनकी आधारभूत संरचनाओं का काम प्राकृतिक बाधाओं के बावजूद बहुत तेजी से पूरा किया गया। नौ किलोमीटर के ट्रेक बिछाने का कार्य पांच माह में पूर्ण किया गया। मात्र 90 दिन में पटरियों के साथ चलने वाली ट्रेक्शन थर्ड रेल तथा 7 टर्नआउट्स का विद्युतीकरण भी किया गया और केवल 60 दिनों में 5 लिफ्ट और 4 एस्केलेटर लगाए गए हैं।

### भोपाल मेट्रो पर लघु फिल्म का हुआ प्रदर्शन

कार्यक्रम में भोपाल मेट्रो के निर्माण, उनमें दी जाने वाली सुविधाओं और सुरक्षा के प्रावधानों पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने मुख्यमंत्री को मेट्रो ट्रेन की प्रतिकृति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। 'ये मैं हूँ, ये मेरा भोपाल है, और यह हमारी मेट्रो है'

### एडीआर ने ताजा रिपार्ट में दी जानकारी

# 107 सांसदों, विधायकों के खिलाफ भड़काऊ भाषण के मामले हैं दर्ज

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत में इस समय 107 मौजूदा सांसदों व विधायकों के खिलाफ भड़काऊ भाषण के मामले दर्ज हैं। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की ताजा रिपार्ट में दी गई है।

सांसदों व विधायकों के चुनावी हलफनामे के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट में कहा गया हैकि 33 मौजूदा सांसदों के खिलाफ इस तरह के मामले दर्ज हैं। इसमें से 66 फीसदी यानि 22 सांसद अकेले भाजपा के हैं। जबकि दो सांसद कांग्रेस पार्टी के, एक निर्दलीय व एक-एक सांसद आठ क्षेत्रीय पार्टियों के हैं।

वहीं राज्यवार बात की जाए तो सात सांसद उत्तर प्रदेश, चार सांसद तमिलानाडु,तीन बिहार, तीन कर्नाटक व तीन तेलंगाना, दो असम, दो गुजरात, दो महाराष्ट्र, दो पश्चिम बंगाल, एक झारखंड, एक मध्यप्रदेश, एक केरल, एक पंजाब व एक ओडिशा से हैं। वहीं पूरे देश में 76 मौजूदा विधायकों के खिलाफ भी हेट स्पीच के मामले दर्ज हुए हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा बीस विधायक भाजपा से हैं। जबकि तेरह विधायक कांग्रेस, छह विधायक आम आदमी पार्टी, पांच समाजवादी पार्टी, पांच वाईएसआर कांग्रेस और शेष अन्य दलों के हैं। राज्यवार नौ विधायक बिहार,नौ उत्तरप्रदेश,छह आंध्र प्रदेश, छह तेलंगाना, पांच असम,पांच तमिलनाडु,चार दिल्ली, चार गुजरात, चार पश्चिम बंगाल और बाकी एक-एक अन्य राज्यों से हैं।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा-

# मेट्रो ट्रेन से विकास को मिलेगी नई दिशा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भोपाल मेट्रो ट्रेन को अंतिम ट्रायल रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आभार माना है। श्री शर्मा ने कहा कि 6941 करोड़ की लागत वाली भोपाल मेट्रो ट्रेन का फाइनल ट्रायल रन पूरा हो गया है।

भाजपा सरकार ने भोपाल और इंदौर में मेट्रो ट्रेन चलाने की घोषणा की थी। इंदौर के बाद अब भोपाल मेट्रो ट्रेन का फाइनल ट्रायल रन हो गया है। भाजपा सरकार ने अपना एक और संकल्प पूरा किया है। उन्होंने कहा इसके साथ ही अगले साल मई-जून में शहरवासी मेट्रो में सफर कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भोपाल मेट्रो ट्रेन को मंडीदीप, सीहोर तक बढ़ाने की घोषणा पहले ही कर चुके हैं।

उन्होंने विदिशा और रायसेन जैसे पड़ोसी जिलों को इससे जोड़ने की योजना बनाने की बात कही है। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह सोच और परिकल्पना दिखाती है कि भाजपा सरकार प्रदेश का और जनता का विकास करने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के साथ मेट्रो ट्रेन का संकल्प पूरा कर सुगम, सुरक्षित, सुलभ, सुविधापूर्ण सफर उपलब्ध कराने जा रही है।

देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 04 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# जातिगत जनगणना से बदलेंगे सियासी समीकरण

बिहार में जातिगत जनगणना के सार्वजनिक किये गये आंकड़ों से देश का राजनैतिक परिदृश्य पूर्णत: बदल जाने का अनुमान है। इसका असर अति पिछड़े एवं पिछड़े वर्गों को लेकर होने वाले सियासी गणित पर तो पड़ेगा ही, विमर्श भी ध्रुवीकरण की बजाय सशक्तिकरण की राह पकड़ लेगा। अगर ऐसा होता है तो यह भारतीय जनता पार्टी के लिये सबसे बुरा समाचार साबित होने जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रिपोर्ट कार्ड इस मामले में बेहद खराब है। भाजपा का सबसे बड़ा नुकसान तो यह होगा कि उसका एक विशाल वोट बैंक उसकी झोली से सरक जायेगा। एकाध साल पहले की बात होती तो मामला दूसरा होता। तब 'मोदी नहीं तो कौन' का सवाल उठा दिया जाता था। अबकी ऐसा नहीं है। लगभग एक दशक तक कई उतार-चढ़ाव देखने के बाद कांग्रेस लय में लौट आई है और उसके साथ अन्य 27 दल दमदारी से खड़े हैं जिन्हें इस बदले हुए सियासी माहौल का फायदा इसलिये मिलेगा क्योंकि यह मांग (जातिगत जनगणना की) इसी कुनबे से आई है। दूसरी ओर भाजपा इसे नकारती रही है। जो भी हो, इस साल के 5 राज्यों के होने वाले विधानसभा चुनावों पर तो इसका असर पड़ेगा ही, बावजूद इसके कि ज्यादातर में भाजपा की स्थिति वैसे भी नाज़ुक है, लोकसभा-2024 का चुनावी विमर्श भी इसी के इर्द-गिर्द घूम सकता है।

बिहार में जातिगत जनगणना के निष्कर्ष गांधी जयंती पर बिहार सरकार द्वारा सार्वजनिक कर दिये गये। अनुमानों के काफी नज़दीक के निकले इन आंकड़ों ने बतलाया कि राज्य में 36 प्रतिशत अति पिछड़ा, 27 फीसदी पिछड़ा, 19.65 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 1.68 फीसद अनु. जनजाति के लोग हैं। यानी कि अति पिछड़ा व पिछड़ा वर्ग मिलकर 63 फीसदी हो जाते हैं। अगर उनमें अनु. जाति व अनु. जनजाति को मिलाया जाये तो यह आंकड़ा 84 फीसद हो जाता है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस एवं उसके सहयोगी तमाम दल 'जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी' के लिये आवाज़ उठाते आ रहे हैं। चूंकि कोविड-19 के चलते वर्ष 2021 में जनगणना नहीं हो सकी थी, इसलिये केन्द्र सरकार इसके आंकड़े उपलब्ध न होने के बहाने करती रही है। वैसे अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान और पिछले दिनों लोकसभा के सत्र में भी राहुल गांधी ने कहा था कि अगर मौजूदा सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर आरक्षण नहीं करती तो उनकी सरकार के आने पर ऐसा किया जायेगा। बिहार के नीतीश कुमार व तेजस्वी यादव की जनता दल यूनाइटेड-राष्ट्रीय जनता दल सरकार ने इस मामले पर लीड लेते हुए जातिगत जनगणना करा डाली।

इसका असर दूर तलक इसलिये जायेगा क्योंकि पिछड़े वर्ग ही एक तरह से भाजपा का मुख्य काडर है। अब उसकी अपेक्षा भाजपा से बढ़ेगी। चूंकि यह दल मनुवादी व्यवस्था से चलता है, जिसमें सवर्णों के अलावा अन्य जातियों के प्रति या तो प्रेम है ही नहीं अथवा है भी तो दिखावा मात्र। ऐसे वर्णों में गैर हिन्दू, दलित एवं पिछड़े वर्ग आते हैं, इसलिये भाजपा नेतृत्व के लिये यह सम्भव ही नहीं होगा कि वह ओबीसी को अधिकार सम्पन्न करेगी। इसकी कमान अब भी ऊंची जातियों के लोगों के हाथों में होने से वे ऐसा होने नहीं देंगे।


फिर, भाजपा की नकेल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हाथों में होने से वह ऐसा कुछ भी करने की इज़ाज़त नहीं देगा जिससे उच्च वर्णों का महत्व कम हो। इस तरह देखें तो भाजपा जातिगत जनगणना के भंवर में फंसती नज़र आ रही है। भाजपा की दिक्कत यह है कि उसने केन्द्र में पिछले साढ़े नौ वर्षों के अपने शासनकाल में लोगों के सशक्तिकरण की दिशा में कुछ भी नहीं किया है। कहने को वह कुछ समय में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था या पांच ट्रिलियन इकानॉमी बनाने और 2047 तक दुनिया का इसे सबसे विकसित देश बनाने का दावा करती है लेकिन वास्तविकता यही है कि देश बदहाल है। लोगों की माली हालत बहुत खराब हो गई है। शासकीय नौकरियां निकल नहीं रही हैं और दिखावे के लिये मोदी जो थोड़े से नियुक्ति पत्र वर्चुअली बांटते हैं, वह ऊंट के मुंह में जीरा भी नहीं है। हर साल 2 करोड़ रोजगार देने के वादे के कहीं आसपास भी सरकार नहीं है और जनसंख्या में सबसे बड़ा वर्ग होने के नाते ओबीसी ही सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। एक-एक कर तमाम शासकीय उपक्रमों के होते निजीकरण ने नौकरियां ही खत्म कर दी हैं तो आरक्षण कहां से मिलेगा? भाजपा की आशंका यह भी हो सकती है कि अगर ओबीसी वर्ग को अपने हकों का एहसास हुआ तो वह रोजगार सृजित करने की मांग जोर-शोर से उठाएगा और भाजपा सरकार उसकी यह मांग पूरी न कर सकी तो उसका वोट बैंक उससे छिटक सकता है। अब यह मांग देशव्यापी भी हो सकती है क्योंकि अनेक ऐसे राज्य हैं जहां स्पष्टतया ओबीसी बहुमत में हैं। नीतीश कुमार ने एक तरह से लोगों के सामने पिटारा खोल दिया है और उसमें पड़े उपहार जनता को बांटने के लिये इंडिया गठबन्धन तैयार बैठा है।

इस जनगणना के जारी आंकड़ों से इंडिया का उत्साहित होना स्वाभाविक है। राहुल गांधी ने तो इसके सार्वजनिक होने के बाद दी प्रतिक्रिया में कहा है कि इसे क्रियान्वित करना उनका प्रण है। इसका संदेश अन्य राज्यों के ओबीसी वर्गों तक जायेगा। सामने मिल रहे तत्काल लाभ को छोड़कर वे न तो विश्व की तीसरी सबसे बड़ी इकानॉमी बनने का इंतज़ार करेंगे न ही उसके 5 ट्रिलियन के आकार वाली अर्थव्यवस्था बनने का। स्वाभाविक है कि यह वर्ग 2047 का भी इंतज़ार नहीं करेगा। भाजपा संकट में है।

# बिहार के क्षितिज से उगे सूर्य का प्रकाश अब सारे देश में फैले

इस बार की गांधी जयंती खास रही। यह दिन गौतम बुद्ध के मुस्कुराने का दिन साबित हुआ। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मुस्कुराने का भी दिन था। शाहू महाराज व महात्मा फुले भी मुस्कुरा उठे। बीपी मंडल, कर्पूरी ठाकुर, कांशीराम, वीपी सिंह के साथ हर उस व्यक्ति के मुस्कुराने का दिन था, जो समतामूलक समाज की कल्पना करते हैं और उसके आकांक्षी हैं। एक बहुत साहसिक कदम उठाकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो जातिगत जनगणना कराई और उसके आंकड़े सार्वजनिक किये उसका राजनैतिक से ज्यादा सामाजिक महत्व है। बेशक, उसका रास्ता सियासी गलियारों से होकर ही गुजरेगा। बिहार के क्षितिज से उगे सूर्य का प्रकाश पूरे देश में फैले- इसकी उम्मीद व कामना की जानी चाहिये। 'जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' के नैसर्गिक सिद्धांत पर आधारित इस निर्णय का अपना सामाजिक महत्व तो है, लेकिन इससे देश के राजनैतिक समीकरण भी बदलेंगे। प्रगतिशील सोच के साथ बढ़े इस कदम का वैसा ही प्रतिरोध हर उस कट्टर ताकतों द्वारा वैसा ही होगा जैसे समाज के हर सुधारों का अब तक पिछले 2500 वर्षों से होता आया है। बिहार सरकार को चाहिये कि जनसंख्या के अनुसार लोगों को उनका हक दिलाने के लिये आवश्यक कदम तत्काल उठाये और अन्य राज्यों को भी प्रेरणा दे।

'सामाजिक न्याय की भूमि' कहे जाने वाले बिहार के मुख्य सचिव द्वारा जारी किये गये आंकड़े पूरी भारतीय राजनीति में उथल-पुथल मचाने के लिये काफी हैं क्योंकि इससे ओबीसी को भारतीय समाज में अपने आकार व ताकत का अहसास होने जा रहा है। इन आंकड़ों में बताया गया है कि राज्य में ओबीसी की संख्या सर्वाधिक है। यह अनुमान पहले भी था लेकिन वह गणना के माध्यम से ही सिद्ध किया जा सकता था। इसलिये भारतीय जनता पार्टी इसका विरोध करती आई जबकि बिहार की जनता दल यूनाइटेड व राष्ट्रीय जनता दल गठबन्धन की सरकार (नीतीश व तेजस्वी यादव) इसके पक्ष में थे। पिछले दिनों बने संयुक्त विपक्षी गठबन्धन इंडिया (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूजिव एलाएंस) ने इसका समर्थन किया। राहुल गांधी ने इसके पक्ष में जोरदार आवाज उठाई। पिछले साल की सितम्बर के पहले हफ्ते से निकाली कन्याकुमारी से कश्मीर तक की चार हजार किलोमीटर की यात्रा के दौरान उन्होंने यह बात तो उठाई ही, बाद की तमाम सभाओं एवं वार्ताओं में भी वे आबादी के अनुसार हिस्सेदारी की वकालत करते रहे हैं। लोकसभा के भीतर अपने भाषण में उन्होंने जब यह आंकड़ा प्रस्तुत किया कि भारत सरकार के कुल 90 सचिवों में केवल तीन ही अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) के हैं जो कुल बजट का मात्र 5 फीसदी ही नियंत्रित करते हैं, तो यह बात सबके लिये चौंकाने वाली थी और सत्ता पक्ष के पास इसका कोई जवाब ही नहीं था। राहुल ने यह बात भी कही कि पिछड़ा व अति पिछड़ा वर्गों के लिये नौकरियों में वाजिब तरीके से आरक्षण तत्काल लागू किया जाये जिससे उन्हें न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी चेतावनी दे रखी है कि अगर केन्द्र सरकार इसे लागू नहीं करती तो उनकी पार्टी सत्ता में आने पर कर देगी। चूंकि 2021 में कोविड के कारण जनगणना ही नहीं हुई है तो यह पता करना मुश्किल है कि ओबीसी कितने है। इसके लिये राहुल का कहना है कि 2011 की जनगणना के अनुसार ही इसे लागू कर दिया जाये।



डॉ. दीपक पाचपोर

**राजनैतिक समीकरण तो पीछे चलकर आएंगे, इसका बड़ा असर पिछड़े व वंचितों के जीवन स्तर में सुधार को लेकर होगा। सामाजिक न्याय का रास्ता इस तरह से प्रशस्त होगा कि नौकरियों में अधिक भागीदारी से पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों का सशक्तिकरण होगा तथा जिस समतामूलक समाज की कल्पना सुधारवादी नेताओं व महापुरुषों ने की थी, उसका मार्ग प्रशस्त होगा।**

राहुल की इस मांग के साथ उनकी पार्टी के अतिरिक्त पूरा इंडिया गठबन्धन खड़ा है। वैसे भी वर्तमान परिदृश्य में कांग्रेस का ट्रैक रिकार्ड बेहतर दिखाई दे रहा है क्योंकि उसके चार मुख्यमंत्रियों में से तीन ओबीसी वर्गों से हैं- छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल, राजस्थान के अशोक गहलोत और कर्नाटक के सिद्धारमैया। राहुल-नीतीश के इस दांव से भाजपा का परेशान होना स्वाभाविक है क्योंकि ओबीसी का एक बड़ा वर्ग पिछले कुछ समय से भाजपा का कोर वोट बैंक बना हुआ है जबकि नेतृत्व सवर्णों के हाथ में है या वर्ण व्यवस्था का समर्थक है जो उनका सशक्तिकरण कतई नहीं चाहेगा। उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी इसे स्वीकार नहीं करेगा। दिखावे के लिये कर भी ले तो इसे यथार्थ के धरातल पर नहीं उतारेगा। अगर भाजपा शासित राज्यों में इसकी मांग उठती है और ओबीसी नये सिरे से देशव्यापी जातिगत जनगणना की मांग कर सकता है (जो करनी भी चाहिये), तो इसका परिणाम यह हो सकता है कि भाजपा से जुड़े ओबीसी समुदाय दूसरे उन दलों में जा सकते हैं जो उनके आरक्षण एवं सशक्तिकरण के समर्थक हैं। इसलिये भाजपा नेताओं का व्यथित होना स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो इसे इंडिया (उनकी शब्दावली में घमंडिया) की जाति-आधारित राजनीति करार दिया है जबकि खुद मोदी एक चुनावी सभा में यह कहकर वोट मांग चुके हैं कि 'जो इस प्रदेश में साहू है, वही गुजरात में मोदी है'। इसी नाम को लेकर उनके इशारे पर राहुल गांधी के खिलाफ पूरे मोदी समुदाय की अवमानना का मामला दर्ज कराया गया है जिसके चलते उनकी सांसदी छिन जाती है। यह अलग बात है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सजा पर रोक लगने से वह बहाल भी हो जाती है। भाजपा के मुखर सांसद गिरिराज सिंह ने इन आंकड़ों को भ्रम फैलाने फैलाने वाला कृत्य बताया जबकि सच्चाई यह है कि इससे सभी वर्गों के आंकड़ों सम्बन्धी भ्रम को दूर करने में मदद मिली है। बिहार में 1978 में कुल आरक्षण के भीतर 12 प्रतिशत अति पिछड़ों व 8 फीसदी पिछड़ों के लिये आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। 'आरक्षण में आरक्षण' का यह फार्मूला लोगों के विरोध का कारण बनता रहा है और इन्हें अदालतों में चुनौतियां भी मिलती रही हैं। बिहार ने रास्ता साफ कर दिया है जो कर्पूरी ठाकुर ने दिखाया था और अब नीतीश अन्य राज्यों को दिखला रहे हैं।

इस मामले में राजनैतिक समीकरण तो पीछे चलकर आएंगे, इसका बड़ा असर पिछड़े व वंचितों के जीवन स्तर में सुधार को लेकर होगा। सामाजिक न्याय का रास्ता इस तरह से प्रशस्त होगा कि नौकरियों में अधिक भागीदारी से पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों का सशक्तिकरण होगा तथा जिस समतामूलक समाज की कल्पना सुधारवादी नेताओं व महापुरुषों ने की थी, उसका मार्ग प्रशस्त होगा। एक यह भी तर्क दिया जाता है कि अब सरकारी नौकरियां रह कहां गई हैं जो इतनी बड़ी संख्या में आरक्षण के हकदार लोगों को दी जा सकें, तो कहा जा सकता है कि पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों का जब नौकरियों के लिये दबाव होगा तो सरकार को शासकीय सेवाओं में नौकरियां बढ़ानी पड़ेंगी। फिर इसके लिये चाहे नीतियों में बदलाव ही क्यों न करना पड़े। फिलहाल तो मोदी सरकार का रुझान निजीकरण की ओर है जिसके चलते उसके पास शासकीय उपक्रमों का मानव संसाधन घटाकर उन्हें घाटे में लाने का फार्मूला है। कम्पनियों को घाटे में लाकर उन्हें औने-पौने में अपने मित्र कारोबारियों को बेच देना ही भाजपा की औद्योगिक नीति है।

देखा जाए तो यह कदम एक बड़े वर्ग की सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक समझ में इज़ाफ़ा करने वाला साबित होगा। ओबीसी को यह समझ में आयेगा कि उसका इस्तेमाल भाजपा केवल सवर्णों की ताकत बढ़ाने एवं सवर्णों के हाथ में देश के सारे संसाधन सौंप देने का खेल करती आई है। नीतीश के इस कदम से ओबीसी के बल पर सामाजिक ध्रुवीकरण का भाजपायी दांव आगामी पांच विधानसभा चुनाव में तो नाकाम होगा ही, 2024 का लोकसभा चुनाव भी वह हार सकती है।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# मायावती ने शुरू किया बड़ा अभियान, किसी गठबंधन से कोई संबंध नहीं

■ प्रदीप कपूर

पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष, मायावती ने अब लोक सभा चुनाव 2024 के लिए उत्तर प्रदेश में एक बड़ा अभियान शुरू किया है, यह स्पष्ट करने के बाद कि वह किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होंगी। आजकल वह जमीनी स्तर पर अपनी पार्टी को मजबूत करने में व्यस्त हैं।

राजनीतिक नेताओंऔर मीडियाकर्मियों के मन में व्याप्त संदेह दूर करने के लिए, मायावती ने बार-बार कहा है कि बसपा लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी, तथा वह न तो भाजपा नेतृत्व वाले राजग और न ही विपक्षी गठबंधन इंडिया के साथ शामिल होगी और न ही रणनीतिगत तालमेल ही बिठायेगी।

**2019 के चुनावों में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के माध्यम से बसपा ने वर्तमान लोकसभा में अपनी सीटें शून्य से बढ़ाकर 10 कर लीं, लेकिन चुनाव के तुरंत बाद, मायावती ने यह कहते हुए गठबंधन को भंग कर दिया कि समाजवादी पार्टी बसपा उम्मीदवारों को वोट स्थानांतरित करने में विफल रही। सच तो यह है कि सपा से गठबंधन के कारण ही बसपा को मुस्लिम समुदाय का समर्थन मिला।**

मायावती ने आरोप लगाया कि एनडीए या इंडिया दोनों गठबंधन गरीब विरोधी, जातिवादी, सांप्रदायिक और पूंजीवाद समर्थक हैं इसलिए उनकी पार्टी उनके साथ हाथ नहीं मिलायेगी। मायावती ने उन ताकतों की भी निंदा की जो उन्हें भाजपा समर्थक बताने में लगे हुए थे क्योंकि उन्होंने इंडिया में शामिल होने से इनकार कर दिया था।

गौरतलब है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिनों में लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन की उम्मीद के साथ मायावती या बसपा पर कोई भी प्रतिकूल टिप्पणी करने से परहेज किया है। केवल समाजवादी पार्टी और उसके नेता अखिलेश यादव ने बार-बार कहा कि बसपा तो भाजपा की ही बी टीम है।

मायावती जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी कैडर के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं और समन्वयकों को कम से कम 500 लोगों की भागीदारी के साथ प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश जारी किये हैं। इन शिविरों में पार्टी कार्यकर्ताओं के परिवार के सदस्यों के भी शामिल होने की उम्मीद है।

प्रशिक्षण शिविरों में केवल दलित समाज पर ध्यान केंद्रित करने और प्रतिभागियों को पार्टी की विचारधारा के बारे में शिक्षित करने के निर्देश जारी किये गये हैं। गौरतलब है कि बसपा का गठन 1984 में हुआ था और चुनाव में पार्टी की सफलता में प्रशिक्षण शिविरों ने अहम भूमिका निभाई थी।

मायावती ने पार्टी नेताओं से उन नेताओं तक पहुंचने को भी कहा है जिन्होंने पार्टी छोड़ दी है या निराश होकर घर बैठने का फैसला किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर उन्हें पार्टी उम्मीदवारों के लिए काम करने के लिए प्रेरित करने पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

2019 के चुनावों में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के माध्यम से बसपा ने वर्तमान लोकसभा में अपनी सीटें शून्य से बढ़ाकर 10 कर लीं, लेकिन चुनाव के तुरंत बाद, मायावती ने यह कहते हुए गठबंधन को भंग कर दिया कि समाजवादी पार्टी बसपा उम्मीदवारों को वोट स्थानांतरित करने में विफल रही। सच तो यह है कि सपा से गठबंधन के कारण ही बसपा को मुस्लिम समुदाय का समर्थन मिला।

लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग में मायावती ने बढ़त बना ली है। पार्टी नेताओं और समन्वयकों की कई बैठकें हुई हैं, जो विचार-मंथन सत्र में शामिल हुए हैं, जिसमें मायावती के भतीजे आकाश भी शामिल हैं, जो अपनी चाची के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

मायावती अब चुनाव जीतने के लिए दलित समाज, पिछड़ों और मुस्लिम समुदाय पर निर्भर हैं। एक समय में ब्राह्मण चेहरा और पार्टी में नंबर दो की हैसियत रखने वाले सतीश मिश्र अब महत्वपूर्ण नहीं रहे। उन्होंने शक्तिशाली ब्राह्मण समुदाय को एकजुट करने के लिए भाईचारा बैठकें आयोजित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसने 2007 में अपने दम पर पार्टी को यूपी में सत्ता में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## पावन प्रसंग

# अहिंसा कायरता नहीं सिखलाती

अहिंसा की दृष्टि विराट है। उसमें संकीर्णता की जरा भी गुंजाइश नहीं है। यह तो गंगा की उस विमल विशाल धारा के सदृश्य मुक्त व स्वतंत्र है। उसे बंधनप्रिय नहीं है। यदि अहिंसा को किसी प्रांत, भाषा, पंथ या सम्प्रदाय की परिधि में बंद कर दिया गया तो उसकी वही स्थिति वही होगी, जो समुद्र के जल को किसी गड्ढे में बंद कर देने पर होती है। यह तो विश्व का सर्वमान्य सिद्धांत है। अहिंसा का सिद्धांत अनोखा सिद्धांत है। इतने बड़े पैमाने पर विशेष कर इतनी बड़ी शक्ति के हाथों अंग्रेजों से स्वराज प्राप्त करने में उसका उपयोग और भी अनोखा था।

अहिंसा का क्षेत्र काफी विस्तृत है वह विश्वव्यापी है। यह मानवता का उज्जवल प्रतीक है। इसके द्वारा ही जैन समाज की सारी व्यवस्थायें व प्रवृत्तियां युगों युगों से सुचारू रूप से चली आ रही है। अहिंसा कायरता नहीं सिखलाती है। वह तो वीरता सिखलाती है। अहिंसा वीरों का धर्म है अहिंसा का स्वर है। मानव तो अपनी स्वार्थ लिप्सा में डूबकर दूसरों के अधिकार को न छीनो किसी देश या समाज के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप मत करो। किसी भी समस्या को शांतिपूर्वक समझाने का प्रयास करो और शांति के लिए तुम अपना बलिदान अवश्य दो। किंतु अपनी स्वार्थ एवं वासनापूर्ति के लिए किसी को मत लूटो। इस पर ही यदि समस्या का उचित समाधान नहीं हो पा रहा है और देश जाति और धर्म की रक्षा करना अनिवार्य हो तो उस स्थिति में वीरता परक कदम उठा सकते हो।

अहिंसा के नाम पर कायर बनकर मुंह छिपाकर मत बैठो। अहिंसा यह कभी नहीं कहती कि मानव अन्याय को सहन करो क्योंकि जैसे अन्याय करना स्वयं में पाप है। वैसे ही अन्याय को कायर होकर सहन करना भी एक महापाप है। वह अहिंसा क्या है जिसमें अन्याय के प्रतिकार की शक्ति नहीं है। देश की आजादी को सुरक्षित रखने की क्षमता नहीं है। वह अहिंसा अहिंसा नहीं है वह तो नाम मात्र की अहिंसा है।

श्रमण संस्कृति के भगवान महावीर ने क्रांति की अलख जगाई, गांव-गांव घूमकर मानव समाज को अहिंसा और प्रेम का संदेश सुनाया। महावीर के समसामयिक महात्मा बुद्ध भी एक युग पुरुष थे। बुद्ध समाज की बुराईयों के साथ लड़े थे। संघर्ष किया था। करुणामूर्ति ईसा मसीह भी एक बहुत बड़ी शक्ति थे। विश्व को प्रेम और क्षमा का अमर संदेश प्रदान करते हुए कहा 'यदि दुश्मन तुम्हारे एक गाल पर तमाचा मारे तो तुम दूसरा गाल भी आगे कर दो। गांधी जी ने अंग्रेजों का सामना किया एक बहुत बड़ी शक्ति के साथ लड़े थे, पर अहिंसक बनकर लड़े। मानवीय जीवन के जितने भी क्षेत्र व विषय हैं उन सब में अहिंसा का प्रवेश है। सभी क्षेत्र अहिंसा की क्रीड़ा भूमि है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# मातृशक्ति वंदन में ही गांधी जी का अभिनंदन!

हर साल 2 अक्टूबर को हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को याद करते हैं। ये दिन हमें राष्ट्र के प्रति समर्पित होने की सीख देता है। इस वर्ष गांधी जयंती का दिन इस लिहाज से अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि भारतीय संसद ने इस बार 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' पारित कर नारी सशक्तिकरण की दिशा में मिसाल कायम की है। गांधीजी के जीवन में मातृशक्ति का विशेष योगदान रहा है और उन्होंने विधायिका में महिला भागीदारी बढ़ाने की आवाज़ कई बार बुलंद की थी। दरअसल महात्मा गांधी अपनी पीढ़ी के उन चुनिंदा शख्सियत में से एक थे, जिन्होंने भारतीय समाज में महिलाओं की केंद्रीय भूमिका को उस वक्त पहचाना जब कांग्रेस के अंदर महिला भागीदारी और सवालों को लेकर कोई स्पष्ट रूपरेखा नहीं थी। 1931 में आयोजित दूसरे गोलमेज सम्मेलन में महात्मा गांधीजी ने विधायिका में महिला आरक्षण के पक्ष में कहा था कि, 'मैं उस विधायिका का बहिष्कार करूंगा, जिसमें महिला सदस्यों की उचित हिस्सेदारी नहीं होगी।' गांधीजी के इस विचार से हम समझ सकते हैं कि सामाजिक जीवन में महिलाओं की हिस्सेदारी को लेकर औपनिवेशिक काल में गांधी जी कितने मुखर थे।

महात्मा गांधी जी के जीवन-चरित्र पर प्रकाश डालते हैं, तो हम पाते हैं कि सुकरात और लियो टॉलस्टॉय का जितना असर उनके व्यक्तित्व पर था उससे कहीं अधिक वो अपनी माता पुतलीबाई, पत्नी कस्तूरबा सहित हर उस खास और आम स्त्रियों से प्रभावित थे। जो आज़ादी के आंदोलन में उनके आस-पास थीं। कहीं न कहीं यही वजह थी कि उन्हें समाज में महिलाओं की दिशा और दशा का भलीभांति ज्ञान था। गांधीजी अक्सर कहते थे कि, 'महिला-पुरुष की संयुक्त साझेदारी के बिना महिला सशक्तिकरण संभव नहीं है।' उनके अनुसार, यह साझेदारी आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक स्तर पर महिलाओं को मजबूत बनाये बिना संभव नहीं है और यह आज का सुखद आश्चर्य है कि प्रधानमंत्री मोदी इन सभी पहलुओं पर मातृशक्ति को मजबूत बनाने में अनवरत प्रयास कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने जन धन योजना के माध्यम से मातृशक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का बीड़ा उठाया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत महिलाओं को घर की चाबी सौंपकर महिलाओं को आर्थिक अधिकार दिलाया। तीन तलाक से निजात दिलाकर मुस्लिम महिलाओं के जीवन में नई उमंग और सामाजिक समरसता का बीजारोपण किया। स्वच्छता अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया कि घर और समाज को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सिर्फ महिलाओं की नहीं, अपितु पुरुषों का भी इसमें योगदान होना चाहिए। बेटी-पढ़ाओ, बेटी बचाओ योजना ने लड़कियों को पढ़ने-पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।9.6 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लाकर महिलाओं के जीवन पर छाए संकट के बादल को न सिर्फ दूर किया गया, बल्कि उनके जीवन में नया उजाला लाने का प्रयास हुआ ताकि महिलाएं भी बेहतर और सुरक्षित जीवनयापन कर सकें।

'लैंगिक न्याय' की जो परिकल्पना गांधी जी ने आज़ादी के पूर्व की थी। उसे मूर्तरूप देने का काम आज़ादी के अमृतकाल में किया गया। ऐसे में नि:संदेह जब भारत देश अपनी आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहा होगा तो मातृशक्ति के उस महोत्सव में पूरी भागीदारी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एजुकेशन, इम्पलायमेंट एवं एम्पावरमेंट को आधार बनाकर विकास की मुख्यधारा में महिलाओं को लाने का कार्य किया है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कमतर नहीं नजर आती हैं। चंद्रयान की सफलता में भी नारी शक्ति का अहम योगदान रहा। तभी तो रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता का श्रेय भारत की नारी शक्ति को दिया और राष्ट्र को एक नई पहचान प्रदान करने के लिए उनके समर्पण और बलिदान की सराहना की। इतना ही नहीं उन्होंने 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक को इसरो की महिला वैज्ञानिकों के साथ-साथ संपूर्ण महिला वैज्ञानिक समुदाय के लिए कृतज्ञ राष्ट्र का उपहार बताया। जो यह दर्शाता है कि वर्तमान समय में नारी शक्ति के स्वाभिमान को कितना महत्व दिया जा रहा है।

महात्मा गांधी जी ने महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों की जो लड़ाई आज़ादी के पूर्व शुरू की थी। वह वर्तमान में छायादार वृक्ष बनकर फलीभूत हो रही है और अब महिला आरक्षण के लागू होने के पश्चात महिलाएं सिर ऊंचा कर संसद में अपना उचित प्रतिनिधित्व कर पाएंगी।

**- सोनम लववंशी, स्वतंत्र लेखिका एवं शोधार्थी**

# प्रदेश भर के विद्युत कर्मचारी 6 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विद्युत विभाग के विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा समय-समय पर विभिन्न मांगे प्रमुख सचिव स्तर पर एवं शासन स्तर पर ऊर्जा मंत्री एवं मुख्यमंत्री स्तर तक बार-बार अपनी मांगे रखने के बाद भी केवल आश्वासन ही दिया गया। कर्मचारियों-अधिकारियों के हितों को नजरअंदाज किए जाने से अति आवश्यक सेवा प्रदान कर रहे विद्युत विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी असंतुष्ट है एवं शासन के प्रति आक्रोशित हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि अति आवश्यक सेवा देने के उपरांत भी उनकी मांगों को तवज्जो नहीं मिल रही है, ना ही उनकी बातें सुनी गई। जिसको देखते हुए विद्युत विभाग के सभी संगठन के प्रतिनिधियों शासन स्तर पर ध्यान आकर्षित कराने के लिये प्रत्येक जिला मुख्यालय में एकत्रित होकर महात्मा गांधी की प्रतिमा में पुष्प अर्पित किए गए। इसके अलावा शासन को यह भी जताने का प्रयास किया गया कि बार-बार आश्वासन देकर विद्युत कर्मचारियों तथा विभिन्न विद्युत कर्मचारी संगठनों के साथ विश्वासघात किए जाने के कारण 6 अक्टूबर से आर-पार की लड़ाई अनिश्चितकालीन हड़ताल के रूप में की जाएगी। उक्त अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान किसी भी प्रकार से विद्युत व्यवस्था बिगडने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी जिम्मेदार नहीं होंगे।



इस बार सभी संगठनों ने यह निर्णय लिया है कि जब तक आदेश जारी नहीं किया जाएगा तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त नहीं की जाएगी। अभियन्ता संघ की ओर से हितेश तिवारी, विकास शुक्ला, सुशील पाल, इमरान खान, एसके पचौरी, केके अग्रवाल, सुरेश त्रिवेदी, पुष्पेंद्र पटेल, सोनू पांडेय, नरेंद्र चन्देल, लोकेश उपाध्याय, एसएम राव, पृथ्वीपाल मथारू, केदार अग्निहोत्री, राधाकृष्णन, अंबिकेश शुक्ला, अमित कुमार, इक़बाल खान, जितेंद्र तिवारी, मनीष श्रीवास, नवीन भारती, नरेंद्र पटेल, अभिषेक खटीक, अतुल यादव, दिग्विजय सिंह, देवेंद्र चंडोकर आदि हजारों की संख्या में अभियंता, अधिकारी, कर्मचारी व पेंशनर उपस्थित रहे।



# रादुविवि : परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी होने पर महाकौशल लॉ स्टूडेंट एसोसिशन ने किया विरोध प्रदर्शन

**जबलपुर, देशबन्धु।** महाकौशल लॉ स्टूडेंट एसोसिशन के नेतृत्व में बीएससी प्रथम वर्ष के रिजल्ट में गड़बड़ी सामने आने पर विश्विद्यालय में प्रदर्शन कर कुलपति डॉ. कपिल देव मिश्र को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें एसोसिशन के अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया की विगत दिनों बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित हुआ था, जिसमे अधिकांश छात्र-छात्रों को सप्लीमेंट्री दी गई है, दूसरी तरफ प्राणिशास्त्र एवं विषयों में शून्य या न्यूनतम अंक दर्शित है, साथ ही कुछ छात्रों को परीक्षा देने के बावजूद परीक्षा परिणाम में अनुपस्थित घोषित किया गया है। पूर्व में भी विश्विद्यालय द्वारा इस तरह की लापरवाही सामने आई है, जिससे छात्र-छात्रों का रिजल्ट विश्विद्यालय की लापरवाही के चलते खराब हुआ है। जिसकी जवाबदारी पूर्ण रूप से विश्विद्यालय की है, छात्र का कॉपी री-चेक में हजारों रुपए बर्बाद हो रहे हैं। जिसमें सुधार करना विश्वविद्यालय की नैतिक जिम्मेदारी है। जिसमें एसोसिशन ने मांग किया है कि जिन छात्र-छात्रों को 10 अंक से कम प्राप्त हुआ है उनका बिना कॉपी री-चेक का फॉर्म भरवाए एवं बिना किसी शुल्क के उनकी कॉपी उस विषय के किसी एक्सपर्ट से पुन: चेक करवाई जाए। इस मौके पर अंकुश चौधरी, मोहित पियासी, रोहित कुरील, शुभम प्रजापति, हर्ष प्रताप सिंह, रोहित नामदेव, सौरभ सोनकर, रोबिन जैन, दर्शित जैन, मुकेश प्रसाद चौधरी, शभांशु सिंह, सुहेल खान, रमानिवास पटेल, मनीष चक्रवर्ती, लक्ष्मी प्रसाद, नैनसी सोनी, करुणा, आकांक्षा, प्राकृति, रोशनी, रिचा, शिवानी, उपस्थित रहे।

# रेलवे ने पुष्पांजलि के साथ बापू और शास्त्रीजी को किया याद



**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर जबलपुर रेल मंडल कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा श्री शास्त्री के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करके उनके बताए मार्ग पर चलने को आज की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा सहित मंडल के शाखा अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, जेपी सिंह, यशवंत सिंह, विराट गुप्ता, नितेश कुमार सोने, मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. निर्मला गुप्ता सहित अनेक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी भी उपस्थित थे।

**वाणिज्य विभाग में भी पुष्पांजलि कार्यक्रम-** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सीनियर डीसीएम राजेश शर्मा, डीसीएम नितेश कुमार सोने तथा एसीएम पंकज दुबे, अखिलेश नायक, गुन्नार सिंह सहित मंडल के सभी वाणिज्य निरीक्षक तथा अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# ननिजनसुनवाई में प्राप्त हुए 12 प्रकरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार अपर आयुक्त वित्त विद्यानंद बाजपेयी ने मंगलवार को जनसुनवाई कक्ष में प्रात: 11: 00 बजे से 1: 00 बजे तक नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान साफ-सफाई, अतिक्रमण, जल एवं अन्य योजनाओं से संबंधित 12 जनसमस्याएं प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। अपर आयुक्त वित्त विद्यानंद बाजपेयी ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण के लिये प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएं सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया।

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में 1 डी लिट्, 95 शोध उपाधि व 120 स्वर्ण पदक दिये जायेंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का 35वां दीक्षांत समारोह मध्यप्रदेश के ीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार, 5 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है। इस दीक्षांत समारोह में कु. अंजली श्रीवास्तव को एमए, एमकॉम, एमएससी व एमएचएससी परीक्षाओं के सर्वाधिक कुल 7 स्वर्ण पदक दिए जाएंगे।

कु. अनुज्ञा सिंह को 5 स्वर्ण पदक, कु. मानसी सीरवानी को 5 स्वर्ण पदक और कु. विनीता तिवारी को 4 स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। मंगलवार को रादुविवि के कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र के मार्गदर्शन में पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले उपाधि धारकों एवं स्वर्ण पदक धारकों द्वारा रिहर्सल की गई। पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में उपस्थित में सभी उपाधि व पदक धारकों द्वारा स्टेप टू स्टेप रिहर्सल की गई। दीक्षांत समारोह मुख्य समन्वयक प्रो. एस. एस. संधू ने बताया कि दीक्षांत समारोह की सभी



तैयारियां पूर्ण कर ली गई। दीक्षांत समारोह में 1 डी लिट् 95 शोध उपाधि एवं 120 स्वर्ण पदक वितरित किए जाएंगे। वहीं आज 4 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में सभी शोध उपाधि धारकों एवं स्वर्ण पदक धारकों की ड्रेस के साथ फाईनल रिहर्सल की जाएगी। साथ ही पुलिस बैंड के साथ अभ्यास किया जाएगा। रिहर्सल के दौरान कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा, प्रो. राकेश बाजपेई, प्रो. ममता राव, प्रो. दिव्या बागची, प्रो. एन.जी. पेण्डसे, डीएसडब्ल्यू प्रो. विवेक मिश्रा, डॉ. विशाल बन्ने, डॉ. अश्विनी जयसवाल, डॉ. देवीलता रावत, सुनीता देवड़ी, डॉ. रजनी शर्मा आदि उपस्थित थे।




# विधायक रोहाणी ने शासकीय हाई स्कूल में 20 लाख के कार्यों का किया भूमि पूजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी द्वारा दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड क्रमांक 79 डुमना रोड़ महगवां अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में 20 लाख की लागत से विद्यार्थियों की जीवन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाउंड्री वॉल एवं पेपर ब्लॉक लगाये जाने के लिये भूमि पूजन कराया गया। स्कूल के प्रधान अध्यापक संजय उपाध्याय की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद रजनी साहू, पूर्व मनोनीत पार्षद सोना वर्मा, अटल बिहारी वाजपेई मंडल के उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. श्याम दुबे, वन्दना राजेश ठाकुर, नीलू गोटिया, राजा सिंग, सोमा चौधरी, दीप्ति दारिया, दीपक यादव, मूनेश मिश्रा, एमके श्रीवास्तव, हरेन तिवारी सहित सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चुनाव से पहले पुलिस अधिकारियों के तबादले

## मधुर पटेरिया, प्रभात शुक्ला का नाम भी शामिल, आदेश जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले प्रशासनिक अधिकारियों के तबादलों का दौर जारी है। आए दिन आईपीएस, आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब राज्य शासन के गृह विभाग ने आचार संहिता के लगने से पहले दर्जनों पुलिस कर्मियों के तबादले कर दिए है, वही 2 आईपीएस को भी इधर से उधर किया गया है। इसमें मधुर पटेरिया को तेंदूखेड़ा एसडीओपी व सीएसपी प्रभात शुक्ला को कटनी भेजा गया है। वहीं प्रफुल्ल श्रीवास्तव का उप पुलिस अधीक्ष अजाक जबलपुर भेजा गया है। दूसरी ओर गुना में पदस्थ पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सागर को तबादला करते हुए सेनानी 2 री वाहिनी बिसवल ग्वालियर में पदस्थ किया गया है जबकि सेनानी 2 री वाहिनी बिसवल ग्वालियर में पदस्थ रहे विजय कुमार खत्री को गुना का नया एसपी नियुक्त किया गया है। वाहिनी बिसवल ग्वालियर में पदस्थ रहे विजय कुमार खत्री को गुना का नया एसपी नियुक्त किया गया है।



**थाना प्रभारी इधर से उधर**-इसी कड़ी में शहर में भी थाना प्रभारियों के तबादले इधर उधर किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आधा दर्जन से अधिक थाना प्रभारियों को शहर में बदल दिया गया हैजिसमे कि टीआई प्रवीण धुर्वे गढ़ा से मदन महल, टीआई एमडी नागोतिया हनुमानताल से गोरखपुर, टीआई प्रवीण कुमरे गोरखपुर से बेलबाग, टीआई बेलबाग प्रियंका केवट बेलबाग से क्राइम, टीआई ब्रजेश मिश्रा घमापुर से थाना गढ़ा कर दिया गया है।

# डुमना एयरपोर्ट, गैरिसन ग्राउंड और सर्किट हाउस का क्षेत्र नो फ्लाईंग जोन घोषित

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक तुषारकान्त विद्यार्थी ने आज एक आदेश जारी कर डुमना विमानतल, गैरिसन ग्राउंड, सर्किट हाउस क्रमांक-एक, एमईएस रेस्ट हाउस तथा डुमना विमानतल से गैरिसन ग्राउंड तक आवागमन मार्ग की 15 किलोमीटर की परिधि को सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से अस्थाई तौर पर नो फ्लाईंग जोन घोषित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्रोन नियम 2021 के प्रावधानों के तहत जारी इस आदेश में कहा गया है ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून तथा अन्य प्रकार के फ्लाइंग ऑब्जेक्ट से व्हीव्हीआईपी के प्रस्तावित प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को कोई खतरा पैदा न हो इसलिये इन क्षेत्रों को नई फ्लाईंग जोन अथवा रेड जोन घोषित किया जाना आवश्यक है । उन्होंने आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वायुयान अधिनियम 1934 तथा अन्य सुसंगत धाराओं और अधिनियमों के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी दी है । पुलिस अधीक्षक द्वारा नो फ्लाईंग जोन घोषित करने सबंधी यह आदेश 4 अक्टूबर की सुबह 10 बजे से 5 अक्टूबर की रात 11 बजे तक प्रभावी रहेगा ।

# गांधीग्राम में कांग्रेस ने मनाई गई गांधी जयंती



**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की यादों से जुड़ा ऐतिहासिक गांव गांधीग्राम में उनकी 154वीं जयंती मनाई गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गोसलपुर के गांधीग्राम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष सर्वप्रथम उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण किया एवं पुष्पांजलि समर्पित की। गांधीग्राम से जुड़ी यादों का ज़िक्र किया गया। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. नीलेश जैन ने महात्मा गांधी की देश को आजाद करने में क्या भूमिका रही भाषण में बताया। डॉ. जैन ने यह बताया कि गोडसे देश का पहला आतंकवादी था, जिसने बापू की हत्या की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. नीलेश जैन की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश से शिवदत्त मिश्र ने गांधी कथा सुनाई। कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉक्टर नीलेश जैन, गांधी कथा के वाचक शिवदत्त मिश्र, डॉक्टर प्रशांत मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पटेल, बिहारी पटेल, मोहन चौरसिया, रुक्मणी गोटिया, अमोल चौरसिया, डॉक्टर संजीव वरकडे, राजेश चौबे, डॉक्टर संदीप सिंघई, मनीष पटेल, देवी सिंह लोधी, हरि चौरसिया, सकी चौरसिया, प्रशांत चौरसिया, सुरेंद्र बैरागी, सुभाष यादव, राम लखन पटेल, शुभम श्रीवास्तव, अमोल पटेल, मुकेश पटेल, रमखिरिया अशोक विश्वकर्मा, विनोद राय आदि उपस्थित रहे।

# ठेका प्रथा से टैक्स वसूली का कार्य करने संबंधी प्रस्ताव को एम.आई.सी. ने किया खारिज

## मेयर इन काउंसिल की बैठक में शहर विकास, सुगम यातायात के लिये बड़े निर्णय लिये : महापौर



**जबलपुर, देशबन्धु।** महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल के बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एम.आई.सी. सदस्य शेखर सोनी, एकता गुप्ता, हेमलता दिनेश सिंह सिंगरौल, अमरीश मिश्रा, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, शगुफ्ता उस्मानी गुड्डु नवी, गुलाम हुसैन, मनीष पटैल, दिनेश तामसेतवार, लक्ष्मी गोटिया, एवं आयुक्त स्वप्निल वानखड़े के साथ सभी अपर आयुक्त, सहायक आयुक्त एवं विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे। बैठक के संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने बताया कि मंगलवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक में शहर विकास, सुगम यातायात व्यवस्था और धार्मिक भावनाओं के हित में बड़े निर्णय लिये गए। महापौर श्री अन्नू ने कहा कि मेयर इन काउंसिल की बैठक में टैक्स वसूली ठेके प्रथा से कराने संबंधी प्रस्ताव लाया गया था, जिसे खारिज करते हुए विभाग को प्रस्ताव वापिस किया गया। ठीक इसी प्रकार एल.एन. यादव स्कूल और सामुदायिक भवन को तोड़कर सी.एम. राईजिंग स्कूल बनाने के प्रस्ताव को भी एम.आई.सी. ने निरस्त करते हुए वापिस किया।

महापौर ने बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि शहर के नागरिकों को 100 ए.सी. इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिलेगी, इससे एक ओर शहर में प्रदूषण कम होगा वहीं दूसरी ओर लोगों के प्राईवेट वाहनों के ईधन बचेगा और ए.सी. बस में सफर करने का आनंद उठाएगें।

मेयर इन काउंसिल की बैठक में धार्मिक भावनाओं के हित में अधारताल गुरूद्वारा साहिब पहुँच मार्ग को श्री गुरू रामदास द्वार के नाम से नामकरण करने, आई.एस.बी.टी. बस स्टैण्ड के सामने स्थित उद्यान का नामकरण पूज्य आचार्य विद्यासागर जी के नाम पर करने तथा जैन समाज की मांग पर कीर्ति स्तम्भ स्थापित करने की भी एम.आई.सी. से मंजूरी दी गयी। बैठक में लीज नवीनीकरण एवं अधिकारियों कर्मचारियों के हित में प्राप्त प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान करते हुए सदन की ओर अग्रेषित किया गया।

**स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में ज्ञानोदय छात्रावास के अध्यापकों सहित छात्र-छात्राओं ने की भागीदारी**- स्वच्छ भारत अभियान में जनभागीदारी करते हुए आज रांझी ज्ञानोदय छात्रावास के अध्यापकों सहित छात्र-छात्राओं ने भी भागीदारी की और स्वच्छता के संदेशों को विशाल रैली के माध्यम से पहुंचाने का कार्य किया गया। रैली को क्षेत्रीय पार्षद अनुराग दाहिया ने हरि झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शारदा नगर बस्ती में स्वच्छता का संदेश देते हुए निकाली गई और नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। रैली के समय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 108
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 118
छोटा ब्रॉयलर - रु. 128
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 132
मुर्गा मीडियम - रु. 122
मुर्गा बड़ा - रु. 112
मुर्गा जम्बो - रु. 112
मो.-9039925000, 9425800409

# जिला स्तरीय कृषक सम्मेलन कल

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला स्तरीय कृषक सम्मेसलन का आयोजन पांच अक्टूबर को कृषि उपज मण्डी जबलपुर में किया जाएगा। इसमें जिले के लगभग 500 किसान सम्मिलित होकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का सीधा प्रसारण देखेंगे एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा तकनीकी जानकारी भी प्राप्तक करेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम सतना जिले में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कृषकों को नवीन फसल उत्पादन, उन्नत खेती का तकनीकी प्रशिक्षण, प्रदर्शनी, क्षमतावृद्धि एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ तथा रबी 2022-23 की दावा राशि और किसान सम्मान निधि का सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरण किया जाएगा।







आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड
पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

## श्री क्षमावाणी मेला में जैन समाज क्षमा और अहिंसा का दिया संदेश



**जबलपुर, देशबन्धु।** दिगम्बर जैन महापर्व पर्यूषण की समाप्ति पर अनादिकाल से परम्परागत रूप से कुंवार बदी पंचमी को मनाया गया। श्री क्षमावाणी मेले के माध्यम से जैन समाज ने आपसी भाईचारा, क्षमा एवं अहिंसा का संदेश दिया।

पिसनहारी मढ़िया तीर्थ में विराजित पूज्य आर्यिका 105 आदर्शमति माता, आर्यिका 105 दुर्लभमति माता, आर्यिका 105 अंतरमति माता, आर्यिका 105 अपूर्वमति माता ससंघ के मंगल सान्निध्य में पूर्ण भव्यता के साथ संपन्न हुआ। प्रबुद्धजनों एवं धार्मिक स्त्री पुरुषों के बड़ी संख्या में उपस्थिति के साथ संपन्न धार्मिक क्रियाओं के प्रथम क्रम में श्री जी की रजत रथ पालकी में विराजे तीर्थंकर भगवान की शोभायात्रा श्री पिसनहारी मढ़िया से निकाली गई। महिलाऐं सिर पर मंगलकलश धारण किये थी। रजत रथ पर तीर्थंकर भगवान, रजत पालकी में तीर्थंकर भगवान की शोभायात्रा पिसनहारी प्रांगण से शुरू होकर पुरवा जैन मंदिर के सामने से होती हुई वापिस पिसनहारी प्रांगण के पंडाल पर पहुंची। श्री क्षमावाणी मेले के अवसर पर सांसद राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', विधायक तरूण भनोट, पूर्व मंत्री शरद जैन, पार्षद अनुपम बेंटिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगीता जैन, साधना जैन के द्वारा संगीतमय भजन प्रस्तुत किए गए। प्रचार मंत्री संजय चौधरी ने बताया मेले में धर्म एवं मनोरंजन का सामान मिलता है, वहीं राकेश चौधरी ने बताया सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में गायक अवशेष बेंटिया के भजन मेले में आकर्षण का केन्द्र रहे। आर्यिका रत्न अंतरमति माता द्वारा रचित नाटक ''सती सीता की अग्नि परीक्षा'' का मंचन किया गया। इस मौके पर सुबोध कामरेड, निर्मलचन्द लोहा वाले, जयकुमार मोदी, कोमलचंद पड़रिया, कमल दानी, सुनील जी.पी., उमेश जैन, अजय जैन अज्जू, सहित पंचायत सभा के मुकेश फणीस, अनिल जैन गुड्डा, गौरव जैन, शुभम, नितिन बेंटिया आदि उपस्थित थे।





## चंद्रयान और आदित्य की लांचिंग से इसरो ने भारत को बुलंदी पर पहुंचाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** विज्ञान के ज्ञान की जिज्ञासा जगाने के लिए जरूरी है कि स्कूल स्तर से ही बच्चों में ललक जगाई जाए। इससे जहां उनमें विज्ञान से जुड़ी रोचकता बढ़ेगी, वहीं वे भविष्य के बेहतर रिसर्चर के रूप में तैयार होंगे। यह कहना था जबलपुर आए इसरो के साइंटिस्ट डॉ. नीरज सत्य का।

डॉ. नीरज सत्य से हाल ही में चंद्रयान की सॉफ्ट लैंडिंग और आदित्य एल 1 से जुड़कर महत्वपूर्ण काम किया है। ट्रिपल आईटीडीएम में मंगलवार को महाकोशल विज्ञान परिषद् के तत्वावधान में आयोजित जिज्ञासा कार्यक्रम में वे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

**वैज्ञानिकों के ऋणी हैं हम-** कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. एसपी गौतम ने विज्ञान और आध्यात्म के उदाहरण दिए। ट्रिपल आईटीडीएम के डायरेक्टर डॉ. भारतेंदु कुमार सिंह ने कहा कि हमें अपने पूर्व वैज्ञानिकों का ऋणी होना चाहिए। जिनके कारण भारत दुनिया का सितारा बन चुका है।

इस मौके पर रादुविवि कुलपति प्रो. केडी मिश्र, एमपीसीएसटी वैज्ञानिक डॉ. निपुण सिलावट, परिषद अध्यक्ष डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. मुक्ता भटेले, इंजी. प्रभात दुबे, मुकेश राय, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. अनिरुद्ध मजूमदार, इंजी. के शर्मा, डॉ. कमल कुशवाहा मौजूद थे।

## गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में नई शिक्षा नीति पर दिए सुझाव

**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतरकक्षा भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अगले चरण के लिए जगह पक्की की। प्रतियोगिता में नई शिक्षा नीति पर वक्ताओं ने व्यक्त किए। गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में अंतर कक्षा युवा उत्सव के अंतर्गत प्रतियोगिताएं हुईं। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम अजितेश लखेरा और वाद-विवाद में सूर्यांश रघुवंशी प्रथम रहे। जजमेंट डॉ. तनूजा चौधरी, डॉ. मृदुला सिंह और ज्योति श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर डॉ. प्रीति पाण्डे, डॉ. उषा मसराम, डॉ. रचना ठाकुर, डॉ. आकांक्षा चौरसिया मौजूद रहीं।



## मंचन में शादी की बात...

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक मध्यमवर्गीय परिवार में जब बेटी की शादी होती है तब तमाम जिम्मेदारी लोग बांट लेते हैं। इस दौरान कभी हंसी, मजाक तो कहीं भावनात्मक माहौल बनता है। ऐसा ही माहौल में रसरंग और महाकोशल शहीद स्मारक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित मराठी नाटक मंचन गोष्ठी एका लग्नाची के मंचन में नजर आया। इस मौके पर डॉ. जयंत तनखीवाले, सुरेश मुंजे, विश्वास पाटणकर, शरद आठले, विजय चांदोरकर मौजूद थे।

## शास्त्रीय संगीत से बापू को नमन

**जबलपुर, देशबन्धु।** शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति से कलाकारों ने बापू को नमन किया। सुर और आलाप से कला साधकों ने माहौल को सुरीला बनाया। संगीत संकल्प संस्था के तत्वावधान में बाल उत्सव कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में संस्था के 19 बाल कलाकारों ने जीविका आश्रम में संगीतमय प्रस्तुति दी। उत्सव में श्रद्धा दास गुप्ता, शुभंकर बेरा, सुदर्शना नामदेव, कनिष्क, आराध्या शुक्ला, संगीत पुरी गोस्वामी, सूर्यांश पांडे, शांभवी पंड्या, अमृता, वेददत्त चौबे, नित्यजीत सिंह, आराध्य कौशिक, शौर्य तिवारी मौजूद रहे।

### शासकीय ललित कला संस्थान

## अमृतलाल वेगड़ ने नर्मदा से लोगों को जोड़ा

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी के नर्मदा पुत्र अमृतलाल वेगड़ ने लोगों को नर्मदा परिक्रमा से जोड़ा है। उनकी किताबों नर्मदा परिक्रमा का इतना सुंदर चित्रण किया गया है। जिसके हर संवाद ने लोगों में नर्मदा के प्रति आस्था बढ़ाई है। अमृतलाल वेगड़ की स्मृति में शासकीय ललित कला संस्थान में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में जन भागीदारी अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि ललित कला में सेवाएं देने के बाद उन्होंने स्केचिंग में भी नर्मदा से प्रदूषण दूर करने का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी मौजूद रहीं।

## मधुर गीत कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** उड़ान संगीत संस्था के तत्वावधान में सुमधुर गीतों का कार्यक्रम रानी दुर्गावती संग्रहालय में 4 अक्टूबर को शाम 7 बजे से आयोजित होगा।

## संगीत संध्या

**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतस संस्था के तत्वावधान में कभी भूला कभी याद किया थीम पर संगीत संध्या का आयोजन 7 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे रानी दुर्गावती कलावीथिका में किया जाएगा।

## ग्रेंड महरास गरबा

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमओजे क्लब के तत्वावधान में 27 अक्टूबर को तिलवारा स्थत होटल में शाम 4 बजे से ग्रेंड महरास का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में एक्टर जैनिफर मिस्त्री बंसीवाल मुख्य अतिथि होंगी।



## कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत

**जबलपुर, देशबन्धु।** भागवत कथा श्री राम मंदिर मदन महल में कलश यात्रा का शुभारंभ सुक्तेश्वर मंदिर शक्ति नगर से होकर श्री राम मंदिर मदन महल तक कलश यात्रा का जगह-जगह भाव स्वागत किया गया।

## दुनिया का सितारा बन चुका है देश हमारा

**जबलपुर, देशबन्धु।** इसरो वैज्ञानिक डॉ. नीरज ने बातचीत में बताया कि जिस सपने के साथ डॉ. विक्रम साराभाई ने इसरो की नींव रखी थी, उनके आदर्शों पर हम वैज्ञानिक काम कर रहे हैं। चंद्रयान 3 की लॉन्चिंग के दौरान सेंटर का माहौल ऐसा कि हर किसी के आंखों में आंसू थे। खुशी इतनी थी मानों दुनिया जीत ली हो। चंद्रयान और आदित्य की सफल लॉन्चिंग से भारत ने नई बुलंदियों को छुआ है। लगातार नवाचार के चलते आगे भी इसरो अंतरिक्ष के गूढ़ रहस्यों की खोज करते रहेंगे। डॉ. नीरज ने बताया कि वे खरगौन से 16 किमी दूर बसे एक कस्बे गोगावां से हैं। उनका जीवन संघर्षपूर्ण रहा है। बचपन में गुल बिजली में पढ़ाई करके उन्होंने यह मुकाम पाया है। 2000 में आरकेडीएफ से पासआउट होने के बाद थर्मल डिजाइन प्रोजेक्ट क्षेत्र में काम किया। बचपन से ही अंतरिक्ष से जुड़ी गतिविधियों को जानने की रुचि थी, इसलिए इसरो से जुड़ गए।

## सैय्यद अतहर अली कादरी, चिश्ती रह. का 37वां उर्स संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** हर साल की तरह इस साल भी सैय्यद अतहर अली मास्टर साहब का सालाना उर्स हुआ, जो की विगत 37 साल से मनाया जा रहा है। जिसकी जेरे सरपरस्ती सैय्यद कायम अली साहब ने की। चादर संदल जुलूस 17 रबीउलअव्वल बमुताबिक 3 अक्टूबर 2023 बरोज मंगलवार दोपहर 3 बजे पचकुईया चौक टेलीफोन वाली गली मोहम्मद सुलेमान के घर सै निकलकर टक्कर ग्राम, हड्डी गोदाम ,पचकुइया कब्रिस्तान गेट न. 3 से होते हुए मजारे अकसद पर बाद नमाज असर के बाद पहुंचा और फिर सभी लोगों ने मिलकर चादर, संदल व गुलपोशी की। इस मौके पर सभी ने देश और प्रदेश के लिये दुआ मांगी।

इस अवसर पर अब्दुल लतीफ, अजहर बाबा, सैय्यद ताहिर अली (पार्षद), सैय्यद सज्जाद अली, सैय्यद मजहर अली, मोहम्मद रियाज, मंगल दादा, विलायत हुसैन (इमरान), मो. इमरान(हीरो), मो. शोएब, छोटे, सरफराफ खान, नियाज़ खान, बल्लू बाबा, जमाली बाबा, किबरिया बाबा, शकील उल्ला खान, मो. इनायत, मेहमाने खुसूसी- मोहम्मद अली, मो. असद, युसूफ अली, मो. फिरोज, (बालाघाट), रहमू भाई, अत्तु भाई, (रायपुर) शकील भाई, छोटेरहमान खान, निजामुद्दीन खान, मुकीर भाई (नागपुर), मोहम्मद फैजान, मोहम्मद याकूब, सैयद मोहम्मद अली, सैय्यद मोहतासीम अली, सैय्यद सादाब अली, आदिल खान, असद,खान, आहिल खान, मजीद खान, अरसल्लन, व तमाम मोहिब्बाने हजरात सैय्यद अतहर अली (मास्टर साहब)र.ह. आप तमाम लोगों से गुजारिश है कि उर्स शरीफ में शामिल होकर फैजेयाब हों।

### धूमधाम से निकला चादर संदल जुलूस



## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 22 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी, नक्षत्र-अष्टमी।**

**मेष** — आज के दिन का आरंभ बहुत अच्छा होगा। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा बना रहेगा। दोपहर के बाद नए काम करने की सलाह आपको नहीं दी जाती है।

**वृषभ** — व्यापार में यश और सफलता मिलेगी। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा। विरोधियों को पीछे छोड़ पाएंगे।

**मिथुन** — आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे।

क.

**कर्क** — हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है।

**सिंह** — आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है।

**कन्या** — आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा।

**तुला** — आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिक** — आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें।

**धनु** — व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा।

**मकर** — आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है।

**कुंभ** — आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं।

**मीन** — आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मा.

## रेवा की राह पत्रिका का विमोचन



**जबलपुर, देशबन्धु।** रेवा की राह पत्रिका का वार्षिक आयोजन 2 अक्टूबर को रानी दुर्गावती संग्रहालय स्थित हीरालाल राय कला विथिका में संपन्न हुआ, उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. डॉ. छाया राय ने की, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार काशीनाथ शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ प्राची सक्सेना रही।

डॉक्टर छाया राय रेवा की राह पत्रिका की सराहना करते हुए कहा की पत्रिका के माध्यम से नर्मदा संरक्षण के ऊपर किया जा रहे कार्य सराहनीय हैं, हम सभी को आगे आकर ऐसे कार्य करना चाहिए, डॉक्टर प्राची सक्सेना ने अपने वक्तव्य में कहा कि रेवा हम सब की है और हम सभी को अपने-अपने स्तर पर इसको को साफ बनाए, रखने के लिए कुछ ना कुछ कार्य अवश्य करना चाहिए, उन्होंने पत्रिका के संस्थापक एवं संपादक विनीत को उनके कार्य के लिए शुभकामनाएं दी।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार काशीनाथ ने कार्य की सराहना करते हुए कहा कि आज के युग में पत्रिका को लगातार बनाए रखना वा उसे सुचारू रूप से चलाना बहुत ही कठिन कार्य है मैं ऐसे कार्य की सराहना करता हूं कार्यक्रम में महात्मा गांधी पर केंद्रित पत्रिका का लोकार्पण किया गया, तत्पश्चात शहर के जाने-माने गायक दिलीप कोरी द्वारा शानदार भजनों गजलों एवं सदाबहार नागमन की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ चित्रकार शरणजीत गुरु द्वारा चित्रकला में विभिन्न माध्यमों से उकेरे गए गांधी जी के चित्रों की एक प्रदर्शनी भी दर्शकों के अवलोकनाथ के लिए लगाई गई। इस प्रदर्शनी का भी भरपूर आनंद कला प्रेमियों ने लिया, और चित्रों की सराहना की, इस कार्यक्रम में डॉक्टर हर्ष तिवारी, मुकुल यादव, अनिमेष शुक्ला, राजेंद्र तिवारी, राजेंद्र मिश्रा, मल्हार यादव, आयुष्मान ने सहयोग प्रदान किया।

### अमृत महोत्सव का कवि सम्मेलन आज

## वरिष्ठ समाजसेवी व संयोजक मथुरा जैन उत्साही का सम्मान करेगी शहर की विभिन्न संस्थाऐं

**जबलपुर,देशबन्धु।** कला साहित्य व संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए संस्कारधानी की लगभग 30 संस्थाओं द्वारा आज वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रसिद्ध संयोजक मथुरा जैन उत्साही का सम्मान किया जायेगा। इस अवसर पर कवि सम्मेलन भी आयोजित होगा। आयोजन समिति के संयोजक पं. मनीष तिवारी ने बताया कि लगभग 50 वर्षों से संस्कारधानी में कला, सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्यिक व खेल जगत से जुड़े आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे सुविख्यात संयोजक मथुरा जैन उत्साही का अमृत महोत्सव 4 अक्टूबर आज शाम 4.30 बजे से श्री जानकीरमण महाविद्यालय आगा चौक बल्देवबाग में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक लखन घनघोरिया करेंगे मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं विशिष्ठ अतिथि विधायक विनय सक्सेना रहेंगे। शशि एवं वरिष्ठ पत्रकार रवि बाजपेयी उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने संस्कारधानी के साहित्य प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।



## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती बटो बाई रघुवंशी**- टैगोर कॉलोनी निवासी श्री मंसाराम रघुवंशी की धर्मपत्नी श्रीमती बटो बाई रघंवशी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील दत्त शर्मा**- गोपी सेठ का बाड़ा शीतलामाई निवासी श्री सुनील दत्त शर्मा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शांति लाल जैन**- मां नर्मदा होम्स बिलहरी निवासी श्री शांति लाल जैन (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विकास सिंह लोधी**- बढ़ई मोहल्ला फूटाताल निवासी श्री विकास सिंह लोधी (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती वैजंती बाई पाठक**- ब्यौहारबाग निवासी श्री राम नारायण पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती वैजंती बाई पाठक (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रोशनी जाट**- पूर्वी बेलबाग निवासी श्री प्रकाश जाट की धर्मपत्नी श्रीमती रोशनी जाट (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शीला खरे**- बाजनामठ मेडिकल रोड निवासी श्री विश्वनाथ प्रसाद खरे की धर्मपत्नी श्रीमती शीला खरे (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा सोनी**- दरहाई सराफा निवासी श्री राजेंद्र सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती आशा सोनी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई पटेल**- यादव कॉलोनी उखरी रोड निवासी श्री हुकुमचंद पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई पटेल (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नरेंद्र सिंह पगारे**- शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री नरेंद्र सिंह पगारे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री आरएस तिवारी**- न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री आरएस तिवारी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सतीश चंद्र डनायक**- विकास नगर विजयनगर रोड निवासी श्री सतीश चंद्र डनायक (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री शशि भूषण पांडे**- वत्सला हिल्स सैनिक सोसायटी शक्ति नगर निवासी श्री शशि भूषण पांडे (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## ओल्ड पेंशन के लिए आज जुटेंगे हजारों कर्मचारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र विद्युत मण्डल अभियंता संघ, ओल्ड पेंशन महासंघ ने बताया कि ओल्ड पेंशन महासंघ मध्यप्रदेश के तत्वाधान में राज्य कर्मचारियों निगम, मण्डल, बोर्ड, नगर पालिका, जिला पंचायत, जनपद पंचायत में कार्यरत कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन सहित निम्नांकित मुददों पर तरूण भानोट पूर्व मंत्री मप्र शासन विधायक पश्चिम के मुख्यातिथ्य तथा जगत बहादुर अन्नू की अध्यक्षता में आज सायं 5 बजे शॉन एलिजे होटल, तिलवाराघाट जबलपुर में एक परिचर्चा आयोजित की जा रही है :-

1. प्रदेश के कर्मचारियों को 31 दिसम्बर 2004 की स्थिति में जस की तस ओल्ड पेंशन दी जावे। 2. प्रदेश के समस्त नगर पालिक निगमों में संविदा कलचर समाप्त करते हुए नियमित पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति की जाये। 3. 01 जुलाई 1998 के पश्चात नियुक्त शिक्षाकर्मी/संविदा शाला शिक्षक जो वर्तमान में उच्च माध्यमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक प्राथमिक शिक्षक हैं उन्हें नियुक्ति दिनांक में वरिष्ठता का लाभ प्रदान किया जावे। 4. रमेश चन्द्र शर्मा हाई (पावर कमेटी) अनुशसायें मान्य करते हुए लिपिकों की वर्षो से चली आ रही वेतन विसंगति दूर की जाये। 5. मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में ज्वाइंट वेन्चर दूर की जाये। 6. मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में सातवें वेतनमान में 03 स्टार मैट्रिक्स विलोपित किया जावे। 7. प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जावे। मप्र विद्युत मण्डल अभियंता संघ के विकास शुक्ला, हितेश तिवारी, सुरेश त्रिवेदी, मनोज तिवारी, इकबाल खान, केके शुक्ला, सुमंत मिश्रा, अजय सिंह, नरेन्द्र चन्देल, प्रशांत, अम्बिकेश पंडित योगेन्द दुबे, पं. राम दुबे, आरके चतुर्वेदी, चुन्नीलाल तानवेस, महेश तिवारी, कल्पना दुबे, बसंत पाण्डेय, गणेश शुक्ला, चन्द्रशेवर उपाध्याय, श्यामलाल शर्मा आदि ने बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# विसर्जन का दौर खत्म, कुंड में गणेश प्रतिमाएं गंदगी में पड़ी, युवाओं में आक्रोश







## निगम प्रशासन के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

**जबलपुर, देशबन्धु।** गणेश उत्सव समाप्त हो गया है। फिर भी संस्कारधानी में गणेश विसर्जन का दौर बीती रात तक चलता रहा। गणेश चतुर्थी के इन 10 दिनों में लोगों ने अपने घरों व सार्वजनिक तौर पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर बड़े ही श्रद्धा भाव से उनकी पूजा, अर्चना और अराधना की। फिर दसवें दिन उनकी नम आंखों से विदाई दी। किसी ने गौरीघाट तो किसी ने हनुमानताल तो किसी ने तिलवारा घाट में अपने-अपने गणेश जी का विसर्जन किया। लेकिन इन सब से हट के भटौली कुंड में विसर्जन के लिये आयी गणेश प्रतिमाओं की दुर्दशा देखने को मिली। जिससे क्षेत्रीय लोग आक्रोशित हो गये। कुंड में प्रतिमाओं का अपमान होते देख क्षेत्रीय युवाओं ने नारे बाजी की और महापौर को ज्ञापन देने की बात कही।

**नगर निगम पर लगाये गंभीर आरोप-**

क्षेत्रीय युवा आशीष मिश्रा अपने साथियों के साथ भटौली कुंड पहुंचे जहां उन्होंने देखा कि यहां विसर्जन के लिये आयी प्रतिमाएं बेतरतीब अवस्था में पड़ी हैं। जो पूर्ण रूप से विसर्जित भी नहीं हो पायी थी। साथ ही कुंड में आस-पास गंदगी का माहौल बना रहा जहां प्रतिमाएं पड़ी हुई थी। आशीष मिश्रा ने बताया कि कुंड को करोड़ों की लागत से बनाया गया है। लेकिन यहां कोई रखरखाव नहीं है। पानी में कीड़े बिलबिला रहे हैं और चारों तरफ गंदगी का आलम पसरा है और प्रतिमाओं की ऐसी हालत देख क्षेत्रीयजनों में आक्रोश है। हिंदुवादी संगठन इस संबंध में आगे आवाज उठाने नहीं आता जो शर्म की बात है। यह जो परिस्थितियां आज बनी है यह दशहरा के समय न बने, इसके लिये सभी युवा महापौर को एक ज्ञापन देंगे। तथा उनसे मांग करेंगे कि भटौली कुंड का जल्द से जल्द जिर्णोद्धार किया जाये। जिससे धार्मिक भावनाएं आहत न हों।

# अधारताल में युवक को गोली मारने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

## 1 पिस्टल, 4 कारतूस, 1 एक्सिस बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल थाना क्षेत्र में 28 सितंबर को संजय नगर शंकर होटल के आगे गाडी धुलाई गैरिज के पास बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी थी। जिसके बाद क्षेत्रीयजनों ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया था। घायल को मेडिकल कॉलेज ले जाये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को घायल अमित जोशी उम्र 34 वर्ष निवासी अम्बेडकर कॉलोनी थाना अधारताल का उपचारार्थ भर्ती मिला। जिसके कथन देने योग्य स्थति में न होने पर मनोज गोटिया उम्र 37 वर्ष निवासी सुभाष नगर भड़पुरा ने बताया की 28 सितंबर को शाम 6 बजे बाबूलाल राजपूत ठाकुर, एवं राहुल उर्फ फादर पटेल तीनों गोलू यादव के पान ठेले के पास बैठकर शराब पी रहे थे। वही कुछ दूरी पर फिरोज खान एवं जरताब खान दोनों बैठकर शराब पी रहे थे। उसी समय अमित जोशी अपनी एक्टिवा गाड़ी से आया एवं अपनी गाड़ी खड़ी किया। उसी समय फिरोज खान एवं जरताब खान दोनों गाली गलौज करते हुऐ अमित को हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगे एवं जरताब खान ने हाथ में रखे पिस्टल को फिरोज खान ने छीना और जान से मारने की नियत से अमित पर गोली चला दिया। जिसके बाद दोनों अपनी एक्सिस गाड़ी में बैठकर भाग गये। पुलिस की गठित टीम जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि दोनों आरोपी भाग कर मुगलसराय बनारस पहुंचे हैं, जहां एक टीम रवाना की गयी। टीम द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही थी उसी दौरान दोनों आरोपी भाग कर जबलपुर वापस आ गये। 3 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली कि फिरोज खान उम्र 38 वर्ष निवासी कटरा एवं जरताब खान उम्र 40 वर्ष निवासी अम्बेडकर कॉलोनी कटरा में दिखाई दिये हैं। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को कटरा में पकड़ा गया है।

# शराब व गांजा की तस्करी करते 3 आरोपी पकड़े गये

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के गोहलपुर, लार्डगंज और गोरखपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब व गांजा तस्करों को रंगे हाथों दबोचा है। जिनसे बड़ी मात्रा में शराब व गांजा बरामद किया गया है। इस संबंध में गोहलपुर थाना प्रभारी राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक जागृतिनगर अमखेरा रोड मैदान गोहलपुर में अधिक मात्रा में शराब बेचने के लिये रखा है। पुलिस तत्काल सूचना पर जागृति नगर के पास मैदान में दबिश दी। जहां एक युवक पुलिस को देखकर दोनों प्लास्टिक की बोरियों को छोड़कर भागने लगा। जिसे पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम राहुल चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कछारगांव थाना स्लीमनाबाद जिला कटनी वर्तमान पता कंचननगर अअधारताल बताया। जिसकी तलाशी लेने पर वह अपने पास दो प्लास्टिक की बोरियों कुल 307 पाव रखे मिला। जिसे जप्त करते हुये पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

**लार्डगंज में तस्कर गिरफ्तार-** इसी प्रकार लार्डगंज थाना में मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि करबला दीवाल के बाजू से एक युवक देशी शराब की पेटी लिये बेचने के लिये खड़ा है। जिस पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां एक युवक करबला तालाब के पीछे दीवाल के बाजू से एक पेटी लिये खड़ा दिखा। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम मारछल्ला कोरी उम्र 27 वर्ष निवासी उजारपुरवा गली नम्बर 6 लार्डगंज बताया। जिसके पास से पुलिस ने कार्टून में 50 पाव देशी शराब के रखे मिला। तथा शराब के संबंध में पूछताछ करने पर करबला तालाब के पास दीवाल के बाजू से और 5 पेटी शराब बोरों से ढककर रखना बताया। पुलिस ने आरोपी की निशादेही पर 5 पेटी शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 300 पाव देशी शराब जप्त करते हुये अपराध दर्ज कर लिया है।

**गोरखपुर में गांजा बेचते अधेड़ धराया-** इसी क्रम में गोरखपुर थाना क्षेत्र के महर्षि स्कूल के बगल के मैदान में खण्डरनुमा स्थान पर जगतपाल सोनकर उम्र 53 वर्ष निवासी कैलाशपुरी गुप्तेश्वर मंदिर के सामने गोरखपुर बताया। 500 ग्राम गांज के साथ पकड़ा गया है।

# जिले भर में पुलिस की कार्रवाई से बदमाशों में हड़कंप

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में बढ़ते अपराधों को देखते हुये लोगों में भय व्याप्त हो गया है। आये दिन शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस आदतन अपराधियों को पकड़ रही है। जिन पर रासुका व अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध भी दर्ज किये जा रहे हैं। प्रदेश में चुनावी महौल व त्यौहार भी शुरू होने वाले हैं। जिसके मद्देनजर पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी द्वारा जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध हथियार के कारोबार एवं फायर आर्म्स रखकर घूमने वाले बदमाशों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिये आदेशित किया गया है। थाना प्रभारियों के द्वारा कार्यवाही करवाते हुये 17 बदमाशों को देशी 10 पिस्टल, 4 कट्टा, 3 रिवाल्वर, 21 कारतूस के साथ पकड़ा गया है।

लार्डगंज थाना क्षेत्र के मुक्तिधाम गेट के पास दबिश देते हुये राजू केवट उम्र 19 वर्ष निवासी सर्वोदय नगर पानी टंकी के पीछे रानीताल को गिरफ्तार कर आरोपी से 1 रिवाल्वर एवं 2 कारतूस जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज लिया गया है। इसी प्रकार शताब्दीपुरम केशरवानी कॉलेज के पास आकाश पटैल उम्र 18 वर्ष निरवासी उजारपुरवा बाबली के पास लार्डगंज को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से रिवॉल्वर एवं 2 कारतूस जप्त किये गये हैं। पीएनटी कॉलोनी गेट नम्बर 1 के सामने नीम के पेड़ के पास दबिश देते हुये अर्जुन डुमार उम्र 21 वर्ष निवासी उजारपुरवा बस्ती लार्डगंज को गिरफ्तार कर देशी कट्टा एवं 1 कारतूस जप्त किया गया है।

इसी प्रकार नेशनल अस्पताल के पास गोलबाजार में पुलिस ने दबिश देते हुये उमेश बंजारा उम्र 30 वर्ष निवासी झरखुर्पा थाना सिंगपुर जिला नरसिंहपुर वर्तमान पता कचनार सिटी विजयनगर को गिरफ्तार कर 1 पिस्टल एवं कारतूस जप्त किया है।

वहीं पनागर में क्राईम ब्रांच एवं थाना पनागर की टीम ने कुशनेर ओवर ब्रिज के पास नाकाबंदी करते हुये रंजीत साहू उम्र 24 वर्ष निवासी जगदीश अखाड़ा के पास गेट नम्बर 1 रानीताल लार्डगंज को गिरफ्तार कर पिस्टल व कारतूस, बिना नम्बर की एक्सिस के जप्त की है। इसी प्रकार देवरी रेल्वे स्टेशन अण्डर ब्रिज के पास नाकाबंदी करते हुये निखिल केवट उर्फ निक्की उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम रैपुरा को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा एंव कारतूस जप्त बरामद किया है। इसी प्रकार पड़ाव चौराहा के पास नाकाबंदी करते हुये अभिषेक केवट उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम रैपुरा को गिरफ्तार कर देशी 1 कट्टा एंव कारतूस जप्त किया गया है।

सिविल लाईन थाना में पुलिस ने शैलेश गोटिया उर्फ बिटटू उम्र 24 वर्ष निवासी न्यू कॉलोनी चेरीताल कन्या शाला के पीछे कोतवाली को गिरफ्तार कर देशी 1 पिस्टल एवं 1 कारतूस जप्त किया गया है। इसी प्रकार अमित कुमार चौधरी उम 24 वर्ष निवासी सिविल लाईन को गिरफ्तार कर 1 पिस्टल, 1 कारतूस एवं 1 चाकू जप्त किया गया है। वहीं बर्न कम्पनी ग्राउण्ड पर मिट्टी के ढेर के पास संदीप उर्फ गोलू केवट उर्फ काली बिंदी उम्र 30 वर्ष निवासी होमगार्ड ऑफिस के पीछे रेल्वे सिविल लाईन को पुलिस ने गिरफ्तार कर देशी रिवॉल्वर तथा एक कारतूस जप्त किया है। इसी तारतम्य में बरेला अंतर्गत चौकी गौर में कटिया घाट पीली बिल्डिंग के पास दबिश देते हुये पुलिस ने राहुल सेन उम्र 22 वर्ष निवासी कटिया को गिरफ्तार कर आरोपी से देशी कट्टा, 1 कारतूस जप्त किया है। गोहलपुर थाना में यश दुबे उम्र 19 वर्ष निवासी शंकर नगर माढोताल से 1 पिस्टल , 2 कारतूस जप्त किये गये है।

तिलवारा थाना क्षेत्र में जोधपुर पड़ाव पुल के किनारे पुलिस ने दबिश देते हुये मनोज कुमार साहू उम्र 32 वर्ष निवासी देवरी मुरलीधर गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को गिरफ्तार कर 1 पिस्टल एवं 1 कारतूस जप्त किया है।

संजीवनी नगर थाना क्षेत्र में कुंगवा स्कूल के पास पुलिस ने दबिश देते हुये प्रिंस उर्फ प्रशांत कोष्टा उम्र 23 वर्ष निवासी कुंगवा धनवंतरी नगर को गिरफ्तार कर आरोपी से देशी 1 पिस्टल एवं 2 कारतूस जप्त किया है। इसी प्रकार ओरियंटल कॉलेज के पास दबिश देते हुये पुलिस ने सुनील पटैल उम्र 28 वर्ष निवासी बेनीखेड़ा थाना भेड़ाघाट को गिरफ्तार कर देशी 1 पिस्टल एवं 1 कारतूस जप्त किया है। इसी प्रकार थाना गोरखपुर में पुलिस ने बंसत चौधरी उम्र 24 वर्ष निवासी गणेशगज स्कूल के पास बड़ा पत्थर रोड थाना रांझी को गिरफ्तार कर देशी 1 पिस्टल एवं 1 कारतूस जप्त किया है।

पाटन थाना में चौधरी मोहल्ला में ईमली के पेड के पास दबिश देते हुये पप्पू रैकवार उम्र 30 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला पाटन के गिरफ्तार कर देशी 1 पिस्टल एवं 1 कारतूस जप्त किया है।





## 17 आदतन अपराधियों से पिस्टल कारतूस जप्त

# बिजना गांव को ग्राम पंचायत बनाएं बनाने गांववासियों ने कलेक्टर सौंपा मांग पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** बिजना गांव को ग्राम पंचायत बनाएं जाने की मांग को लेकर बिजना निवासी मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे, और उन्होंने कलेक्टर को मांग पत्र सौंपकर ग्राम बिजना को ग्राम पंचायत बनाएं जाने का आग्रह किया। अपने गांव को ग्राम पंचायत बनाए जाने की मांग को लेकर शहपुरा जनपद पंचायत के ग्राम बिजना के सैकड़ों ग्रामीण कलेक्ट कार्यालय जबलपुर पहुंचे। गांव की जनसंख्या 5000 से अधिक और मतदाताओं की संख्या तकरीबन 1300 है। ग्राम पंचायत मगरमुहा होने के कारण ग्राम वासियों को अनेक समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है।

# मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे विद्या विहार कॉलोनी वासी

**जबलपुर,देशबन्धु।** गांवों में डव्लपर्स कालोनी बसाते समय प्लाट खरीदने वालों को अनेक प्रकार की बिजली, सड़क, पानी जैसी अनेक लुभावनी सुविधाओं का सब्जबाग दिखाकर प्लॉट बेच देते है। लेकिन प्लाटों की बिक्री होने के बाद पलट कर भी नहीं देखते। ऐसी ही एक कालोनी ग्राम बरगी में है, जहां बिल्डर ने विद्या विहार कालोनी में लोगों सुविधाओं को सांझा देकर कालोनी तो बसा दी। लेकिन तीन साल बाद कालोनीवासी बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे है।



# आरक्षण अधिनियम का नहीं किया पालन, दर्ज की जाये एफआईआर

## याचिका में चाही गई राहत, हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** सब इंजीनियर भर्ती में आरक्षण अधिनियम 1994 के प्रावधानों का पालन नहीं किये जाने को कटघरे में रखा गया है। दायर मामले में राहत चाही गई कि मप्र पुलिस आवास तथा अधोसरंचना विकास निगम के प्रबंध संचालक के खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिये जाये। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

सिवनी निवासी रश्मि राय की ओर से यह याचिका दायर की गई। जिसमें कहा गया कि प्रदेश के 34 विभागों में सब इंजीनियरों की भर्ती साल 2022 में कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से की गयी थी। मध्य प्रदेश पुलिस आवास एव अधोसरंचना विकास निगम की मैरिट लिस्ट में उसने 120.61 अंक हासिल कर उच्च स्थन प्राप्त किया था। मैरिट लिस्ट में कम अंक प्राप्त करने वाले अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियुक्ति-पत्र जारी किया गया। याचिका में कहा गया था कि उक्त परीक्षा में आरक्षण अधिनियम 1994 के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया। अधिनियम के अनुसार आरक्षित वर्ग के मेरिटोरियस अभ्याथियों को अनारक्षित वर्ग में चयनीत किया जाना चाहिये था। आरक्षण अधिनियम का पालन नहीं करने के कारण निगम के प्रबंध संचालक के खिलाफ नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये जाये। एकलपीठ ने नियुक्ति को अंतिम आदेश के अधीन रखते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई 20 नवम्बर को निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने पैरवी की।




## नाबालिगा से दुराचार करने वाले को दस साल की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक नाबालिगा को समोसे में बेहोशी की दवा खिलाकर उसे बंधक बनाकर दुराचार करने वाले आरोपी रंजीत लोधी को अदालत ने दोषी करार दिया। पाक्सो के विशेष न्यायधीश ने रंजीत लोधी को दस साल के सश्रम कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इसके साथ ही अदालत ने दो लाख रुपये की प्रतिकर राशि पीड़िता को प्रदान किये जाने के आदेश दिये है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि पाटन थाने में पीड़िता की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी गई थी। जिसके बाद 4 मई 2019 को पीड़िता दस्तयाब हुई। जिसने बताया कि वह 19 अप्रैल 2019 को पवई के हनुमान मंदिर में नारियल फोड़ने गई थी। जहां रास्तें में गांव का पंकज परधान व रंजीत लोधी निवासी चंद्रभान पिपरिया का मिला। रंजीत ने उसे एक समोसा खाने के लिये दिया, जिसे खाने के बाद वह बेहोश हो गई। दो दिन बाद जब उसे होश आया तो वह इंदौर में एक कमरे में थी। रात में रंजीत आया और उसके दो तीन मर्तबा गलत काम किया। शिकायत पर पुलिस ने अपहरण, दुराचार व पाकसो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर अदालत ने आरोपी रंजीत लोधी को उक्त सजा व जुर्माने से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी स्मृतिलता बरकड़े ने पैरवी की।

## अवमानना मामले में आज होगी सुनवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल रामकुमार चौबे सहित अन्य के विरुद्ध दायर अवमानना याचिका पर आज 4 अक्टूबर को सुनवाई होगी। अवमानना याचिकाकर्ता सिंगरौली निवासी अधिवक्ता ब्रजेश कुमार शाहवाल की ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह, उदय कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि की रजिस्ट्री ने हाईकोर्ट के ही आदेश-निर्देश का पालन नहीं किया । मामला आरक्षण प्रकरण सूचीबद्ध नहीं किए जाने के रवैये को चुनौती से संबंधित है। दरअसल, हाईकोर्ट की युगलपीठ ने चार अगस्त 2023 को आदेशित किया था कि ओबीसी आरक्षण से संबंधित प्रकरण चार सितंबर 2023 के सप्ताह में सुनवाई के लिए रखे जाएं। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इतना ही नहीं रजिस्ट्री कार्यालय ने अवमानना याचिका चीफ जस्टिस की बेंच के समक्ष लिस्ट कर दी है। ऐसा करके रजिस्ट्री ने एक बार पुन: अवमानना की है। ऐसा इसलिए कि चीफ जस्टिस की बेंच ने 10 मई 2022 को एक याचिका की सुनवाई के दौरान आदेश दिया था कि जिस भी केस में विनायक प्रसाद शाह का नाम अधिवक्ता के रूप हो, उन प्रकरणों को उनकी बेंच में लिस्ट नहीं किया जाए।



# जबलपुर-निजामुद्दीन ट्रेन में पकड़ा गया फर्जी टीसी

**जबलपुर, देशबन्धु।** यात्री रेलगाड़ियों में चोरी और लूट की वारदातों के बाद जालसाजों द्वारा नया तरीका अपनाया गया है। जिसमें फर्जी टीसी बनकर यात्रियों को लूटा जा रहा है। इसी कड़ी में पमरे में मंगलवार को 22181 जबलपुर-निजामुद्दीन सुपरफास्ट में कार्यरत डिप्टी सीटीआई राजेश मिश्रा एवं संजय कुमार के द्वारा यात्रियों की टिकट चेक करते हुए एक फर्जी टीसी को पकड़ा है। जिसे कटनी स्टाफ को अगली कार्यवाही के लिये सुपुर्द किया गया है।

# मुख्य मार्ग पर 15 फीट का अजगर देख राहगीरों के होश उड़े

**जबलपुर, देशबन्धु।** डुमना रोड पर गाहे बगाहे कोई न कोई जीव जंतु निकल ही जाता है। जंगल क्षेत्र से जुड़ा होने के कारण यहां आसपास के क्षेत्रों में जहरीले जीव घरों तक में घुस जाते हैं। इसी कड़ी में डुमना रोड पर देर रात बीच सड़क पर 15 फीट का अजगर बैठ देख राहगीरों की सांसे ही अटक गई। जो जहां था वहीं खड़ा रहा। जिसके बाद राहगीरों ने वन विभाग को सूचित किया। लेकिन तब तक सड़क पर आवाजारी बंद रही। कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे वन अमले ने बैरिकेट्स लगाकर रोड को खाली किया और अजगर का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। इस संबंध में वनपाल गुलाब सिंह ने पूरी जानकारी देते हुए बताया कि देर रात डुमना रोड पर अजगर ने दोनों ओर से जाम लगा दिया जो किसी का शिकार करके आया था। भारी भरकम अजगर को देखकर राहगीर भयभीत हो गए, इसके बाद अजगर को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया है।



# दयोदय एक्सप्रेस सहित 8 जोड़ी गाडियों का पमरे के इन स्टेशनों पर मिला ठहराव

**जबलपुर, देशबन्धु।** यात्रियों की सुविधा के लिये रेल मंत्रालय द्वारा आठ जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों का पमरे के कोटा मंडल में अलग-अलग स्टेशनों झालावाड़ रोड, चौमहला, सालपुरा, अंता, गंगापुर सिटी एवं नारायणपुर टटवाड़ा पर छः माह के लिए प्रायोगिक ठहराव किया गया है। गाड़ी संख्या 19037/19038 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी-बांद्रा टर्मिनस अवध एक्सप्रेस दोनों दिशाओ में 4 अक्टूबर से झालावाड़ रोड स्टेशन पर रूकेगी. बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का झालावाड़ रोड़ में आगमन/प्रस्थान सुबह 10.57/10.58 बजे एवं बरौनी से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का झालावाड़ रोड़ में आगमन/प्रस्थान दोपहर 13.24/13.25 बजे होगा।

गाड़ी संख्या 19019 बांद्रा टर्मिनस-हरिद्वार 4 अक्टूबर से एवं गाड़ी संख्या 19020 हरिद्वार-बांद्रा टर्मिनस 5 अक्टूबर से झालावाड़ रोड स्टेशन पर रूकेगी. बांद्रा टर्मिनल से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का झालावाड़ रोड़ में आगमन/प्रस्थान दोपहर 15.39/15.40 बजे एवं हरिद्वार से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का झालावाड़ रोड़ में आगमन/प्रस्थान सुबह 05.02/05.03 बजे होगा। गाड़ी संख्या 12967 चेन्नई सेन्ट्रल-जयपुर 4 अक्टूबर से एवं गाड़ी संख्या 12968 जयपुर-चेन्नई सेन्ट्रल दिनांक 07 अक्टूबर से चौमहला स्टेशन पर रूकेगी. चेन्नई सेन्ट्रल से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का चौमहला में आगमन/प्रस्थान रात 23.56/23.58 बजे एवं जयपुर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का चौमहला में आगमन/प्रस्थान रात 01.03/01.05 बजे होगा। गाड़ी संख्या 12975 मैसूर-जयपुर 6 अक्टूबर से एवं गाड़ी संख्या 12976 जयपुर-मैसूर 5 अक्टूबर से चौमहला स्टेशन पर रूकेगी। मैसूर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का चौमहला में आगमन/प्रस्थान रात 23.56/23.58 बजे एवं जयपुर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का चौमहला में आगमन/प्रस्थान रात 01.03/01.05 बजे होगा। गाड़ी संख्या 22983/22984 कोटा-इंदौर- कोटा एक्सप्रेस दोनों दिशाओ में 4 अक्टूबर से सालपुरा स्टेशन पर रूकेगी. कोटा से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का सालपुरा में आगमन/प्रस्थान सुबह 07.53/07.55 बजे एवं इंदौर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का सालपुरा में आगमन/प्रस्थान रात 21.19/21.21 बजे होगा। गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर 6 अक्टूबर से एवं गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर 5 अक्टूबर से अंता स्टेशन पर रूकेगी। जबलपुर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का अंता में आगमन/प्रस्थान सुबह 06.14/06.15 बजे एवं अजमेर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का अंता में आगमन/प्रस्थान रात 22.19/22.20 बजे होगा। गाड़ी संख्या 12471 बांद्रा टर्मिनस-श्री माता वैष्णो देवी 6 अक्टूबर से एवं गाड़ी संख्या 12472 श्री माता वैष्णो देवी-बांद्रा टर्मिनस 7 अक्टूबर से गंगापुर सिटी स्टेशन पर रूकेगी। बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का गंगापुर सिटी में आगमन/प्रस्थान रात 01.13/01.15 बजे एवं श्री माता वैष्णो देवी से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का गंगापुर सिटी में आगमन/प्रस्थान रात 00.53/00.55 बजे होगा। गाड़ी संख्या 13237 पटना-कोटा 4 अक्टूबर से एवं गाड़ी संख्या 13238 कोटा-पटना 5 अक्टूबर से नारायणपुर टटवाड़ा स्टेशन पर रूकेगी।

# मध्य प्रदेश तकनीकी शिक्षको में अत्यधिक रोष , शाहजनी पार्क भोपाल में धरना देंगे आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा विभाग के भर्ती नियम 2004 का निरसन (समाप्त) कर शिक्षकों का शासकीय संवर्ग में संविलियन करने के लिये मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों और तकनीकी शिक्षा विभाग की मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया की सहमति के बाद भी आज तक कार्यवाही वित्त विभाग और सामान्य प्रशासन विभाग में लंबित है। जबकि शासन के संज्ञान में यह बात है कि शासकीय संवर्ग में संविलियन करने पर किसी भी प्रकार का कोई वित्तीय भार शासन पर नहीं आएगा। बावजूद इसके संविलियन की कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसलिए विरोध में 15 सितंबर को अभियंता दिवस के अवसर पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना/ हड़ताल पर जाने को विवश हुए थे। एक तरफ शासन द्वारा कर्मचारी हितों में कई निर्णय लिए, वही भर्ती नियम 2004 का निरसन कर शासकीय सवंर्ग में संविलियन करने का निर्णय आज तक लंबित हैं। जिससे शिक्षकों में समानता का भाव नहीं आ पा रहा है

अभी तक मुख्यमंत्री एवं तकनिकी शिक्षा की मंत्री की मंशा के अनुसार उक्त प्रकरण कैबिनेट के समक्ष अनुमोदनार्थ के लिये प्रस्तुत नहीं किया गया हैं। तकनिकी शिक्षक संघ शासन से 2004 भर्ती नियम का निरसन कर शासकीय संवर्ग में संविलियन करने का निवेदन करते हुए, भोपाल सहित मध्य प्रदेश के सभी शासकीय पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों में 2004 के अंतर्गत नियुक्त तकनिकी व्याख्याताओं द्वारा प्रात: 9 बजे शाहजनी पार्क भोपाल में आज 4 अक्टूबर को दुखी मन से एक दिवसीय धरना / हड़ताल पर रहेंगे।

## व्यापारी ने रिवाल्वर से खुद को गोली मारी, मौत



### बैट्री व मोटर पार्ट्स का करते थे कारोबार

**सतना, देशबन्धु।** शहर कोतवाली इलाके के खेरमाई रोड में रहने वाले एक कारोबारी ने मंगलवार की सुबह अपने ही घर में लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। पुलिस के अनुसार, तुलसी छाया के पीछे खेरमाई रोड में रहने वाले व्यवसायी संजय अग्रवाल पिता केदारनाथ अग्रवाल (55) ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। मृतक के पिता केदारनाथ ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा संजय अपने पुत्र यश अग्रवाल के साथ नारायणदास एंड संस के नाम से फर्म संचालित कर बैट्री व मोटर पार्ट्स का व्यवसाय करता था। करीब 4 साल से संजय की मानसिक हालत ठीक नहीं थी।

उनका इलाज रीवा में कराया गया। कुछ समय से वह डिप्रेशन में थे।

सुबह परिवार के सभी सदस्य अपने काम में लगे थे तभी संजय ने अपने ऊपरी तल के कमरे में जाकर लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। सूचना के बाद कोतवाली टीआई शंखधर द्विवेदी अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। यहीं सीन ऑफ क्राइम यूनिट के फॉरेंसिक अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह को बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से रक्त नमूना और अन्य साक्ष्य एकत्र कर उसे जांच के लिए रखा है।

### पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

**आखिर क्यों उठाया यह कदम?**

इस बात को लेकर अग्रवाल परिवार भी परेशान है कि संजय ने अचानक इतना बड़ा कदम क्यों उठा लिया। जबकि सुबह से ही संजय की परेशानी को लेकर परिवार के सदस्य उनका मन शांत करने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है ताकि घटना की सही वजह सामने आ सके।



## पनागर विधायक ने किया 80 लाख रुपये के विभिन्न कार्यो का लोकार्पण

**पनागर, देशबन्धु।** नगरपालिका परिषद पनागर एवं वृहत्ताकार सोसायटी समिति पनागर के सयुक्त रुप से विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण मुख्य अतिथि पं.सुशील तिवारी, विशिष्ट अतिथि पी.के. सेन गुप्ता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जबलपुर, तहसीलदार पनागर विकास जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष शर्मा, प्रणिंत नायाब तहसीलदार, थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह की उपस्थिति में लोकार्पण कार्य सम्पन्न कराया गया है।

जिसमें तहसील कार्यालय परिसर में नवनिर्मित अनुविभागीय अधिकारी कक्ष का निर्माण कार्य राशि 17.98 लाख रुपये एवं पनागर थाने परिसर में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य राशि 9.43 लाख रुपये तथा पनागर वृहत्ताकार सोसायटी की नवनिर्मित दुकाने राशि 51.46 लाख रुपये के विकास कार्यो का लोकार्पण तहसील परिसर में मुख्य अतिथि, सामाजिक, राजनेतिक, प्रशानिक अधिकारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ है। लोकार्पण



कार्यक्रम में रीना जैन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, अंकुर जैन नगरमण्डल अध्यक्ष, आनंद जैन मिंचू विधायक प्रतिनिधि, शैलेन्द्र साहू, विजय बर्मन, सुरेश ताम्रकार, गोर्वधन खेटपाल, अनिल गौतम, सर्वेष मिश्रा, विमल जैन पत्रकार, अनिल वंशकार, रामनिवास गौतम, संतोष सैनी, प्रेमलता पटैल, पूनम कुशवाहा, रमा तिवारी, प्रदीप गौतम, राजेश तिवारी, राजकुमार वंशकार, जागेश्वर शर्मा, सुरेश पटैल, प्रकाश कुशवाहा, पवन पटेल सचिन पटैल, रामसफल नामदेव, ईश्वरी शर्मा, यशपाल केवट, पाली गोटिया, सतीष पटैल,विमलेश चौधरी,देवेन्द कुशवाहा विवेक विलोहा सोसायटी प्रबंधक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सार-समाचार

## विद्युत विभाग की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पाटन देशबन्धु।** विद्युत विभाग पाटन में फैली अनियमितताओं एवं विद्युत समस्या को लेकर किसानों ने क्रांतिकारी किसान मंच के माध्यम से पाटन एसडीएम मानवेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर किसानों ने बताया कि क्षेत्र में विद्युत समस्या से किसान बहुत परेशान है। अघोषित बिजली कटौती एवं लाइट ट्रिपिंग की समस्या से खेतों की फसल खराब हो रही है परंतु बार-बार शिकायतों के बाद भी विद्युत विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। ज्ञापन के माध्यम से किसानों की मांग है कि क्षेत्र में 15 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, पर्याप्त मात्रा में वोल्टेज जारी किया जाए, खराब गुणवत्ता के ट्रांसफार्मर तुरंत बदले जाए, ऑनलाइन बिल की व्यवस्था बंद की जाए, क्षतिग्रस्त एवं टूटे हुए खंबो को तुरंत बदला जाए, क्षेत्र के समस्त विद्युत सब स्टेशनों में लाइनमैन एवं स्टाफ बढ़ाया जाए एवं पुरानी केबिल अलग कर नई केबिल डाली जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे क्रांतिकारी किसान मंच के संयोजक ठाकुर भगवान सिंह, ठा.विक्रम सिंह, अनुज सिंह, मेघराज सिंह, आशीष तिवारी, रवि जैन, उजियार सिंह, रवि सिंह, दीपक सिंह, कंचन सिंह, शिब्बू सिंह सहित बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही।

## पूज्य बापू एवं शास्त्री की छवि पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**पाटन देशबन्धु।** नगर के तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई साथ ही विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई का कार्य कर स्वच्छता का संदेश दिया जिसमें कॉलोनी के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सी. एस.ठाकुर प्रधानाचार्य, सुजीत सिंह, वरिष्ठ शिक्षक बृजेश विश्वकर्मा, अनिल पटेल, जसपाल ठाकुर, हेमंत शर्मा, मनीषा सिंह, कमलेश नामदेव, प्रताप नामदेव, शिवानी नामदेव सहित विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

## दहेज लोभी पति को 10 वर्ष का कारावास

**शहडोल, देशबन्धु।** दहेज लोभी एक पति को कोर्ट ने 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।विशेष न्यायाधीश शहडोल बी0एल0 प्रजापति ने पुष्पेन्द्र कोल उर्फ सोनू उम्र करीब 26 वर्ष निवासी वार्ड नं0 2 पथरिया टोला सोहागपुर को दोष सिद्ध पाते हुये धारा 304 बी भादवि0 में 10 वर्ष का सश्रम कारावास, 498 ए भादवि0 में दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10 हजार रूपये के अर्थदंड एवं धारा 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 में 01 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। शासन की ओर से उक्त प्रकरण में शिवकांत त्रिपाठी अपर लोक अभियोजक द्वारा पैरवी की गई।

**घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि**

घटना दिनांक को सुबह पुष्पेन्द्र कोल ने थाना सोहागपुर में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लिखाई कि पत्नी गुस्से में थी फिर उसकी पत्नी अपने कमरे में अंदर से दरवाजा बंद कर ली, उसकी मां दरवाजा को धक्का मार मारकर दरवाजा खोला अंदर देखा तो उसकी पत्नी साड़ी से पंखे में फांसी लगाकर झूल रही थी। तब उसी समय हल्ला गोहार किये तो गांव के लोग आए देखे और उसने मोबाईल से सरदारी भैया ने 100 डॉयल किया तब पुलिस आ गई, पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच किया और पाया गया कि आरोपी अपनी पत्नी के साथ दहेज एवं मोटर साइकल को लेकर मारपीट करता था। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना कार्यवाही पूर्ण होने पर माननीय विशेष न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया।



## प्रतिभावान छात्र -छात्राओं को प्रोत्साहन समारोह

**बरेला, देशबन्धु।** ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों के मनों में कुछ कर दिखाने का जज्बा पैदा होता है, साथ ही सकारात्मक प्रतिस्पर्धा भी प्रारंभ होती है। उक्ताशय के उदगार सभापति के रूप में माननीय निर्मल अग्रवाल पूर्व प्रांताध्यक्ष म. प्र. शिक्षक कांग्रेस ने एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के सभागार में आर. आर. अग्रवाल स्मृति निर्धन छात्र सहायता समिति द्वारा आयोजित प्रतिभावान छात्र प्रोत्साहन समारोह में व्यक्त किये, मुख्य अतिथि प्राचार्य आशीष पंड्या, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद भैया जी साहू, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे व सी एम राइजके मिथलेश झा मंचासीन थे द्य मंचासीन अतिथिओ द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एवं राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी व भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किये जाने के साथ समारोह का शुभारम्भ हुआ।

तत्पश्चात मंचासीन अतिथि व गणमान्य अतिथिओ का स्वागत समिति जनों द्वारा किया गया द्य फिर प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहन राशि एवं दादा भगवान का स्मृति चिन्ह प्रदान किया। समारोह में राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अरविंद तिवारी विमल जैन, कैलाश केसरवानी, राजेश सोनी (गुड्डू), समर पटैल, व्याख्याता सतीश चौबे, अमिताभ नामदेव, मुकेश सेन (मुक्की), पत्रकार दिनेश सोनी, रजनीश मांझी, पार्षद दीपेश विक्की पटैल, सोनू सोनकर, अरिहंत शेरा जैन, आशुतोष विक्की पटैल शरद अग्रवाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही द्यकार्यक्रम का संचालन प्रवीण जैन एडवोकेट ने, समिति प्रतिवेदन पं. प्रेमदास रामायणी तथा आभार प्रदर्शन मुनीश जैन ने किया द्य समीर श्रीवास्तव, अनुराग जैन, आदित्य एवं तनमय जैन का सराहनीय योगदान रहा ।

## वीरांगनाओं की प्रतिमा स्थापना के स्थान परिवर्तित को लेकर ठा.विक्रम सिंह नेतृत्व में ग्रामिणों ने सौपा एसडीएम को ज्ञापन



**पाटन देशबन्धु।** नगर परिषद पाटन के विनोबा भावे वार्ड क्रमांक 13 के अंतर्गत आने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम के मुख्य द्वार पर वीरांगना रानी दुर्गावती एवं वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा की स्थापना स्टेडियम के मुख्य द्वार पर करने की योजना प्रस्तावित थी जिसे अन्य स्थान पर परिवर्तित करने के लिए नगर वासियों एवं ग्रामीणों ने पाटन एसडीएम मानवेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि दोनों वीरांगना किसी जाति या वर्ग विशेष की नहीं है बल्कि संपूर्ण समुदाय एवं क्षेत्र के लिए गौरव का प्रतीक है। उनके मान सम्मान को ध्यान में रखते हुए वीरांगनाओं की प्रतिमाएं उचित स्थान पर स्थापित किया जाना अति आवश्यक है। क्षेत्रीय लोगों ने आग्रह किया कि उक्त प्रतिमाओं के स्थापना स्थल खेल मैदान को परिवर्तित कर प्रतिमाओं को उचित स्थान पर स्थापित किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान उपस्थित रहे ठा.विक्रम सिंह (लोधी) अनुज सिंह, मेघराज सिंह,रवि जैन, आशीष तिवारी,रवि सिंह,अन्नू सिंह,दीपक सिंह,बल्देव सिंह,कंचन सिंह सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## दोस्त ने उतारा था मौत के घाट

**परासिया, देशबन्धु** ।पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा द्वारा चांदामेटा थाने में आयोजित प्रेस वार्ता में अंधे हत्याकांड का खुलासा करने के साथ 2 लाख के चोरी के बाल बरामद करने की जानकारी देते हुये पुलिस विभाग की गठित टीम की सराहना की। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये कुछ समय में ही आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। पथरई नदी में एक अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव की षिनाख्त चांदामेटा निवासी जय नामदेव उम्र 16 साल के रूप में की गयी।

शव पर चोट के निषान होने से हत्या की आषंका जताई जा रही थी, जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपहरण एवं हत्या की शंका प्रतीत होने पर प्रकरण की सूक्ष्म विवेचना की गयी। जिसके आधार पर पता चला कि जय नामदेव का दोस्त कक्षा 10वीं तक साथ में पढ़े, लेकिन आरोपी 10वीं कक्षा में फेल हो गया था, इस बात को लेकर जय नामदेव हमेषा उसे ताना मारता था, जिससे वह अपने दोस्त के प्रति मन में ईर्ष्या का भाव रखने लगा।

## एयरटेल का अपने नेटवर्क पर 50 मिलियन अद्वितीय ग्राहकों के साथ 5जी विकास का सिलसिला जारी

### सेवाएं अब देश के सभी जिलों में उपलब्ध

***नई दिल्ली।*** *एयरटेल 5 जी प्लस के लॉन्च के 1 साल के भीतर, भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता में से एक, भारती एयरटेल ने घोषणा की कि उसके नेटवर्क पर 50 मिलियन से अधिक अद्वितीय 5 जी ग्राहक हैं। कंपनी ने यह भी घोषणा की कि एयरटेल 5 जी प्लस सेवाएं देश के सभी जिलों में उपलब्ध हैं।*

इसे देश में सबसे तेज़ रोलआउट में से एक बनाते हुए, एयरटेल 5 जी प्लस सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध है। बिहार के सुंदर बलिया से लेकर ओडिशा के ऐतिहासिक कटक तक, झारखंड के सबसे छोटे रामगढ़ जिले से लेकर राजस्थान के वन्यजीव प्रेमियों के लिए बिश्नोई भूमि तक, केरल के शांत सराय से लेकर कश्मीर के दलदली गांवों तक, एयरटेल के ग्राहक अब डिजिटल सुपरहाइवे पर हैं, और तेज गति का आनंद ले रहे हैं।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, भारती एयरटेल के सीटीओ, रणदीप सेखों ने कहा, हम अपने लाखों ग्राहकों द्वारा 5जी को अपनाने की गति से रोमांचित हैं और हम योजना से पहले इस मील के पत्थर तक पहुंच रहे हैं। यह एयरटेल के 5 जी कवरेज के एक बड़े विस्तार का प्रतीक है जो अक्टूबर 2022 में 1 मिलियन से बढ़कर लॉन्च के केवल 12 महीनों में 50 मिलियन हो गया। विस्तार पूरी गति से जारी है और मुझे यकीन है हम तेजी से बढ़ना जारी रखेंगे क्योंकि हम राष्ट्रव्यापी कवरेज की दिशा में काम कर रहे हैं और अपने सभी ग्राहकों को 5 जी युग में प्रवेश करने में सक्षम बना रहे हैं। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के जिलों, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और लक्षद्वीप के द्वीपों को छोड़कर, जो वीएसएटी के माध्यम से जुड़े हुए हैं।

## संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं : पं. शिवम शुक्ल महाराज



**जबलपुर, देशबन्धु।** काशी कुंज कॉलोनी, साईं आटो मित्र के पीछे ग्वारीघाट रोड पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक पं. शिवम शुक्ल जी महाराज ने कपिल उपाख्यान, शिव चरित्र, ध्रुव चरित्र की कथा का वर्णन किया।

उन्होंने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन आदमी को बार-बार नहीं मिलता है, इसलिए इस कलयुग में मानव दया, धर्म भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को पार करता है। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार कपिल मुनि के रूप में लिया। शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग बताते हुए कहा कि यह पवित्र संस्कार है, लेकिन आधुनिक समय में प्राणी संस्कारों से दूर भाग रहा है। जीव के बिना शरीर निरर्थक होता है, ऐसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं होता। भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। महाराज श्री ने कहा कि जब सती के विरह में भगवान शंकर की दशा दयनीय हो गई, सती ने भी संकल्प के अनुसार राजा हिमालय के घर पर्वतराज की पुत्री होने पर पार्वती के रूप में जन्म लिया। पार्वती जब बड़ी हुईं तो हिमालय को उनकी शादी की चिंता सताने लगी। एक दिन देवर्षि नारद हिमालय के महल पहुंचे और पार्वती को देखकर उन्हें भगवान शिव के योग्य बताया। इसके बाद सारी प्रक्रिया शुरू तो हो गई, लेकिन शिव अब भी सती के विरह में ही रहे। ऐसे में शिव को पार्वती के प्रति अनुरक्त करने कामदेव को उनके पास भेजा गया, लेकिन वे भी शिव को विचलित नहीं कर सके और उनकी क्रोध की अग्नि में कामदेव भस्म हो गए। इसके बाद वे कैलाश पर्वत चले गए। तीन हजार सालों तक उन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए तपस्या की। इसके बाद भगवान शिव का विवाह माता पार्वती के साथ हुआ। कथा स्थल पर भगवान शिव और माता पार्वती के पात्रों का विवाह कराया गया।

कथा के बीच में भगवान शिव-पार्वती की आकर्षक झांकी सजाई गई। कथा में सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। व्यासपीठ का पूजन आयोजन अशोक अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, ज्ञान अग्रवाल, शैलेष अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, अनुभव अग्रवाल आदि ने किया।कार्यक्रम में समाजसेवी एवं पूर्व विधायक पंडित नीलेश अवस्थी, मनोज राय, गैरतगंज निवासी गुरुजी द्वारिकाप्रसादजी माहेश्वरी, एडवोकेट अर्नव तिवारी - भाजपा युवा मोर्चा महानगर उपाध्यक्ष, भागवत महेरे, नेहा एवं पुनीत अग्रवाल, विद्यारतन अलंग, संध्या एवं सुदर्शन अग्रवाल, उमा अग्रवाल, अशोक अग्रवाल प्रशांत अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल ने भगवान की कथा सुन कर पुण्य लाभ अर्जित किया और अधिक से अधिक आम जन से कथा सुन कर भगवान जी का आशीर्वाद ग्रहण करने की अपील की।

## भ्रष्टाचारी जिला उद्योग केन्द्र छिन्दवाड़ा के सहायक प्रबंधक को 4 वर्ष सश्रम कारावास एवं 3000-3000 रूपये का जुर्माना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** घटना का संक्षिप्त विवरण- प्रार्थी ओमप्रकाश पिता फूलभान सिरसाम ने दिनांक 14 नवम्बर 14 को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर के समक्ष उपस्थित होकर एक लिखित शिकायत आवेदन दिया था जिसमें लेख किया कि उसने अपनी पत्नी श्रीमती हेमलता के नाम कम्प्यूटर सेन्टर खोलने के लिये मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत जिला उद्योग कार्यालय में आवेदन दिया थाए साथ ही हर्रई के ही उसके दोस्त कृष्ण कुमार नेमा ने भी मोबाईल दुकान के लिये आवेदन दिया था। उक्त लोन पास कराने के लिये उद्योग विभाग के सहायक प्रबंधक, झनकलाल पवार के द्वारा प्रार्थी से दोनो केसो के लिये रिश्वत में 4000/- रूपये रिश्वत की मांग की गयी। प्रार्थी के आवदेन पत्र पर रिश्वत संबंधी वार्ता टेप करके लाने हेतु वाईस रिकार्डर दिया गया। रिकार्डर में दर्ज वार्तालाप में रिश्वत की मांग संबंधी तथ्यों की पुष्टि होने पर ट्रेप कार्यवाही आयोजित की गयी एवं दिनांक 17 नवम्बर 2014 को प्रार्थी से आरोपी झनकलाल पवार को 3000/- रूपये की रिश्वत लेते हुये जिला उद्योग केन्द्र छिन्दवाडा के पास रंगे हाथ पकडा गया । संपूर्ण विवेचना के पश्चात आरोपी सहायक प्रबंधक झनकलाल पवार के विरूद्ध धारा 7, 13 (1) डी सहपठित धारा 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के साथ अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# मिस्र में पुलिस मुख्यालय में आग लगने से 25 घायल

**काहिरा।** मिस्र के स्वेज नहर शहर इस्माइलिया में एक सुरक्षा निदेशालय में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से कम से कम 25 लोग घायल हो गए। सरकारी नाइल टीवी ने यह जानकारी दी। आग बुझाने के लिए स्थानीय नागरिक सुरक्षा और सशस्त्र बलों को तैनात किया गया है, जबकि आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चला है। इस बीच, घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में ले जाने के लिए 30 एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गयी हैं। रिपोर्ट में बताया है कि पुलिस मुख्यालय में लगी आग चौथी मंजिल तक पहुंची गयी है।

## सऊदी अरब और रूस ने मिलकर कर दिया बड़ा खेल

# अमेरिका समेत पश्चिमी देशों का निकल रहा तेल, दोनों बटोर रहे धन



**नई दिल्ली।** दो बड़े तेल उत्पादक देशों सऊदी अरब और रूस ने मिलकर तेल बाजार में खेल कर दिया है, जिसका खामियाजा अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों को भुगतना पड़ रहा है। इस खेल की वजह से सऊदी अरब और रूस ने हाल के महीनों में अतिरिक्त तेल राजस्व में अरबों डॉलर कमाए हैं। दरअसल ये अतिरिक्त कमाई तेल उत्पादन में कटौती की वजह से आई है। अमेरिकी अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दो ओपेक प्लस देशों द्वारा उत्पादन में कटौती का जोखिम भरा विकल्प चुनने के बाद क्रूड ऑयल की कीमतों में 100 डॉलर प्रति बैरल तक का उछाल आ गया है। दोनों देशों ने जुलाई 2023 में कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती का ऐलान किया था। इससे तेल बाजार में तेल की सप्लाई कम हो गई जबकि डिमांड अधिक होने से उसकी कीमतें बढ़ गईं।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस खेल से दोनों देश रोजाना तीन करोड़ डॉलर की कमाई कर रहे हैं। अप्रैल से जून महीने की अवधि की तुलना में जुलाई से सितंबर की तिमाही में सऊदी अरब ने कच्चे तेल के निर्यात से 2.6 अरब डॉलर की अतिरिक्त कमाई की है, जबकि रूस ने इसी दौरान 2.8 अरब डॉलर की कमाई की है। जब दोनों देशों ने तेल उत्पादन में कटौती का ऐलान किया था, तब कच्चे तेल की कीमत प्रति बैरल 76 डॉलर थी लेकिन आज कच्चे तेल की कीमत 93 डॉलर प्रति बैरल है। इसी तरह की मुहिम यानी तेल की कीमतें बढ़ाने के लिए पिछले साल भी ओपेक प्लस देशों ने तेल उत्पादन में कटौती का ऐलान किया था। तब पिछले साल अक्टूबर में प्रतिदिन 20 लाख बैरल तेल कम उत्पादन का फैसला लिया गया था। इस साल जुलाई में सऊदी अरब ने 10 लाख बैरल प्रतिदिन तो रूस ने पांच लाख बैरल प्रतिदिन तेल उत्पादन में कटौती का फैसला किया था। सऊदी अरब और रूस की जदुगलबंदी में लिया गया यह फैसला अमेरिका के लिए एक नया झटका है क्योंकि राष्ट्रपति जो बाइडेन, क्रूड ऑयल की कम सप्लाई और उसकी बढ़ती कीमतों से चिंतित हैं। वहां महंगाई बढ़ रही है, जबकि अगले साल फिर से वहां राष्ट्रपति चुनाव होना है।

अमेरिका यह तर्क देता रहा है कि दुनियाभर के देशों के आर्थिक विकास का समर्थन करने और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन युद्ध के दौरान अधिक राजस्व अर्जित करने से रोकने के लिए क्रूड ऑयल की कीमतें कम की जाएं।

## आज का इतिहास

1824–मेक्सिको एक गणराज्य बना।
1857–प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं लेखक श्यामजी कृष्ण वर्मा का जन्म।
1927–भारतीय प्रशासनिक सेवा में भारत की दूसरी महिला अधिकारी तथा मध्य प्रदेश की भूतपूर्व राज्यपाल सरला ग्रेवाल का जन्म।
1963–क्यूबा और हैती में चक्रवाती तूफान 'फ्लोरा' से छह हजार लोग मरे।
1977–भारत के विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को हिंदी में संबोधित किया। हिंदी में दिया गया यह पहला संबोधन था।
1996–पाकिस्तान के 16 वर्षीय बल्लेबाज़ शाहिद अफ़रीदी ने एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में 37 गेंदों में शतक बनाकर विश्व कीर्तिमान रचा।
2000–चांग चून शियुंग ताइवान के नये प्रधानमंत्री बने।
2002–पाकिस्तान में शाहीन प्रक्षेपास्त्र का परीक्षण किया गया।
2005–बाली बम कांड में दो संदिग्ध व्यक्ति गिरफ़्तार।
2006–जूलियन असांजे ने विकीलीक्स की स्थापना की।
2008–अमेरिका की विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस एक दिन के लिए भारत यात्रा पर रहीं।

## सुडोकू 6336

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | 3 | 2 | |
| | | 2 | | 7 | | | 8 | 1 |
| 3 | 6 | | | | | | | |
| | | | 8 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | 7 | | 1 | | | 3 |
| | | 9 | 6 | | 4 | | | |
| | | | | | | | 6 | 8 |
| 6 | 1 | | | 4 | | 7 | | |
| | 7 | 3 | | | | | | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## मनोज सिन्हा ने राष्ट्रपिता की प्रतिमा का किया अनावरण

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को यहां नागरिक सचिवालय में राष्ट्रपिता को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि के रूप में महात्मा गांधी की प्रतिमा और चरखा स्थापना का अनावरण किया। पूज्य बापू का हमेशा मानना था कि चरखे की परिधि का संदेश उसकी मूर्त परिधि से कहीं अधिक व्यापक है। चरखे का लक्ष्य मानव जाति की सेवा करना, दूसरों को नुकसान पहुंचाए बिना जीना, अमीर और गरीब, पूंजी और श्रम के बीच एक अविभाज्य बंधन बनाना है।

## नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में 24 मरीजों की मौत

**नांदेड़।** महाराष्ट्र में नांदेड़ के शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित रूप से दवाओं की कमी के कारण पिछले 24 घंटों में कम से कम 24 गंभीर रूप से बीमार मरीजों की मौत हो गई। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मृतकों में 12 नवजात शिशु भी शामिल हैं। बताया जाता है कि राज्य भर के सरकारी अस्पताल दवाओं की कमी से जूझ रहे हैं। इन सरकारी अस्पतालों में दवा सप्लाई करने वाली कंपनी हाफकिन इंस्टीट्यूट ने दवाइयों की खरीदारी बंद कर दी है जिसके कारण यह स्थिति निर्मित हुई है।

## ब्रिटेन के सिख अलगाववादी अवतार खांडा की मौत की जांच की मांग

**लंदन, (आईएएनएस)।** लंदन में भारतीय उच्चायोग में हुई हिंसा के प्रमुख सूत्रधार अवतार सिंह खांडा, जिनकी इस साल मौत हो गई, के परिवार ने औपचारिक जांच की मांग की है। परिवार और सिख फेडरेशन यूके की ओर से यह अनुरोध तब आया जब खालिस्तान समर्थकों ने सोमवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारत विरोध प्रदर्शन किया। यह नई दिल्ली और ओटावा के बीच राजनयिक विवाद से भी संबंधित माना जा रहा है। हाल ही में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की मौत में भारत की संलिप्तता का आरोप लगाया था। निज्जर और खांडा दोनों भारत में आतंकवादी समूहों के रूप में प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठनों से जुड़े थे। गार्जियन के अनुसार, जांच के आह्वान का नेतृत्व बैरिस्टर माइकल पोलाक कर रहे हैं, जिन्होंने आरोप लगाया कि ब्रिटिश पुलिस को समझना चाहिए था कि खांडा संभावित रूप से खतरे में था। पोलाक ने कहा कि वह निश्चित रूप से यह नहीं कह सकते कि खांडा की मौत के पीछे भारत का हाथ था, लेकिन परिस्थितियों के तहत स्पष्ट रूप से जांच की आवश्यकता है। हमें विश्वास था कि भारत एक कानून का पालन करने वाला देश है, तो हम कहेंगे कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन उनके ख़िलाफ़ धमकियाँ थीं और उन्हें (मीडिया में) दुश्मन नंबर 1 के रूप में नामित किया गया था। कम से कम यह संदेहास्पद है। पोलाक ने गार्जियन को बताया, हमें विश्वास है कि भारत एक कानून का पालन करने वाला देश है, लेकिन हम कहेंगे कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उनके खिलाफ धमकियां थीं और उन्हें दुश्मन नंबर 1 (मीडिया में) नामित किया गया था। कम से कम यह संदेहास्पद है। इस साल 15 जून को अचानक बीमारी के कारण बर्मिंघम के एक अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद खांडा की मृत्यु हो गई। मृत्यु का आधिकारिक कारण, जिसे पोस्टमार्टम में घोषित किया गया, तीव्र माइलॉयड ल्यूकेमिया (रक्त कैंसर) था। उनके परिवार ने कहा कि उन्हें न तो मेडिकल रिकॉर्ड मिले हैं और न ही ऐसे सबूत मिले हैं जो ल्यूकेमिया के निदान का समर्थन करते हों। समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि उनकी मां, जो गृह कार्यालय द्वारा कथित तौर पर वीजा देने से इनकार करने के बाद अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाईं, ने कहा कि उनका मानना है कि उसे जहर दिया।

# राष्ट्रपति पद की अगली बहस के लिए केवल चार उम्मीदवार चाहते हैं रामास्वामी

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी की टीम ने रिपब्लिकन नेशनल कमेटी (आरएनसी) से पार्टी के अगले राष्ट्रपति पद के लिए 8 नवंबर को मियामी में होने वाली बहस के लिए उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने के लिए कहा है। सीबीएस न्यूज के मुताबिक? आरएनसी अध्यक्ष रोना मैकडैनियल को लिखे पत्र में, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ने पार्टी से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अलावा केवल शीर्ष चार उम्मीदवारों को बहस के मंच पर अनुमति देने के लिए कहा है।

रामास्वामी के अभियान के सीईओ बेन योहो ने पत्र में लिखा, नवंबर में एक और बेकार बहस कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा, सफलता की न्यूनतम संभावना वाले उम्मीदवारों का शोर-शराबा होता है, जबकि प्रबल दावेदार उसी मंच के केंद्र से अनुपस्थित होते हैं, तो मतदाताओं की अच्छी तरह से सेवा नहीं की जाती है।



योहो ने उम्मीदवारों को अपने प्रतिस्पर्धियों को जवाब देने के लिए अधिक समय देने और एकल बहस मॉडरेटर के लिए भी अनुरोध किया जो बहस के नियमों को लागू करने में सक्षम हों और उम्मीदवारों को एक-दूसरे पर अंधाधुंध चिल्लाने से बचा सकें।

सितंबर में आखिरी प्राथमिक बहस में रामास्वामी, दक्षिण कैरोलिना के पूर्व गवर्नर निक्की हेली, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस, दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट, पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस, न्यू जर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी और नॉर्थ डकोटा के गवर्नर डौग बर्गम सहित सात उम्मीदवार थे।

आरएनसी के अनुसार, तीसरी बहस के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए, उम्मीदवारों को दो राष्ट्रीय चुनावों या एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण और प्रारंभिक मतदान वाले राज्यों में दो राज्य-व्यापी सर्वेक्षणों में न्यूनतम 4 प्रतिशत समर्थन दर्ज करना होगा, और यह भी दिखाना होगा कि उनके पास है कम से कम 70,000 अद्वितीय दाता। पोलिटिको के एक ट्रैकर के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रम्प, डेसेंटिस, रामास्वामी और हेली ने तीसरे बहस चरण के लिए योग्यताएं पूरी कर ली हैं। फाइव थर्टीएट द्वारा संकलित राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के औसत से पता चलता है कि ट्रम्प 54.8 प्रतिशत वोटों के साथ सबसे मजबूत चुनौती बने हुए हैं, उनके बाद डेसेंटिस और रामास्वामी हैं। ट्रंप के अभियान सलाहकार क्रिस लासिविटा ने सीबीएस न्यूज को बताया कि ट्रंप तीसरी बहस में भी शामिल नहीं होंगे।

## नीजर ने मौजूदा संकट में मध्यस्थता करने के अल्जीरिया के प्रस्ताव को किया स्वीकार

**अल्जीयर्स, (आईएएनएस)।** पश्चिमी अफ्रीकी देश नीजर ने अल्जीरिया के मध्यस्थता प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, जिसका उद्देश्य देश में चल रहे संकट का राजनीतिक समाधान ढूंढना है।



अल्जीरियाई विदेश मंत्रालय ने एक बयान में इसकी घोषणा की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सोमवार को जारी बयान का हवाला देते हुए बताया कि नीजर द्वारा अल्जीरिया के मध्यस्थता प्रस्ताव को स्वीकार करने के बाद, अल्जीरियाई राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने ने विदेश मंत्री को सभी संबंधित पक्षों के साथ वार्ता शुरू करने के लिए नीजर की राजधानी नियामी की यात्रा करने का निर्देश दिया है।

अल्जीरिया के विदेश मामलों और राष्ट्रीय समुदाय के मंत्री अहमद अत्ताफ ने अगस्त में कहा था कि उनके देश ने पड़ोसी नीजर में चल रहे संकट के समाधान के लिए एक राजनीतिक समाधान पेश किया है इसका प्राथमिक उद्देश्य एक राजनीतिक समाधान तैयार करने और लागू करने के लिए छह महीने की समय-सीमा स्थापित करना है जो नीजर में संवैधानिक और लोकतांत्रिक शासन की वापसी सुनिश्चित करता है। 26 जुलाई को नीजर में एक सैन्य तख्तापलट हुआ, जिसके चलते सैन्य अधिकारियों के एक गुट ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को अपदस्थ कर दिया।

घटना के बाद, पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के 15-सदस्यीय आर्थिक समुदाय ने 10 अगस्त को घोषणा की, कि उसने नीजर में संवैधानिक व्यवस्था बहाल करने के लिए अपने अतिरिक्त बल को तैनात करने का संकल्प लिया है।

## ब्रिटेन में हैदराबाद के एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या

**हैदराबाद, 3 अक्टूबर।** ब्रिटेन में अज्ञात व्यक्तियों ने हैदराबाद के एक 65 वर्षीय व्यक्ति की हत्या कर दी है। खबरों के मुताबिक, शनिवार (30 सितंबर) को वेस्ट यॉर्कशायर के लीड्स के हिल टॉप एवेन्यू में मोहम्मद खाजा रईसुद्दीन की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। कथित तौर पर एक झगड़े के दौरान रईसुद्दीन और एक अफगान नागरिक की दो अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे युगांडा के नागरिक थे। पुलिस ने घायल रईसुद्दीन को हवाई मार्ग से अस्पताल पहुंचाया, जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोहरे हत्याकांड के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जब वह 5 अक्टूबर को होने वाली अपनी बेटी की शादी के लिए भारत आने की तैयारी कर रहे थे। खान ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से लंदन में भारतीय उच्चायुक्त को परिवार तक पहुंचने और हर संभव मदद देने का निर्देश देने की अपील की।

## अमेरिका में 125 फीट ऊंची बीआर अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण 14 को

**न्यूयॉर्क,(आईएएनएस)।** अमेरिका के मैरीलैंड राज्य में बी आर अंबेडकर की 19 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण 14 अक?ूबर किया जाएगा। इसका नाम स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी रखा गया है। आयोजकों के अनुसार, व्हाइट हाउस से 21 मील दूर एकोकेक शहर में 13 एकड़ भूमि पर स्थापित प्रतिमा हाल ही में हैदराबाद में अनावरण की गई दुनिया की सबसे बड़ी 125 फीट की अंबेडकर प्रतिमा के समान है। अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर (एआईसी) के अनुसार, यह भारत के बाहर अंबेडकर की सबसे बड़ी प्रतिमा है, और संयुक्त राज्य अमेरिका में संगठन की पहली अंबेडकर मेमोरियल परियोजना का हिस्सा है। एआईसी ने एक बयान में कहा, हम समानता, मानवाधिकार और सशक्तिकरण में डॉ. अंबेडकर के योगदान का सम्मान करते हैं। यह प्रतिमा प्रसिद्ध मूर्तिकार, पद्म श्री पुरस्कार प्राप्तकर्ता राम सुतार द्वारा तैयार की गई है, जिन्होंने अहमदाबाद में सबसे ऊंची सरदार पटेल की प्रतिमा भी बनाई थी।

**फैसला** *केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हुआ फैसला*

# छत्तीसगढ़ व राजस्थान में भी भाजपा आजमाएगी मप्र का फार्मूला

**नई दिल्ली, (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव-2024 के पहले इस साल के आखिर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए नेताओं व कार्यकर्ताओं की फौज उतार दी है। मध्य प्रदेश में पार्टी अभी तक तीन केंद्रीय मंत्रियों व सात सांसदों को चुनावी मैदान में उतार चुकी है।**

इसी तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ व राजस्थान में केंद्रीय मंत्रियों को चुनावी मैदान में उतारा जाएगा। इसका फैसला गत रविवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लिया गया।


पार्टी सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ की बची 69 सीटों के लिए भी नाम तय कर दिए हैं। एक-दो दिन में ही इनका ऐलान किया जा सकता है। जबकि सूबे के लिए 21 उम्मीदवारों के नाम पहले ही घोषित किए जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ की सत्ता में फिर से वापसी के लिए भाजपा पूरी ताकत लगा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद लगातार सूबे का दौरा कर रहे हैं। मध्य प्रदेश की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी कुछ बड़े चेहरों प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के साथ ही केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी, रायपुर के सांसद सुनील सोनी, दुर्ग विजय बघेल सांसद को चुनावी अखाड़े में उतारा जा सकता है। वहीं भाजपा ने राजस्थान के लिए 54 उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। ये सीटें वे हैं,जहां भाजपा पिछली बार चुनाव हार गई थी। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी राजस्थान में भी तीन केंद्रीय मंत्रियों गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल और कैलाश चौधरी के अलावा चार सांसदों राज्यवर्धन सिंह राठौर, दिया कुमारी, राहुल कासवन और बाबा बालक नाथ को मैदान में उतार सकती है। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को उलझाने के लिए उनके सामने गजेंद्र सिंह शेखावत को मैदान में उतारा जाय। माना जा रहा है कि राजस्थान के लिए घोषित होने वाली भाजपा के उम्मीदवारों की सूची चौकाने वाली हो सकती है। पार्टी सूत्रों की मानें तो भाजपा जल्द ही राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों की पहली सूची और छत्तीसगढ़ उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर सकती है।



■ **चौकाने वाली हो सकती है राजस्थान के लिए घोषित होने वाली भाजपा के उम्मीदवारों की सूची**

भाजपा छत्तीसगढ़ के लिए अपने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची 17 अगस्त को ही जारी कर चुकी है। भाजपा मुख्यालय में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, देवेंद्र फडणवीस, बीएस येदियुरप्पा, सर्बानंद सोनोवाल, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया और भूपेन्द्र यादव सहित केंद्रीय चुनाव समिति में शामिल अन्य नेता भी मौजूद रहें।

## वर्ग पहेली 6336



**बायें से दायें:-**

१. विशेषता (उर्दू)
३. नाकामी
५. चिड़चिड़ा, निराश, मूर्ख
६. प्रविष्टि, प्रवेश (उर्दू)
७. घिसना, घर्षण करना
८. डर पैदा करने वाला
१३. जयशंकर प्रसाद की एक रचना
१५. कमल
१६. विलुप्त, गायब, अंतर्धान
१७. अधीर, बेचैन (उर्दू)
१८. आगे बढ़ना, विकास, तरक्की
२०. कोयल, आम का बौर
२२. मदिरालय
२३. इकहरे बदन का, चुस्त, फुर्तीला

**ऊपर से नीचे:-**

१. कुल, वंश (उर्दू)
२. लाभ के अनुसार
३. बांटने वाला
४. डांट-फटकार करना, झिड़कना
५. अगस्त्य मुनि, द्रोणाचार्य, घड़े से उत्पन्न
९. नीतिनुसार
१०. बराबरी
११. निकट
१२. सियासत
१४. असीमित
१७. पत्नी (उर्दू)
१९. साक्षी (उर्दू)
२०. श्याम, कृष्णवर्ण, स्याह
२१. भालू

## वर्ग पहेली-6335


| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मं | त्र | २ मु | ग्ध | ■ | ■ | 3 ग | ण | ४ प | ति |
| द | ■ | गा | ■ | ५ अ | क | ड़ | ■ | थ | ■ |
| ६ हा | सि | ल | ■ | ल्ह | ■ | ७ ब | ल | रा | म |
| स | ■ | ८ ता | ९ ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | व | ■ |
| ■ | १० छा | ■ | र | ■ | ■ | ■ | ११ श | ■ | १२ प्र |
| १३ बे | न | का | ब | ■ | १४ अ | ■ | १५ नि | य | ति |
| ■ | वी | ■ | १६ स | ह | यो | गी | ■ | ■ | नि |
| १७ रौ | न | क | ■ | ■ | ग्य | ■ | १८ उ | १९ पा | धि |
| श | ■ | ■ | २० ब | र | ता | २१ व | ■ | र्थि | ■ |
| २२ न | पा | तु | ला | ■ | ■ | २३ न | व | व | धू |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## कबड्डी के पहले मैच में भारत ने बांग्लादेश को 55-18 से हराया

**हांगझोऊ।** भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने 19वें एशियाई खेलों में मंगलवार को पूल ए मैच में बांग्लादेश पर 55-18 की आसान जीत के साथ शानदार शुरुआत की। भारत ने खेल के शुरुआती चरण में बांग्लादेश के खिलाफ चीजें मजबूत रखी और मैच के पांचवें मिनट में बोर्ड पर अपना पहला अंक प्राप्त करने में सफल रहे। अनुभवी रेडर नवीन कुमार ने सुपर रेड पूरी की, जिसके बाद ऑल-आउट करके भारत का स्कोर 11- 2 कर दिया। बांग्लादेश ने भारतीय कप्तान पवन सहरावत के खिलाफ सुपर टैकल किया और पहले हाफ के अंत तक मैच में बने रहे। हालांकि, स्कोर भारत के पक्ष में 24-9 था। दूसरे हाफ में भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखी, जिससे उन्हें अपने रेडरों को मैट पर रोटेट करने का मौका मिला। सचिन और आकाश ने मिलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। फिर, 2018 के कांस्य पदक विजेताओं ने स्कोर को 37-10 तक ले जाने के लिए एक और ऑल-आउट किया।



# पारुल ने चीन में लहराया तिरंगा, 5,000 मीटर की रेस में जीता गोल्ड



**हांगझोऊ।** भारत की पारुल चौधरी ने चीन में इतिहास रच दिया है। उन्होंने एशियम गेम्स के 5,000 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता है। इससे पहले, उन्होंने 3,000 मीटर रेस में भी भारत को सिल्वर मेडल दिलाया था। आखिरी 50 मीटर में पारुल ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ में जापान की रिरिका हिरोनका को हराकर भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता।

पारुल दौड़ के बीच में छठे स्थान पर थी और फिर धीरे-धीरे आगे बढ़ती रही। उन्होंने आखिरी 50 मीटर में रफ्तार पकड़ी और अंत में मात्र 10 मीटर में उन्होंने जापानी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ते हुए 15:14.75 के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता।

जापान की रिरिका हिरोनका 15:15.34 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और सिल्वर पर अपना कब्जा जमाया, जबकि कजाकिस्तान की कैरोलिन चेपकोच किपकिरुई ने 15:25.12 के साथ ब्रॉन्ज जीता। इस यादगार जीत के बाद पारुल ने कहा, एक दिन पहले 3000 मीटर स्टीपलचेज में गोल्ड मेडल से चूकने के बाद मैं थोड़ी निराश थी। फिर, मैंने 5000 मीटर में गोल्ड के लिए अपना लक्ष्य तय किया।

उन्होंने कहा कि भले ही मैं छठे स्थान पर खिसक गई थी, लेकिन मुझे पदक की दौड़ में वापसी का पूरा भरोसा था। हांगझोऊ में एथलेटिक्स में यह भारत का तीसरा स्वर्ण पदक है। भारत ने एथलेटिक्स में अब तक 10 रजत और आठ कांस्य पदक भी जीते हैं।

इस बीच, मोहम्मद अफसल पुलिककलाकथ ने एशियन गेम्स 2023 में 1:48.43 के समय के साथ पुरुषों की 800 मीटर में रजत पदक जीता। भारत के कृष्णन कुमार 1:48.80 समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। 27 वर्षीय मोहम्मद अफसल इस साल की शुरुआत में एशियाई चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर रहे थे, जहां उन्होंने 1:48.77 का समय दर्ज किया था। महिलाओं की ऊंची कूद में 16 वर्षीय पूजा 1.80 मीटर की सर्वश्रेष्ठ हाई जम्प के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। रुबिना यादव ने हांगझोऊ 2023 में नौवें स्थान पर रहते हुए 1.75 मीटर की सर्वश्रेष्ठ हाई जम्प लगाई।

## अन्नू रानी ने जीता सोना



अन्नू रानी ने भाला फेंक स्पर्धा में सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 62.92 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत ने दो रजत और दो कांस्य पदक भी जीते।

एशियाई खेलों के इतिहास में यह पहली बार था कि भारतीय महिलाओं ने 5000 मीटर दौड़ और महिलाओं की भाला फेंक में पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया है। दो स्वर्ण पदकों के अलावा, भारत ने मंगलवार को एथलेटिक्स में दो रजत और दो कांस्य भी जीते। इसके साथ एशियन गेम्स 2023 मेडल टैली में भारत के एथलेटिक्स पदकों की संख्या 22 हो गई है, जिसमें चार स्वर्ण, 10 रजत और आठ कांस्य शामिल हैं। अन्नू रानी के लिए यह बिल्कुल अलग था। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी के नाम 63.82 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है, लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने के बाद से वह 60 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सकी थीं।

मंगलवार को, अन्नू रानी ने अपने चौथे प्रयास में 62.92 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने से पहले दूसरे प्रयास में 61.28 मीटर का थ्रो किया। श्रीलंका की दिलहानी लेकामगे (61.57 मीटर) और चीन की हुइहुई ल्यू (61.29 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

# तीरंदाजी में ज्योति, अभिषेक, ओजस व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में



**हांगझोउ।** तीरंदाजी में मंगलवार को ज्योति सुरेखा वेन्नम, अभिषेक वर्मा, ओजस प्रवीण देवताले व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में पहुंच गये है। ज्योति सुरेखा वेन्नम ने अदिति गोपीचंद स्वामी को हराकर महिलाओं के स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। इसके साथ ही भारतीय तीरंदाजों ने कंपाउंड स्पर्धा में तीन पदक पक्के कर लिए हैं। पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में विश्व चैंपियन ओजस देवताले ने 150 का स्कोर करते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनका मुकाबला हमवतन अभिषेक वर्मा से होगा। इस तरह भारत को इस स्पर्धा में स्वर्ण और रजत दोनों ही भारत को पदक मिलेंगे।

महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने मौजूदा तीरंदाजी विश्व चैंपियन अदिति गोपीचंद स्वामी को हराकर स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड प्रतियोगिता में, ओजस देवताले ने क्वार्टरफाइनल में कज़ाकिस्तान के अकबरअली कराबायेव को 150-142 से हराने के बाद सेमीफाइनल में रिपब्लिक ऑफ कोरिया के पूर्व विश्व चैंपियन जेवोन यांग के ख़िलाफ़ 150-146 के अंतर से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई।

इस बीच, अभिषेक वर्मा ने क्वार्टरफाइनल में 147 पर स्कोर बराबर होने के बाद शूटआउट के माध्यम से कज़ाकिस्तान के एंड्री ट्युटुन को हराया। इसके बाद, अनुभवी भारतीय तीरंदाज ने जेहून जू को सेमीफाइनल में 147-145 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं ज्योति सुरेखा वेन्नम ने क्वार्टरफाइनल में कज़ाकिस्तान की एडेल ज़ेक्सेनबिनोवा को हराने के बाद सेमीफाइनल में अदिति गोपीचंद स्वामी के ख़िलाफ़ 149-146 से जीत दर्ज की। शनिवार को होने वाले फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम का मुक़ाबला दक्षिण कोरिया की चेवोन सो से होगा।

अदिति गोपीचंद स्वामी सात अक्टूबर को कांस्य पदक के लिए इंडोनेशिया की रतिह ज़िलिज़ाती फादली से मुकाबला करेंगी। भारतीय तीरंदाज अतानु दास और धीरज बोम्मदेवरा को पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही इस स्पर्धा में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

इससे पहले, भजन कौर और अंकिता भकत क्रमशः महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व के राउंड ऑफ 16 और राउंड ऑफ 32 में हारकर बाहर हो चुकीं हैं। ओलंपियन अतानु दास क्वार्टरफाइनल के शूट-ऑफ में चीनी तीरंदाज क्यूई जियांगशुओ के ख़िलाफ़ 6-5 से हार गए, जबकि धीरज बोम्मदेवरा को अंतिम आठ के शूट-ऑफ में कज़ाकिस्तान के इलफ़त अब्दुलिन के ख़िलाफ़ हार का सामना करना पड़ा।

# स्केटिंग में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने जीते कांस्य पदक



**हांगझोउ।** भारतीय शटलर एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने मंगलवार को एशियाई खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबले जीतकर पुरुष और महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज दो बार ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बैडमिंटन में मंगलवार को अपने राउंड ऑफ 32 मैच में चीनी ताइपे की सु वेन ची को हराकर महिला एकल स्पर्धा में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले साल कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने के बाद से चोटों से जूझ रही हैं, लेकिन आज के मैच में वह अच्छी लय में दिखीं। पीवी सिंधु ने 42 मिनट तक चले मुकाबले में सु वेन ची को सीधे गेम में 21-10, 21-15 से मात दी। भारत के शीर्ष पुरुष एकल बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणॉय ने भी अगले राउंड में जगह बना ली है। पहले गेम की शुरुआत में शानदार बढ़त बनाने के बाद सिंधु ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और ब्रेक तक पांच अंकों की मज़बूत बढ़त हासिल की। 28 वर्षीय भारतीय शटलर ने सिर्फ 18 मिनट का समय लेकर 21-10 से पहला गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में जीत की लय बरक़रार रखते हुए पीवी ने चीनी ताइपे की खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी। वहीं, सु वेन ची ने मैच में वापसी करने की पूरी कोशिश की।

इस दौरान सु वेन ची ने पीवी सिंधु को परेशान करने के लिए कुछ ड्रॉप शॉट्स भी खेले। 2018 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली पीवी सिंधु ने दूसरे गेम की शुरुआत में तीन अंकों की बढ़त बनाई। सु चेन ने कुछ प्रयास ज़रूर किए लेकिन सिंधु के जबरदस्त शॉट ने चीनी ताइपे की शटलर को कोई मौक़ा नहीं दिया और सिंधु ने दूसरे गेम को 21-15 से जीत लिया। पुरुष एकल मैच में एचएस प्रणॉय ने भी शानदार जीत दर्ज की और राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। प्रणॉय ने 25 मिनट तक चले मैच में मंगोलिया के मुन्खबत बटदाव को सीधे गेम में 21-9, 21-12 से शिकस्त दी। मौजूदा विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणॉय कल राउंड ऑफ 16 में जॉर्डन के बहादीन अलशैनिक या कजाकिस्तान के दिमित्री पानारिन से भिड़ेंगे। किदांबी श्रीकांत आज पुरुष एकल राउंड ऑफ 32 में रिपब्लिक ऑफ कोरिया के युंगयु ली का सामना करेंगे।

# बोरगोहेन को जीत के साथ मिला ओलंपिक का कोटा



**हांगझोउ।** भारत की लवलीना बोरगोहेन ने मंगलवार को एशियाई खेल 2023 मुक्केबाजी में महिलाओं के 75 किग्रा स्पर्धा के सेमीफाइनल में मुकाबले में थाईलैंड की बैसन मानेकोन हराकर फाइनल में प्रवेश के साथ ही पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल कर लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड की बैसन मानेकोन को हराक फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इस जीत के साथ, लवलीना बोरगोहेन ने अपने वर्ग के पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल कर लिया है। लवलीना बोरगोहेन महिला 75 सेमीफाइनल में थाईलैंड की मुक्केबाज के खिलाफ शुरुआत से ही हावी रहीं और पहले राउंड में सभी जजों ने लवलीना के पक्ष में फैसला सुनाया।

वहीं, दूसरे और आखिरी क्वार्टर में लवलीना बोरगोहेन ने अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए अपने पंचों का बखूबी इस्तेमाल किया। इस तरह भारतीय मुक्केबाज ने सर्वसम्मत निर्णय से जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनाई।

उल्लेखनीय है कि नेशनल ओलंपिक कमेटी के पास ओलंपिक खेलों में अपने संबंधित देशों के प्रतिनिधित्व के लिए विशेष अधिकार है। पेरिस खेलों में एथलीटों की भागीदारी उनकी एनओसी पर निर्भर करती है, जो कि उन्हें पेरिस 2024 में अपने प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनती है। एशियन गेम्स 2023 में मुक्केबाजी पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए एक क्वालीफायर स्पर्धा भी है। पुरुषों की स्पर्धाओं में, सात भार वर्गों में से प्रत्येक में स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को पेरिस 2024 के लिए कोटा जारी किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### ईरानी ट्राफी : सौराष्ट्र ने घुटने टेके, शेष भारत की बड़ी जीत

**राजकोट।** सौरभ कुमार (43 रन पर छह विकेट) और शम्स मुलानी (22 रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की मदद से शेष भारत ने ईरानी ट्राफी मुकाबले के तीसरे दिन मंगलवार को सौराष्ट्र को 175 रन के विशाल अंतर से हरा दिया। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर शेष भारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 308 रन बनाये जिसके जवाब में सौराष्ट्र की टीम पहली पारी में 214 रनो पर आउट हो गयी। 94 रन की लीड लेकर शेष भारत ने दूसरी पारी में 160 रन बनाये और सौराष्ट्र के सामने जीत के लिये 255 रन का लक्ष्य रखा लेकिन शेष भारत के गेंदबाजों ने पिच पर मिल रही स्विंग और अनियमित उछाल का भरपूर लाभ उठाया और सौराष्ट्र की पूरी टीम 34.3 ओवर के खेल में महज 79 रन स्कोर पर पवेलियन लौट गयी। सौराष्ट्र के छह बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई तक पहुंचाने में नाकाम रहे जिनमें से दो का तो खाता भी नहीं खुल सका। सौराष्ट्र की दोनो पारियों में दस विकेट चटकाने वाले शेष भारत के सौरभ कुमार को प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

### अपराजित भारतीय चार बार के एशियाई चैंपियन कोरिया से भिड़ेंगे

**हांगझोउ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 19वें एशियाई खेल में अब तक की सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जब कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व वाली टीम बुधवार को पहले सेमीफाइनल में चार बार के चैंपियन कोरिया से भिड़ेगी। सोमवार को बांग्लादेश पर 12-0 से जीत हासिल करने के बाद भारत ने एक बार फिर पूल चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया। पूल ए के अपने सभी पांच मैचों में पांच जीत के साथ भारत ने 15 अंक अर्जित किए। टूर्नामेंट में उसे अभी तक हराया नहीं जा सका है। जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले भारत इसी तरह की स्थिति में था, लेकिन मलेशिया से 2-2 (6-7) से हार गया।

# अरशद नदीम एशियन गेम्स से बाहर, खराब मौसम की टेंशन के बीच नीरज चोपड़ा तैयार



**हांगझोऊ,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के पहले दिन जैसे ही भारत के ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा स्टेडियम में पहुंचे तो उनका स्वागत गीले ट्रैक ने किया। 19वें एशियाई खेलों में पुरुषों की भाला फेंक में प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए एथलीट तैयार हैं।

इस बीच ट्रैक-फील्ड क्षेत्र का मुआयना करने के बाद चोपड़ा ने उम्मीद जताई कि 4 अक्टूबर को मौसम अनुकूल होगा, लेकिन ऐसा लगता है कि 25 वर्षीय भारतीय स्टार को हांगझोऊ में गीले ट्रैक पर प्रतिस्पर्धा करनी होगी क्योंकि कुछ दिनों से वहां मौसम खराब है और बादल छाए हुए हैं। मंगलवार को भी एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं की शुरुआत से पहले हल्की बूंदाबांदी हुई। चोपड़ा ने कुछ दिन पहले हांगझोऊ पहुंचने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा था, मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि मौसम साफ रहे और बारिश न हो। गीला ट्रैक प्रतियोगिता के लिए उतनी अच्छी नहीं हैं लेकिन आपको सभी प्रकार की चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के लिए तैयार हूं। चोपड़ा की अंतर्राष्ट्रीय स्टारडम की यात्रा 2018 में जकार्ता में एशियाई खेलों में शानदार जीत के साथ शुरू हुई। पांच साल बाद चोपड़ा ने पहले ही खेल के सभी बड़े खिताब जीत लिए हैं। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और विश्व चैंपियन हैं। उन्होंने 2022 में डायमंड लीग फाइनल और 2018 में राष्ट्रमंडल खेल जीते हैं।

# जायसवाल के शतक व बिश्नोई के स्पिन के जादू से भारत सेमीफाइनल में



**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के आतिशी शतक और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई (3/23) के गेंद से कमाल से भारत की पुरुष क्रिकेट टीम ने मंगलवार को कमजोर नेपाल को 23 रन से हराकर हंगजू(चीन) में सेमीफाइनल में स्थान बना शानदार आगाज किया। भारत ने बेशक अपने %दूसरे दर्जे' की टीम उतारी है क्योंकि उसकी मुख्य टीम अपने घर में बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे आईसीसी वन डे में खेलने में व्यस्त है लेकिन नेपाल के बल्लेबाजों खासतौर पर दीपेंद्र सिंह ऐरी ने खुल कर छक्के जड़ बड़ा जिगरा दिखाया इसके लिए उनकी तारीफ जरूर करनी चाहिए। दीपेंद्र ऐरी (2/31, 32 रन, 15 गेंद, चार छक्के) का हरफनमौला खेल भी नेपाल के काम नहीं आया। नेपाल के बल्लेबाजों ने 14 छक्के जड़े जबकि भारत के बल्लेबाजों ने 12 छक्के। सच तो यह है कि मैच भले भारत ने जीता लेकिन अपने जीवट से दिल नेपाल ने जीता। ऋतुराज गायकवाड़ (100 रन,49 गेंद, 7 छक्के, आठ चौके) के विस्फोटक शतक तथा अपने सलामी जोड़ीदार कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (25 रन, 23 गेंद, 4 चौके) के साथ 9.5 ओवर में 103 रन की भागीदारी के बाद भारत ने 16 रन के भीतर तीन विकेट गंवाए और उसका स्कोर 13 वें ओवर में 119 रन हो गया। कप्तान ऋतुराज ने तेज गेंदबाज दीपेंद्र सिंह ऐरी की गेंद की यॉर्कर को उड़ाने के फेर में नेपाल के कप्तान रोहित पौड़ल को थर्ड मैन पर कैच थमाया। तिलक वर्मा (2) रन बनाने के लिए जूझते नजर आए और सोमपाल कामी की गेंद को स्वीप करने के फेर में बोल्ड हो गया जबकि जीतेश शर्मा(5) ने लेग स्पिनर संदीप लमिछाने की गेंद को ड्राइव करने के फेर में उन्हें वापस कैच थमा दिया। यशस्वी जायसवाल पारी के 17 वें ओवर में दीपेंद्र सिंह ऐरी की गेंद उड़ाने के फेर में बोहरा को थर्ड मैन पर कैच थमा आउट हुए और भारत ने चौथा विकेट 150 रन पर खोया। यशस्वी जायसवाल सबसे कम में टी-20 में शतक जडने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए । जायसवाल ने अपना शतक 48 गेंद खेल कर पूरा किया।

# महिला हॉकी में भारत ने हांगकांग को 13-0 से हराया



**हांगझोउ।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को पूल 'ए' के अपने अंतिम मैच में हांगकांग को 13-0 से हराकर अपना अजेय अभियान जारी रखा। चीन में खेले जा रहे 19वें एशियाई खेलों में भारत बनाम हांगकांग महिला हॉकी मैच में आज भारत की ओर से वंदना कटारिया ने दूसरे, 16वें और 48वें मिनट में, दीपिका ने चौथे, 54वें और 58वें मिनट में, मोनिका ने 7वें मिनट में, दीप ग्रेस एक्का ने 11वें, 34वें और 42वें मिनट में, संगीता कुमारी ने 27वें और 55वें मिनट में और नवनीत कौर ने 58वें मिनट में ने गोल किए। गोंगशु कैनाल स्पोर्ट्स पार्क स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में जीत के साथ ही भारतीय टीम ने तीन जीत और एक ड्रॉ की मदद से 4 मैचों में 10 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान पर रहते हुए अपना ग्रुप अभियान समाप्त किया। भारत गुरुवार को सेमीफाइनल में ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रही टीम के खिलाफ खेलेगा। एफआईएच रैंकिंग में सातवें नंबर की भारतीय महिला टीम ने आक्रामक शुरुआत करते हुए दूसरे मिनट में ही बढ़त हासिल कर ली, जब वंदना कटारिया ने एक शानदार शॉट के साथ गेंद को विपक्षी गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। इसके ठीक दो मिनट बाद दीपिका ने भी एक बेहतरीन फील्ड गोल करते हुए भारतीय बढ़त को दोगुना कर दिया।

पहले क्वार्टर में भारतीय महिला हॉकी टीम ने लगातार आक्रामक रवैया अपनाए रखा और हांगकांग को कोई भी मौका नहीं दिया। सातवें मिनट में मोनिका ने एक फील्ड गोल कर स्कोर को 3-0 किया। वहीं, 11वें मिनट में दीप ग्रेस एक्का ने पेनल्टी कॉर्नर के मौके को गोल में तब्दील कर पहले क्वार्टर के खत्म होने से पहले भारत को 4-0 से आगे कर दिया। दूसरे क्वार्टर में हांगकांग की टीम भारत के अटैक के आगे संघर्ष करती हुई नज़र आई। वंदना कटारिया ने मैच में अपना दूसरा गोल 16वें मिनट किया जबकि 27वें मिनट में संगीता कुमारी के एक और बेहतरीन फील्ड गोल की मदद से भारत ने पहले हाफ के खत्म होने तक 6-0 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली।

तीसरे और चौथे क्वार्टर में भी भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपना वर्चस्व बनाए रखा और लगातार गोल किए। इस बीच, 34वें और 42वें मिनट में दीप ग्रेस एक्का ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल बदलते हुए मैच में अपनी हैट्रिक पूरी की। वहीं, चौथे क्वार्टर के 48वें मिनट में वंदना कटारिया ने भी एक और फील्ड गोल करते हुए अपना तीसरा गोल दागा। जबकि, 54वें मिनट में भारत को मिले एक और पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए दीपिका ने मैच में अपना दूसरा गोल किया।

भारतीय महिला खिलाड़ियों ने इसके बाद भी गोल का सिलसिला जारी रखा और हांगकांग पर लगातार दबाव बनाए रखा। 55वें मिनट में संगीता कुमारी और 58वें मिनट में नवनीत कौर ने भी एक-एक गोल किया। इस बीच दीपिका ने 58वें मिनट में अपना हैट्रिक गोल पूरा करते हुए भारत की बड़ी जीत में अंतिम मुहर लगाई। उल्लेखनीय है कि सेमीफाइनल तक के अपने सफ़र में, मंगलवार से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिंगापुर को 13-0 और मलेशिया को 6-0 से हराया था।


## नाम परिवर्तन सूचना

**मेरा नाम मोहम्मद बशीर खान है। मेरे पिता का नाम शेख नानू खान है व मेरा पता सांकल रोड मुशरान वार्ड आरएसएस ऑफिस के पास कंदेली नरसिंहपुर पिनकोड 487001 है। पहले मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम शेख बशीर पिता शेख नानू खान से बन गया था, कृपया मुझे मेरे नाम मोहम्मद बशीर खान पिता शेख नानू खान से जाना जाए। पूर्व नाम - शेख बशीर पिता शेख नानू खान, वर्तमान नाम - मोहम्मद बशीर खान पिता शेख नानू खान।**


## सुडोकू 6336 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 3 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 2 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 8 |
| 6 | 1 | 8 | 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 2 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 5 | 4 |

# शिवराज सरकार ने मप्र की महिलाओं को चूल्हे के धुएं से दिलाई मुक्ति







केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से कमजोर वर्ग के परिवारों खास तौर पर महिलाओं को काफी राहत मिली है। सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को घरेलू रसोई गैस का कनेक्शन देती है। मध्यप्रदेश में 82 लाख से ज्यादा महिलाओं को धुएं से छुटकारा मिल गया है। महिलाओं को अब चूल्हे से निकलने वाले धुएं से सभी मुक्ति मिल गई है, जिससे उनका एवं उनके परिवार का स्वास्थ्य भी खराब होने से बचा है।

चूल्हे पर भोजन पकाने के कारण महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। लेकिन सरकार की प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से उनके जीवन में उजाला आ गया। योजना को अगले 3 साल के लिए 8000 करोड़ रुपए की मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री योजनाए परिवारों के लिए 5 करोड़ एलपीजी कनेक्शन, 1600 रुपये की वित्तीय सहायता के साथ दी जायेगी। उज्वला योजना में गैस कनेक्शनों को महिलाओं के नाम पर जारी किया जा रहा है। चूल्हे एवं रिफिल की लागत के लिए ईएमआई की सुविधा भी दी जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर 1.13 करोड़ लोगों ने सब्सिडी का त्याग कर बाजार मूल्य पर एलपीजी सिलेंडर खरीद रहे हैं। एलपीजी सब्सिडी त्याग देने से लगभग 5,000 करोड़ रुपए बचे हैं। इसका उपयोग कर गरीब महिलाओं को गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। यह इतिहास में पहली बार पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय इतना बड़े कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रहा है जो बीपीएल परिवारों से संबंधित करोड़ों महिलाओं के लिए लाभकारी साबित रहा है।

### जीवन में उजाला लाई उज्वला योजना

योजना में गैस चूल्हा उपयोग करने से पहले 24 प्रतिशत परिवार ऐसे थे, जहाँ परिवार में बच्चों व अन्य को धुएँ से होने वाली बीमारी की शिकायत थी। गैस का चूल्हा उपयोग में लाने के बाद परिवार व बच्चों के स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन 30 प्रतिशत में होना बताया गया। अब धुंआ मुक्त वातावरण है और 70 प्रतिशत व्यक्तियों के स्वास्थ्य परिवर्तन में सकारात्मक अंतर आया है। वे धुएं के यातावरण को झेलने में सक्षम नहीं थे।




इस योजना से परिवार, महिलाओं, बच्चों के सभी स्वास्थ्य में उद्देश्य के अनुरूप सुधार आया है। इससे उनका जीवन व परिवेश भी बेहतर बना है। असुरक्षित वन क्षेत्र में जलाऊ लकड़ी लाने की कठिनाइयों से मुक्ति मिल गई है। उज्वला योजना की सफलता इस बात से स्पष्ट है कि जिन लोगों की कनेक्शन लिए जाने के पहले हितग्राहियों को 63 प्रतिशत ईंधन की आवश्यकता जंगल की लकड़ी से पूरी होती थी। नया गैस कनेक्शन लेने के बाद हितग्राहियों में 65 प्रतिशत ने ईंधन के लिए लकड़ी बीनना छोड़ दिया है। लकड़ी बीनने की व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में एक कठिन कार्य है जिसमें परिवार का समय तो लगता ही है, संबंधित व्यक्तियों की शारीरिक ऊर्जा भी व्यय होती है। इस काम में 52 प्रतिशत मामलों में पति-पत्नी दोनों एक साथ लकड़ी बीनने जाते थे। इस योजना का शत प्रतिशत विस्तार हो जाने पर जो बचे हुए 35 प्रतिशत परिवार है उनकी संख्या में भी और गिरावट आएगी।



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के साथ यूनिसेफ इंडिया की प्रतिनिधि सुश्री सिंथिया मैक्फ्री

## सरकारी योजनाओं ने बदला समाज का नजरिया, बेटी बनी लाड़ली लक्ष्मी

### यूनिसेफ के अध्ययन में 91 प्रतिशत माताओं ने माना- बेटियों को लेकर अब बदली है समाज की सोच

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रभाव पर यूनीसेफ द्वारा हाल में जारी अध्ययन में यह बात सामने आई है कि 91 माताओं ने यह माना कि बेटियों को लेकर समाज में तेजी से नजरिया बदला है। इसका कारण वे राज्य सरकार की लाड़ली लक्ष्मी जैसी महिलाओं के हित की योजनाओं और बेटियों के हक में चलाए गए सरकार लगातार अभियानों को मानती है। यह अध्ययन यूनिसेफ द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्य प्रदेश सरकार और लीड क्रिया विश्वविद्यालय के सहयोग से किया गया है। इस अध्ययन का उद्देश्य था कि मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना से परिवारों की सोच- समझ और उनके व्यवहार में कितना परिवर्तन आया है। मैदानी स्तर पर लैंगिक समानता जैसे मुद्दों, बेटियों की शिक्षा और रोजगार के संबंध में परिवार में क्या सोचते हैं। अध्ययन के अनुसार 64 प्रतिशत माताएं मानती है कि उनकी बेटियों की शादी बिना दहेज के भी हो सकती है क्योंकि बेटियां अब पढ़ाई पूरी कर रही हैं। इसके अलावा 65 प्रतिशत माताएं मानती हैं कि बेटियां हमेशा उनका साथ देंगी। अध्ययन में यह भी स्पष्ट हुआ है कि 81 प्रतिशत माताएं इस बात पर सहमत हैं कि बेटियों को पुश्तैनी जायदाद में हक मिलना चाहिए। लाड़ली लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन से निश्चित ही बेटियों की शिक्षा का प्रतिशत बढ़ा है। यह योजना घर- घर में लोकप्रिय हो चुकी है। अध्ययन में यह भी जाहिर हुआ कि हर परिवार चाहता है कि उनके यहां बेटियां अच्छी से अच्छी शिक्षा प्राप्त करें। शालाओं में बच्चियों का दाखिला लगातार बढ़ा है। इस योजना से उन गरीब परिवारों को लाभ हुआ है जिनमें कमजोर आर्थिक परिस्थितियों के कारण बेटियां स्कूल जाने से वंचित रह जाती थी।

### बेटी को शिक्षा देने के लिए करते प्रेरित

अध्ययन में यह भी बताया गया है कि सरकारी स्कूलों के शिक्षक और प्रिंसिपल को इस योजना की बहुत अच्छी जानकारी है और वे स्थानीय स्तर पर इस योजना के बारे में अभिभावकों से अक्सर चर्चा करते हैं। योजना के क्रियान्वयन के फलस्वरूप यह भी देखने में आया है कि लाड़ली लक्ष्मी बेटियों के अभिभावकों को स्कूल शिक्षकों की ओर से निरंतर यह इस बात के लिए प्रेरित किया जाता है कि वे अपनी बेटी को 12वीं क्लास तक की अनिवार्य शिक्षा जरूर दें।

### बेटियों की बढ़ गई जन्मदर

इस बात का भी उल्लेख है कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण में यह स्पष्ट हो गया है कि बेटियों की जन्म दर बढ़ गई है। अब जन्म दर बढ़कर प्रति 1000 पर 956 हो गई है।

अध्ययन के अनुसार परंपरागत परिवारों में अब बेटियों के जन्म के प्रति ऐसा जनक वातावरण रहता है। परंपरागत परिवारों में बेटियों के जन्म को एक वित्तीय भार समझा जाता था और यह सामान्य समझ थी कि बेटी का जन्म होते ही परिवार पर आर्थिक बोझ बढ़ने वाला है। अध्ययन से यह बात साफ हुई है कि अब ऐसी पारंपरिक सोच में बदलाव आया है। इस कारण से अब बाल विवाह के प्रतिशत में भी कमी आई है।

# युवाओं ने कहा बेहतर भविष्य की बुनियाद होगी तैयार

मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना से न केवल उन्हें काम सीखने का मौका मिलेगा बल्कि औद्योगिक एवं व्यवसायिक इकाईयों में काम करने से मिले अनुभव का लाभ उन्हें आगे चलकर और अच्छे अवसर उपलब्ध कराने में भी मददगार होगा।ये कहना है मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के शुभारंभ पर भंवरताल स्थित संस्कृति थियेटर में आये उन शिक्षित युवाओं का जिन्हें इस कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक एवं व्यावसायिक इकाईयों में छात्र प्रशिक्षणार्थी के रूप में काम करने के लिये अनुबंध पत्र प्रदान किये गये।

अनुबंध पत्र प्राप्त करने वाले इन युवाओं में अधिकांश बारहवीं पास हैं तो कई आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त युवा हैं। कुछ विधि और कुछ स्नातक युवा भी इनमें शामिल थे। इस कार्यक्रम में शुरूआती तौर पर जिले के कुल 326 युवाओं को मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत कम्पनियों और व्यावसायिक संस्थानों के साथ हुये अनुबंध पत्र प्रदान किये गये।

आदर्श नगर ग्वारीघाट निवासी और ज्ञानगंगा कॉलेज से इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में स्नातक अंकुर नागवंशी को मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना से मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कम्पनी में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला है। अंकुर ने मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना को युवाओं को तकनीकी रूप से और दक्ष बनाने का अच्छा अवसर बताते हुये कहा कि इससे उन्हें आगे और अच्छी जॉब मिलने में मदद मिलेगी। जबलपुर गारमेण्ट एण्ड फैशन डिजाइनिंग क्लस्टर ऐसोसिएशन में लॉ असिस्टेंट के लिये चयनित विधि स्नातक गढ़ा बाजार निवासी छात्र विनय नामदेव ने मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना को युवाओं को बेहतर भविष्य की बुनियाद रखने वाली योजना बताया।



### अनुबंध पत्र मिलने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा प्रशिक्षण के लिये अनुबंधित सेंट मेरी स्कूल रांझी से बारहवीं उत्तीर्ण छात्र हिमांशु दुबे ने मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना को शिक्षित युवाओं के हित में प्रारंभ की गई अब तक की सबसे अच्छी योजना बताया। हिमांशु ने कहा कि उनकी रूचि एक अच्छा इलेक्ट्रीशियन बनने की है और इस योजना ने उसे इस काम को सीखने का बेहतर अवसर उपलब्ध कराया है। कॉमर्स से स्नातक वासिक खान ने जिन्हें सेल्स प्रतिनिधि के तौर पर गारमेण्ट क्लस्टर स्थित जैनटेक्स क्रियेशन द्वारा चुना गया है मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की इस योजना को युवाओं के लिए काम सीखने का स्वर्णिम अवसर बताया।

बहोराबाग निवासी एल एल बी कर रही छात्रा तंजीला अंजुम, स्वाध्यायी छात्र के तौर पर बीएससी में अध्ययनरत हुमा नाज और फारान हाई स्कूल गोहलपुर से बारहवीं पास आसिफा तबस्सुम ने योजना से फैशन डिजाइन असिस्टेंट के तौर पर प्रशिक्षण के लिए अनुबंध पत्र मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि सीखने के साथ स्टाइपेंड के रूप में प्रतिमाह मिलने वाली निश्चित राशि से वे परिवार की छोटी-मोटी जरूरतें भी पूरी कर सकेंगी। अम्बेडकर नगर के मुबस्सिर खान ने युवाओं को स्वावलंबी बनाने वाली इस योजना को प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के तहत अनुबंध पत्र मिलने पर छात्र संस्कार राय ने बताया कि उन्होनें इलेक्ट्रिशियन संकाय में डिप्लोमा किया है। जिसके आधार पर उनका चयन पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी में हुआ है। संस्कार ने बताया कि करिअर की शुरुआत में कम्पनी का हिस्सा बनने से बेहतर विकल्प कुछ नहीं हो सकता। इसके अनेक लाभकारी परिणाम भविष्य में देखने को मिलेंगे।

इसी प्रतिष्ठान में चयनित होने वाली प्रशिक्षणार्थी सौम्या जैन ने बताया कि यह योजना कौशल विकास के दृष्टिकोण से बहुत फायदेमंद है। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को जिले की प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थाओं की कार्य पद्धति और प्रबंधन प्रक्रिया को नज़दीक से जानने का मौका मिलेगा। बी कॉम के छात्र रहे अर्पित नामदेव ने कहा कि मेरा चयन आर के सिटी लैबोरेटरी में हुआ है जिससे मुझे बिल्डिंग मटेरियल के बारे में जानने का अवसर मिलेगा और फील्डम एवं लैब में टेस्टिंग सीखने का मौका मिलेगा।

## पोषण पुनर्वास केन्द्र में हुई देखरेख से पन्द्रह दिनों में स्वस्थ होकर घर पहुंची आरोही

जबलपुर जिले के ब्लॉक शहपुरा ग्राम मातनपुर, बेलखेड़ा निवासी वैजंती पति अर्जुन दाहिया अपनी तीन वर्षीय पुत्री आरोही के स्वास्थ्य को लेकर पिछले डेढ़ माह से बहुत परेशान थे। उसे सर्दी जुकाम के साथ बुखार आ रहा था। भूख कम हो गई थी तथा कान और आंख में भी संक्रमण हो गया था। बच्ची बेहद कमजोर एवं चिड़चिड़ी हो गई थी। वह ठीक से सो भी नहीं पा रही थी, सिर्फ रोती रहती थी। आरोही के माता पिता ने उसे कई जगह दिखाया। झाड़-फूंक भी करवाई परंतु कोई फायदा नही हो रहा था। तब वैजन्ती को ग्राम की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने आरोही को जबलपुर के जिला चिकित्सालय के पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) में जाने की सलाह दी।

आरोही के माता पिता ने 17 अगस्त को उसे जिला चिकित्सालय की एनआरसी में भर्ती कराया। भर्ती के समय आरोही का वजन 7.740 किलो, लंबाई 84 सेंटीमीटर एवं बांह की गोलाई 10.5 सेंटीमीटर थी पैरों में गड्ढे पड़ने वाली सूजन थी और वह कुपोषण ग्रेड-4 एसडी के अंतर्गत पाई गई। बच्ची बेहद कमजोर थी एवं कुछ भी नहीं खा रही थी। चिड़चिड़ापन बहुत था और



आंखों में धुंधलेपन की शिकायत थी। वह नजर मिलाने में अक्षम थी। उसका कान बह रहा था और उसे बुखार भी था। इतने अधिक जटिलताओं के साथ आरोही का जिला एनआरसी मेडिकल ऑफिसर डॉ वैष्णवी उप्पल एवं एनआरसी प्रभारी डॉ रश्मि प्रजापति की देखरेख में भर्ती कर उपचार प्रारंभ कर दिया।

चिकित्सकों की देखरेख में पाँच दिनों बाद ही आरोही के स्वास्थ्य में सुधार होने लगा। वह अब सोने लगी और उसे बुखार आना बन्द हो गया। उसका चिड़चिड़ापन भी कम हो गया। वह खाना भी खाने लगी साथ ही उसके पैरों की सूजन कम हो गई। नाक-कान-गला विशेषज्ञ डॉ रूमिता आचार्य ने आरोही की जांच की तो पता चला कि उसके पर्दे में छेद है। उपचार से उसके कान बहने की समस्या ठीक हो गई। बच्ची आरोही को आंखों के उपचार के लिये उसे नेत्र रोग विशेषज्ञ को भी दिखाया गया और उपचार के बाद अब अच्छे से नजर मिलाकर देखने लगी। उसका वजन भी बढ़ने लगा।

इक्कीसवें दिन छह सितंबर को जब बालिका आरोही को जिला चिकित्सालय की एनआरसी से पूर्ण स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया, उस समय उसका वजन 8.640 किलो तथा बांह की गोलाई 11.6 सेमी हो गई थी और वह कुपोषण स्तर ग्रेड-2 एसडी में आ गई। इसके लिए एनआरसी की समस्त टीम जिसमें फीडिंग डिमॉन्स्ट्रेटर अनिता साहू, नर्सिंग ऑफिसर प्रिया सेन, ए एन एम रेखा जाधव की भूमिका सराहनीय रही। आरोही के माता-पिता वैजन्ती और अर्जुन दाहिया अपनी बच्ची के स्वास्थ्य और यहां मिले उपचार को लेकर बेहद खुश थे। उन्होंने राज्य शासन द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए चलाई जा रही योजनाओं की तथा जिला चिकित्सालय जबलपुर की एनआरसी के चिकित्सकों एवं स्टॉफ की जमकर सराहना की।


## महिलाओं को 450 रुपये में सिलेंडर

मध्यप्रदेश की 1.31 करोड़ लाड़ली बहनों सीएम शिवराज सिंह चौहान ने एक और सौगात दी है। लाड़ली बहनों को 1250 रुपए प्रतिमाह देने के साथ ही शिवराज सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर 450 रुपये में देने का फैसला किया है। सीएम शिवराज सिंह चौहान के ऐलान के बाद अब आदेश जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 15 सितंबर को टीकमगढ़ से आवेदन की प्रक्रिया की शुरुआत भी कर दिया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जारी आदेश में नियम और प्रक्रिया भी विस्तार से बताई गई हैं। जारी आदेश में बताए गए नियमों में उन महिलाओं को फायदा होगा जो उज्जवला योजना से जुड़ी और साथ ही उन लाडली बहनों को भी सरकार की योजना का लाभ मिलेगा, जिनके नाम पर गैस सिलेंडर का कनेक्शन है। बता दें कि रक्षाबंधन पर लाडली बहनों को उपहार देते हुए सावन के महीने में 450 रुपये में सिलेंडर देने की घोषणा की गई थी, लेकिन बीते हफ्ते खरगोन में हुई जन आशीर्वाद यात्रा रैली में सीएम शिवराज सिंह चौहान ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि गरीब बहनों को केवल सावन में नहीं बल्कि हमेशा 450 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। लाडली बहना योजना के बाद लाडली बहनों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर रिफिल करने की सुविधा दी जा रही है।

### यह हैं नियम-शर्तें

- उज्जवला योजना के कनेक्शन धारी के साथ लाड़ली बहना योजना के हितग्राही को 450 में मिलेगा गैस सिलेंडर।
- गैस सिलेंडर रिफिल के लिए अनुदान राशि 1 सितंबर से मिलेगी।
- लाड़ली बहनें जिनके नाम पर गैस कनेक्शन हैं, उन्हें 450 में सिलेंडर रिफिल की सुविधा मिलेगी।
- ऑयल कंपनी से उपभोक्ता को निर्धारित फुटकर दर पर ही सिलेंडर रिफिल कराना होगा।
- पात्रता धारी उपभोक्ता को सरकार आधार लिंक बैंक खाते में राशि देगी।
- घरेलू एलपीजी रिफिल की फुटकर दर में बदलाव होने पर सब्सिडी में भी बदलाव होगा।
- योजना के लिए लाड़ली बहना पोर्टल पर महिलाओं का रजिस्ट्रेशन होगा।
- रजिस्ट्रेशन के लिए गैस कनेक्शन उपभोक्ता नंबर और एलपीजी कनेक्शन आईडी देना होगा।
- लाड़ली बहना योजना का रजिस्ट्रेशन आईडी भी देना होगा ।
- उज्जवला योजना के उपभोक्ता की सब्सिडी राशि सरकार ऑयल कंपनी के बैंक खाते में जमा करेगी।
- ऑयल कंपनी उपभोक्ता के आधार लिंक बैंक खाते में अनुदान राशि का भुगतान करेगी। पूरी योजना की मॉनिटरिंग प्रमुख सचिव खाद्य की ध्यक्षता में गठित समिति करेगी।

D-16309/23


G20 | मध्यप्रदेश शासन | आज़ादी का अमृत महोत्सव
विकास किया है
विकास करेंगे
लाड़ली बहनों को
बढ़ाकर ₹ 1250 की किश्त का
सिंगल क्लिक से वितरण
मुख्यमंत्री
शिवराज सिंह चौहान
द्वारा
मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023
बुरहानपुर, अपराह्न 12.30 बजे
तथा
ग्लोबल स्किल्स पार्क
जबलपुर, ग्वालियर, सागर एवं रीवा का
शिलान्यास
एवं
9 संभागीय आईटीआई
का लोकार्पण
व
मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना
प्रथम स्टायपेंड वितरण तथा
आईटी पॉलिसी का विमोचन
भोपाल, रात्रि 8:00 बजे
मेडिकल कॉलेज
बालाघाट, धार, मुरैना, भिंड एवं मंडला
तथा
विधि कॉलेज बालाघाट
का भूमिपूजन
बालाघाट, अपराह्न 3:30 बजे
4 अक्टूबर, 2023
संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल
मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना
• अक्टूबर से बहनों को मिलने लगे ₹ 1250
• बहनों के सम्मान में लागू इस योजना से बहनें बन रहीं सामाजिक, आर्थिक रूप से सशक्त, बच्चों को मिल रहा बेहतर स्वास्थ्य और पोषण, अब तक मिले ₹ 6808 करोड़
मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना
• युवाओं में कौशल विकास के साथ उन्हें रोज़गार से जोड़ने के लिए लागू इस योजना में 8 से 10 हजार रुपये तक स्टायपेंड
• 9 लाख से अधिक युवा पंजीकृत, 74 हजार से अधिक वैकेन्सी हुईं क्रिएट, 19 हजार से अधिक प्रतिष्ठान पंजीकृत।
मेडिकल कॉलेज
• मेडिकल कॉलेजों की संख्या वर्ष 2002-03 में 5 से बढ़कर वर्ष 2023 में हुई 30
• चिकित्सा शिक्षा को बढ़ाने के लिए मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में प्रारंभ
ग्लोबल स्किल्स पार्क
• युवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण उपलब्ध
• बढ़ रहे रोज़गार और आर्थिक समृद्धि के नए अवसर
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@JansamparkMP
JansamparkMP
D-11135/23